राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 हमें नहीं लगा कि यह 190 की पिच थी, शानदार जीत हासिल कर बोले ...

गाजा शहर पर नए हमले की तैयारी, वॉर जोन में नेतन्याहू सेना से बोले ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 156 | पटना, सोमवार , 16 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## शारदीय नवरात्रः मां दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा निम्न मंत्र के माध्यम से की जाती है-

**दधाना करपद्माभ्याम,**
**अक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि,**
**ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

अर्थात जिनके एक हाथ में अक्षमाला है और दूसरे हाथ में कमण्डल है, ऐसी उत्तम ब्रह्मचारिणीरूपा मां दुर्गा मुझ पर कृपा करें।

# मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र शुरू, या देवी सर्वभूतेषु के मंत्रोच्चारण से गुंजयमान हुआ शहर

प्रात : किरण

पटना। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया। शुभ मुहुर्त में विधि विधान से नवरात्र आराधना को लेकर कलश की स्थापना कर पूजा शुरू की गई। शारदीय नवरात्र को लेकर सुबह होते ही लोग पूजा की तैयारी में लग गये। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान भी किया। अहले सुबह से ही गंगा घाटों पर स्नान, गंगाजल और मिट्टी के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाजार में भी रौनक दिखा। फल-फूल एवं पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारी को लेकर भीड़ देखी गई। इस व्रत को करने वाले लोगों ने घर की साफ-सफाई पूरी करने के बाद पूरे विधि विधान के साथ कलश स्थापना की। इसके साथ ही मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो गया। मान्यता है कि मां भवानी नवरात्रि के नौ दिन पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करती हैं।

घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हो गया। अपने पहले स्वरूप में मां शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के पहले दिन भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष समाप्त

होते हैं। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना में पटना आसपास के इलाके के लोग सुबह से ही भक्ति में लीन रहे। मंदिरों तथा घरों में कलश स्थापना के साथ देवी दुर्गा की आराधना शुरू हो गई है। इस मौके पर बिहार में सभी देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस बार नवरात्रि पर्व बेहद खास है। देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है, जो काफी शुभ माना जाता है। आचार्य राकेश झा ने बताया कि आज से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन में वेदोक्त मंत्रोच्चार करते हुए कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। इसीलिए इसकी स्थापना शुभ मुहूर्त में करना फलदायी होगा। कलश पूजन से सुख- समृद्धि, धन, वैभव, ऐश्वर्य, शांति, पारिवारिक उन्नति तथा रोग-शोक का नाश होता है। जगत जननी की कृपा एवं सर्वसिद्धि की कामना से उपासक फलाहार या सात्विक अन्न ग्रहण करते हुए दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय के कुल 700 श्लोको का सविधि पाठ करेंगे। इन दस दिवसीय दुर्गा पूजा के अंतर्गत चार रवियोग, दो सिद्ध योग, एक त्रिपुष्कर योग, दो सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग, एक सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे है। इनके अलावे प्रीति योग, आयुष्मान योग, सौभाग्य योग, शोभन योग एवं सुकर्मा योग भी विद्यमान रहेगा। नवरात्र के बनने वाले शुभ योगों में नए कामों की शुरूआत करना श्रेष्ठ होगा।

**पीएम मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं:** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवरात्रि के मौके पर उनके द्वारा लिखा एक गरबा साझा किया और इस पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गरबा वीडियो का यूट्यूब लिंक साझा करते हुए लिखा, नवरात्रि के पावन अवसर पर, मुझे पिछले सप्ताह लिखा एक गरबा साझा करते हुए खुशी हो रही है। उत्सव की यह धुन सभी को सराबोर करें। मैं इस गरबा को आवाज और संगीत देने के लिए मीत ब्रदर्स, दिव्या कुमार को धन्यवाद देता हूं। गुजरात में खासतौर पर नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा नृत्य किया जाता है। लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शक्ति प्रदायिनी मां दुर्गा हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आएं। जय माता दी। नवरात्रि पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इसके बाद दशहरे का त्योहार आता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री अर्जुन मंडल के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री एवं जमुई के पूर्व विधायक अर्जुन मंडल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उन्होंने बिहार सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी का कुषलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री स्व अर्जुन मंडल के पुत्र सुबोध कुमार से दूरभाष पर बात कर उन्हें सांत्वना दी। पूर्व मंत्री स्व अर्जुन मंडल का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

### इजरायली सैनिकों की मौत का आंकड़ा 279 तक पहुंचा

तेल अवीव। फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष की शुरूआत के बाद से मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 279 तक पहुंच गई है। इस संघर्ष के दौरान अब तक 3500 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली मीडिया ने रविवार को इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी। हारेत्ज अखबार ने कहा कि गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की संख्या 126 तक पहुंच गई है। गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सोमवार को इजरायल ने 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति में कटौती की।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में उत्तरी पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार देर रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम छह आतंकवादी मारे गये तथा एक सैनिक की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों ने जिले के मीर अली इलाके में कल देर रात अभियान छेड़ा था। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गये जबकि आठ अन्य घायल हो गए। वहीं एक सैनिक की मौत हो गयी। बयान में कहा गया है कि मारे गये आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने हमास के भयावह और बर्बर हमलों की निंदा की

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल पर फलस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के भयावह और बर्बर हमलों की निंदा की और सुरक्षा बहाल करने के लिए इजराइल का सतत सहयोग करने का संकल्प किया। इजराइल और हमास के बीच युद्ध का एक सप्ताह बीत चुका है। प्रधानमंत्री कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट और सोशल मीडिया पर शनिवार को जारी एक बयान में सुनक ने देश में यहूदी समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएंगे। सुनक की ओर से यह बयान उस वक्त आया है जब फलस्तीन समर्थक हजारों प्रदर्शनकारियों ने इजराइल विरोधी नारे लगाते हुए लंदन की सड़कों पर मार्च किया। इस संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया, इजराइल में एक सप्ताह पहले जो क्रूरता और बर्बरता की गई।

**मुख्यमंत्री ने अनिसाबाद फुलवारी एम्स एलिवेटेड फोर लेन प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण**

# पटना शहर का आवागमन होगा बेहतर एम्स जाने में होगी सहूलियत : नीतीश

**सीएम ने दिसंबर तक डीपीआर तैयार करने का दिया निर्देश**

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनएच- 139 (पुराना एनएच-98) पर बननेवाले अनिसाबाद-फुलवारी-एम्स एलिवेटेड फोर लेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री अनिसाबाद गोलम्बर और एम्स गोलम्बर पर रूककर इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी देते हुये मुख्यमंत्री को बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 8.9 किलोमीटर है, जिसमें 7.9 किलोमीटर एलिवेटेड सड़क बनना है। इसमें अनिषाबाद की तरफ और एम्स की तरफ रैम्प की व्यवस्था होगी। इस पूरे प्रोजेक्ट में एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि दिसम्बर 2023 तक इस प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि इस एलिवेटेड सड़क के

निर्माण से फुलवारीशरीफ के लोगों को काफी राहत होगी और उन्हें जाम से मुक्ति मिलेगी। साथ ही लोगों को एम्स जाने में काफी सहूलियत होगी। पटना शहर का आवागमन इससे बेहतर होगा और पटना से बाहर जाने में भी लोगों को सहूलियत होगी। निरीक्षण के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत

प्रात : किरण एजेंसी

तिरुवन्नामलाई/ तमिलनाडु। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में रविवार को एक कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। चेंगम पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। उसने बताया कि शुरूआती जांच से पता चला कि कार सड़क की विपरीत दिशा में चली गई थी।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक बयान में सात लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का आदेश दिया है। उन्होंने हादसे में घायल महिला को भी एक लाख रुपये की सहायता राशि देने का आदेश दिया। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव और विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। चेंगम पुलिस ने शुरू में कहा था कि

दुर्घटना में आठ लोग मारे गए हैं। एक उपमंडलीय पुलिस अधिकारी ने बाद में कहा कि मरने वालों की संख्या सात है और घायल महिला का इलाज एक सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है।

**ट्रक और क्रूजर जीप की भिड़ंत में सात लोगों की गई जान**

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक ट्रक और क्रूजर जीप की भिड़ंत में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि रतनपुर सीमा के पास एक ट्रक ने आगे चल रही क्रूजर जीप को टक्कर मार दी, जिससे क्रूजर में सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। इनमें से गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को डूंगरपुर रैफर कर दिया गया है।

## पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कलाम अपने विन्रम व्यवहार और विशेष वैज्ञानिक प्रतिभा के कारण लोगों के प्रिय थे। भारत के अग्रणी वैज्ञानिकों में से एक कलाम ने सबसे ज्यादा बिकने वाली कुछ किताबें लिखी थीं और वह खासतौर पर युवा पीढ़ी के बीच काफी लोकप्रिय थे, क्योंकि वह देशभर में उनके साथ संवाद करते रहते थे। कलाम 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे और अपने आचरण एवं व्यवहार के कारण उन्हें हर राजनीतिक दल का सम्मान प्राप्त था। उन्हें लोगों का राष्ट्रपति कहा जाता था, क्योंकि सर्वोच्च पद की जिम्मेदारियों के बावजूद वह आम जनता, खासतौर पर छात्रों से मिलने का वक्त निकाल लेते थे और यह आदत उनका कार्यकाल खत्म होने के बाद भी बनी रही। कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में 1931 में हुआ था। 2015 में उनका निधन हो गया।

## जयशंकर ने वियतनाम में रवींद्रनाथ टैगोर की आवक्ष प्रतिमा का किया अनावरण

प्रात : किरण

हनोई/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक-कवि रवींद्रनाथ टैगोर की आवक्ष प्रतिमा का रविवार को बाक निन्ह शहर में अनावरण करते हुए कहा कि भारत और वियतनाम के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंध लगभग 2,000 साल पुराने हैं, जो बौद्ध धर्म की विरासत से जुड़े हैं। जयशंकर ने टैगोर की प्रतिमा स्थापित करने में मदद करने के लिए हनोई के पूर्व में स्थित बाक निन्ह प्रांत के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भारत और वियतनाम के ऐतिहासिक संबंध करीब दो हजार साल पुराने हैं, जो बौद्ध धर्म की विरासत से जुड़े हैं।

बाक निन्ह प्रांत भी इसी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। ऐतिहासिक अभिलेख इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारतीय बौद्ध भिक्षुओं ने वियतनाम में बौद्ध धर्म की शुरूआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उद्घाटन समारोह में कहा, आज एक असाधारण भारतीय व्यक्तित्व गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के सम्मान में एक और उल्लेखनीय स्मारक की स्थापना की गई है। टैगोर एक प्रसिद्ध चित्रकार, शिक्षक, मानवतावादी, संगीतकार और एक बहुत ही गहन विचारक थे। जयशंकर ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि टैगोर के कार्यों को पूरे वियतनाम में व्यापक रूप से पहचाना जाता है, पढ़ा जाता है और सराहा जाता है और उन्हें वियतनामी पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, यह जानकर वाकई खुशी हुई कि टैगोर की गीतांजलि का वियतनामी में अनुवाद किया गया और इसे 2001 में प्रकाशित किया गया। ऐतिहासिक रिकॉर्ड बताते हैं कि टैगोर ने 1929 में हो ची मिन्ह सिटी की तीन दिवसीय यात्रा की थी, जिसका वियतनाम पर एक स्थायी बौद्धिक और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव पड़ा। जयशंकर ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि वियतनाम ने 1982 में टैगोर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। उन्होंने कहा, वियतनाम में उनके (टैगोर के) प्रति दिखाए गए सम्मान और सराहना से हम सम्मानित महसूस करते हैं।

# चंद्रयान-3 को देखकर अमेरिकी विशेषज्ञ चाहते थे कि भारत उनसे प्रौद्योगिकी साझा करे: इसरो प्रमुख

प्रात : किरण

रामेश्वरम (तमिलनाडु)/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने रविवार को कहा कि अमेरिका में जटिल रॉकेट मिशन में शामिल विशेषज्ञों ने जब चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को विकसित करने की गतिविधियों को देखा तो भारत को सुझाव दिया कि वे उनसे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी साझा करें। उन्होंने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि वक्त बदल गया है और भारत बेहतरीन उपकरण और रॉकेट बनाने में सक्षम है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोला है। सोमनाथ रविवार को दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आजाद की 92वीं जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, हमारा देश बहुत शक्तिशाली राष्ट्र है। आप समझ गए? ज्ञान और बुद्धिमत्ता के स्तर के लिहाज से हमारा देश दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में से एक है। इसरो प्रमुख ने

कहा, चंद्रयान-3 मिशन के लिए जब हमने अंतरिक्ष यान को डिजाइन और विकसित किया, तो हमने जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला, नासा-जेपीएल के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया, जो सभी रॉकेट और सबसे कठिन मिशन पर काम करते हैं।

उन्होंने कहा, नासा-जेपीएल से लगभग पांच-छह लोग (इसरो मुख्यालय में) आए और हमने उन्हें चंद्रयान-3 के बारे में समझाया। यह सॉफ्ट लैंडिंग (23 अगस्त को) होने से पहले की बात है। हमने बताया कि हमने इसे कैसे डिजाइन किया और हमारे अभियंताओं ने इसे कैसे बनाया और हम चंद्रमा की सतह पर कैसे उतरेंगे, और उन्होंने बस इतना कहा, ह्यकोई टिप्पणी नहीं। सब कुछ अच्छा होने वाला है। जेपीएल एक अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला है जो नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा वित्त पोषित है और अमेरिका में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) द्वारा प्रबंधित है।

सोमनाथ ने कहा, उन्होंने (अमेरिकी अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने) एक बात कही, वैज्ञानिक उपकरणों को देखो, वे बहुत सस्ते हैं। इन्हें बनाना बहुत आसान है और ये उच्च तकनीक वाले हैं। आपने इसे कैसे बनाया? वे पूछ रहे थे, आप इसे अमेरिका को क्यों नहीं बेच देते?। उन्होंने कहा, तो आप (छात्र) समझ सकते हैं कि समय कितना बदल गया है। हम भारत में सर्वोत्तम उपकरण और सर्वोत्तम रॉकेट बनाने में सक्षम हैं। यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र को खोल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 23 अगस्त को चंद्रयान-3 के लैंडर ने चंद्रमा की सतह के दक्षिणी ध्रुव को सफलतापूर्वक छुआ, जिससे वह अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद चंद्रमा पर उतरने की उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया।

## इजरायल से 274 भारतीयों को लेकर चौथी फ्लाइट नई दिल्ली पहुंची

प्रात : किरण

नई दिल्ली। तनावग्रस्त इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए केंद्र सरकार के ऑपरेशन अजय के तहत आज सुबह चौथी फ्लाइट नई दिल्ली पहुंची। इस फ्लाइट से 274 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। इससे पहले शनिवार को इजरायल से 197 भारतीय नागरिकों का तीसरा दल विशेष उड़ान से रवाना हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों की सुविधा के लिए ऑपरेशन अजय के तहत विशेष उड़ानें 12 अक्टूबर से शुरू की हैं। फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के इजराइल के शहरों पर किए गए भीषण हवाई हमलों के बाद तनाव पैदा हो गया है। विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स हैंडल पर चौथी फ्लाइट के नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने की खुशखबरी साझा की है। इजरायल से पहली विशेष उड़ान गुरुवार को 212 लोगों को लेकर रवाना हुई थी। 235 भारतीय नागरिकों के दूसरे दल ने शुक्रवार देररात उड़ान भरी थी। यह सभी भारतीय नागरिक स्वदेश पहुंच चुके हैं। इजरायल में नर्स, छात्रों, आईटी पेशेवरों और हीरा व्यापारियों समेत करीब 18,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से हमास आतंकवादियों के इजरायल पर हुए अभूतपूर्व आक्रमण के बाद भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया गया है।

**वार्ता** | **लोस अध्यक्ष बोलें- शिष्टमंडलों की भागीदारी के मामले में अब तक का सबसे सफल रहा पी 20 शिखर सम्मेलन**

# संसद में दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर चर्चा नहीं हो सकती : बिरला

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि पी-20 शिखर सम्मेलन में 48 संसदीय निकायों के प्रमुखों ने माना है कि सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसदों की संप्रभुता होती है और उनमें दूसरे देशों के आंतरिक मामलों के बारे में चर्चा नहीं की जा सकती है। श्री बिरला ने रविवार कोां पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति आभार ज्ञापन के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर यह बात बतायी। उन्होंने कहा, हमारा स्पष्ट मत है और इसे सबने एक मत से माना है कि संसद सर्वोच्च विधायी संस्था होती है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों को लेकर कभी किसी अन्य देश की संसद में चर्चा नहीं हो सकती है। तुर्की की संसद के पीठासीन अधिकारी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मेहमान नेता द्वारा तुर्की में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को भारत की शह के आरोप के बारे में पूछे जाने पर श्री बिरला ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे कई बार स्पष्ट किया है। हम आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियां, आतंकवादियों को प्रश्रय दिये जाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसी गतिविधियों का भारत में कहीं कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद चाहे जाति के नाम पर हो या धर्म के नाम पर, भारत उसके किसी भी पक्ष या स्वरूप को कतई कोई समर्थन नहीं देता है। लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों का यह नौवां पी-20 शिखर सम्मेलन सबसे कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी 20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय एक

पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें था। पी 20 शिखर सम्मेलन में जी 20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी 20 शिखर सम्मेलन शिष्टमंडलों की भागीदारी के मामले में अब तक का सबसे सफल पी 20 शिखर सम्मेलन था। सम्मेलन में जी20 देशों के अलावा 10 अन्य देशों को आमंत्रित किया गया था। इनमें कनाड़ा को छोड़ शेष सभी सम्मिलित हुए। इस शिखर सम्मेलन में कुल 37 अध्यक्षों/उपाध्यक्षों और शिष्टमंडलों के नेताओं ने भाग लिया। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो नई दिल्ली पी 20 में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी हुई।

श्री बिरला ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को जी20 के सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद ने पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जी 20 और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के अलावा 48 संसद सदस्यों ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन में जी 20 और आमंत्रित देशों के कुल 436 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पी 20 शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित चार विषयों - एसडीजी में तेजी लाना, सतत ऊर्जा परावर्तन, लैंगिक समानता से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर तथा सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन पर चार सत्रों में सार्थक चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

पी 20 शिखर सम्मेलन से पहले 12 अक्तूबर 2023 को पर्यावरण के लिए जीवन शैली पर एक संसदीय मंच की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रकृति के साथ सद्भाव में एक हरित भविष्य की दिशा में पहल किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया था। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी 20 सम्मेलन अनेक मामला में सफल रहा। जी 20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त घोषणा पत्र पर भारत आम सहमति बनाने में सफल रहा था। अब पी20 में भी हम संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में कामयाब रहे। गत वर्ष इंडोनेशिया में संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति नहीं बन सकी थी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान सभी देशों ने आमजन के जीवन में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में डिजिटल प्लेटफार्म्स की भूमिका को स्वीकार किया और सभी देशों ने सहमति जताई कि इससे सर्विस डिलिवरी और नवाचार को सुगम बनाया जा सकता है। श्री बिरला ने कहा कि सम्मेलन में भारत की पहल पर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम होने पर चिंता व्यक्त की गई। इस संदर्भ में सितंबर 2023 में भारत की संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक 2023 को अंगीकार किए जाने का सभी देशों ने न सिर्फ स्वागत किया बल्कि उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा माले ने निकाला राजव्यापी विरोध मार्च

फतुहा। रविवार को भाकपा माले द्वारा प्रखंड कार्यालय महारानी चौक से गाजा में इजराइल द्वारा जनसंहार के खिलाफ एवं प्रेस की आजादी को लेकर के विरोध मार्च निकाला गया। यह विरोध मार्च प्रखंड कार्यालय से महारानी चौक होते हुए फतुहा चौराहा तक गया जहां नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने कहा कि देश में जब से मोदी और शाह की सरकार चल रही है लगातार प्रेस मीडिया, प्रिंट मीडिया के अधिकारों पर रोक, आजादी पर रोक लगाकर मीडियाकर्मी के घरों व दफ्तरों पर लगातार छापा मार रही है। इसको लेकर भाकपा माले राज्य व्यापी आंदोलन चला रही है। सरकार लोकतंत्र के चौथे खंभे पर आजादी पर प्रतिबंध लगा रही है। गिरफ्तार मीडियाकर्मियों को तत्काल रिहा किया जाए और घिनौना हरकत पर रोक लगाया जाए। देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इस प्रतिरोध दिवस में भाकपा माले के जिला कमेटी के सदस्य मुन्ना पंडित, पंकज यादव, रामप्रवेश दास, सुदामा मोची, देवलाल दास, रविंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, सोना देवी, सुशीला देवी, सीता रविदास, दीना साव सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

### सड़क हादसे में एक युवक जख्मी

फतुहा। बीते शनिवार को देर रात महारानी चौक से दक्षिण एनएच 30 ए पर सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। युवक का सिर, कंधा व बांह में गंभीर चोट आयी है। हालांकि साथ में रहे परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। लेकिन रक्तस्राव अधिक हो जाने के कारण चिकित्सक बिना समय गवाए तुरंत पटना के लिए रेफर कर दिया। युवक नालंदा जिले करायपरशुराय थाना क्षेत्र के जोलबिगहा निवासी कुंदन कुमार है। बताया जाता है कि वह अपने दादा के निधन के बाद दाह संस्कार के लिए फतुहा श्मशानघाट आया था। दाह-संस्कार के बाद वह अपने परिजनों के साथ ऑटो पर सवार होकर अपने गांव की ओर लौट रहा था तभी महारानी चौक से दक्षिण एनएच 30 ए पर दूसरी ऑटो से जबरदस्त टक्कर हो गयी और वह ऑटो से फेंका गया। इस घटना में वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया। सूचना के मुताबिक देर रात तक पटना के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज जारी था।

### राजकुमार महासचिव मनोनीत

पटना सिटी (प्राकि)। जदयू महानगर की बैठक अध्यक्ष मो आसिफ कमाल की अध्यक्षता में पहाड़ी पर हुई। इसमें संगठन का विस्तार करते हुए महानगर अध्यक्ष ने राजकुमार सिंघानिया को महासचिव मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर जदयू नेताओं ने खुशी जताई। उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, रामप्रवेश सिंह अभय कुमार यादव, सुरेंद्र, अनुज मंडल, प्रदीप महता, सोहन मंडल, कृष्ण प्रसाद पंडित, मनोज कुशवाहा, राजवंती देवी, सूरज कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

### साईं पाठ व भजन संध्या आयोजित

पटना सिटी (प्राकि)। हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस में साईं समाधि महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें साईं पाठ सह साईंभजन संध्या का आयोजन किया गया। संयोजक अनंत अरोड़ा ने बताया कि साईं पाठ श्री त्रिभुवन साईं ने किया। एक सौ इक्यावन महिलाओं सामूहिक रूप से साईं पाठ किया। ओम श्री साईं के जयकारा से दरबार गुंजता रहा। भजन गायक ने साईं भजन में श्रोताओं को साईं रस में डुबाया, जय साईं ओम साईं से झूमा दरबार। इसमें मेयर सीता साहू ने उपस्थिति दर्ज कराई और साईं पाठ किया। कार्यक्रम में रुचि अरोड़ा, अश्वनी खत्री, राशि खत्री, प्रियंका, चंद्र प्रकाश तारा, राजू केसरी, प्रवीण चौधरी, सुजाता सिंह, रुपाली शिवम, सुषमा सिंह, अनिता केसरी, रिंकी सोनी, राहुल, आसिफ कमाल, राजीव सिन्हा, मनीष जायसवाल, गौरव जायसवाल आदि भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

### गले में फंदा डालकर एक युवक ने की आत्महत्या

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौप दिया। इस संबंध में मृतक के पत्नी के ब्यान पर मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है। बिहटा थाना क्षेत्र के मुल निवासी सूर्यदयाल चौधरी का पुत्र संजय कुमार का उम्र 34 वर्ष परिवार के साथ दानापुर के गोलापर रामजानकी मंदिर के निकट रहता था। बताया जाता है कि संजय कुमार एक गाड़ी किस्त पर लिया था। जो किस्त चुका नही पा रहा था। साथ कई लोगो से भी कर्ज ले रखा था। जिससे वो परेशान था। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि गले में फंदा डाल संजय ने आत्म हत्या कर ली। मृतक की पत्नी के ब्यान पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौप दिया गया।

# मंदिर, पूजा पंडाल व घरों में हुआ कलश स्थापन

## बड़ी पटनदेवी मंदिर में दर्शन पूजन को लंबी लाइन, दीपदान की होड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिरों पूजा पंडालून से लेकर घरों में कलश स्थापना किया गया वैदिक मेट्रो कर के साथ ही प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवती लक्ष्मी के साथ नवग्रह लोकपाल क्षेत्रपाल आदि की पूजा की गई वहीं भगवती के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आराधना की गई। सोमवार को कलश स्थापन के साथ नवरात्र शुरू हो गया। शक्तिपीठ श्री बड़ी पाटन देवी में ब्रह्म मुहूर्त में ही भगवती महाकाली महालक्ष्मी एवं महा सरस्वती की प्रतिमा को स्नान कर उन्हें नए वस्त्र प्रदान किया गया इसके बाद श्रृंगार कर मूल स्थान पर लाकर विराजित किया गया। यहां महंत विजय शंकर गिरी एवं विकास गिरी के द्वारा भगवती की विधिवत पूजा अर्चना की गई इस दौरान पौराणिक वाद्य यंत्र तबला और शहनाई के बीच भगवती की पूजा हुई। श्री छोटी पटनदेवी

मैं आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी एवं विवेक द्विवेदी की देखरेख में भगवती की पूजा अर्चना की गई। अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील पुजारी व जयप्रकाश पुजारी ने बताया कि कलश स्थापन का अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया गया। गड़हापर पटनदेवी मंदिर, सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, खाजेकलां पानीटंकी प्राचीन काली मंदिर में पुजारी मुन्ना बाबा व दीरापर काली मंदिर में पुजारी शशिकांत मिश्र, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में पंडित राजेश मिश्रा, कुम्हरार स्थित पंचित बैठका श्री बड़ी देवी जी के साथ अन्य देवी मंदिरों, बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज में भी कलश स्थापन की गई। गोसाईं घाट पूजा स्थल पर महिलाओं की ओर से कलश स्थापन का अनुष्ठान किया गया।

**तख्त साहिब में चंडी पाठः** दूसरी ओर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में चंडी पाठ शुरू हुआ। कार्यकारी जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ शुरू हुआ। यह नवमी तक चलेगा। इस दौरान गुरु महाराज के शस्त्रों का दर्शन भी अष्टमी से किया जा सकेगा। यहां पाठ के दौरान ईख व नारियल चढ़ाया जाता है। पाठ समाप्ति के बाद संगतों में वितरित किया जाता है। पाठ केबाद आरती भी होता है।

## महाराज अग्रेसन की जयंती पर पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। अग्रसेन भवन सेवा ट्रस्ट की ओर से नई सड़क चौक स्थित अग्रसेन भवन में महाधिराज अग्रसेन जी महाराज की जयंती मनाई गई।

पूजा अर्चना पंडित श्याम सुंदर शर्मा की देखरेख में यजमान बने ईश्वर लाल अग्रवाल और नारायण साह ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल और सचिव विष्णु झुनझुनवाला ने किया। संचालन मनोज झुनझुनवाला एवं धन्यवाद ज्ञापन ललित अग्रवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत संयुक्त सचिव आदर्श अग्रवाल, हरीश हरलालका और चंदन अग्रवाल ने किया। समारोह में डॉ शाह अद्वैत कृष्ण, ईश्वर प्रसाद गोयनका, डॉ टीपी गोलवारा, शिव प्रसाद मोदी आदि ने अग्रसेन महाराज के जीवन पर विचार रखा। आयोजन में बनवारी लाल रुंगटा, पवन झुनझुनवाला, अरुण मोदी, प्रभु दयाल हरलालका, रितेश कमलिया, श्रवण सुल्तानिया, राजेश कानोडिया, रविंद्र कसेरा, रवि ड्रोलिया, दिलीप बूबना आदि मौजूद थे।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने राज्यपाल से मिल गतिविधियों की दी जानकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पटना सिटी शाखा का शिष्टमंडल राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिला। प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिष्टाचार भेंट कर नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामना देकर उन्हें विगत महीनों में पटना सिटी शाखा द्वारा किए गतिविधियों जिसमे दो व्यक्तियों का नेत्रदान कराना, सौ से अधिक लोगों का नेत्रदान और अंगदान का संकल्प पत्र भरा कर शपथ दिलाया गया। पटना सिटी के पांच स्कूलों में जूनियर रेडक्रास का गठन किया गया एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ श्रवण कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

दो स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 78 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इंटरस्टेट जूनियर रेडक्रॉस स्वीमिंग प्रतियोगता का आयोजन गोल्फ क्लब में किया गया। इसमें राज्य के सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। शिष्टमंडल में श्री कानोडिया के अलावा आरक्षी उप महानिरीक्षक (नागरिक सुरक्षा) श्रीमती अनुसूइया राणा सिंह साहू और अधिवक्ता रंजीत कुमार बिमल शामिल थे। इस दौरान माननीय को शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी मंदिर का प्रसाद दिया और चुनरी ओढ़ाया गया।

## कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजा का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शारदीय नवरात्रि पर्व रविवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया। माता के प्रथम स्वरूप मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की गयी। जय माता दी से वातावरण गुंजायमान हो उठा। ज्योतिषाचार्य पंकज बाबा ने बताया कि हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। मां दुर्गा की उपासना का पर्व साल में चार बार आता है। जिसमें दो गुप्त नवरात्रि और दो चैत्र व शारदीय नवरात्रि होती है। शारदीय नवरात्रि अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है। इस वर्ष नवरात्रि की शुरूआत रविवार

से हुई, 23 अक्टूबर को नवरात्रि समाप्त होगी। वहीं 24 अक्टूबर विजयादशमी या दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। शहर में मुख्य रूप से श्री श्री बड़ी देवी जी गंजपर, श्री श्री महाकाली पूजा सम्मसपुर, गोविंदपुर, महारानी चौक, रायपुरा, मकसूदपुर में नवरात्र पूजा के प्रथम दिन पूरे विधि-विधान से कलश स्थापना किया गया।

## खगौल थाना में बैडमिंटन कोर्ट का किया गया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल थाना के परिसर में रविवार को बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडलाधिकारी प्रदीप सिंह एवं एएसपी अभिनव धीवन ने भी बैडमिंटन खेलकर कोर्ट का शुभारंभ किया। पदाधिकारियो ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। प्रत्येक थाना में ऐसा कोट बनना चाहिए। ताकि थाना में कार्यरत लोग भी इसका लाभ उठा सके। इस मौके पर खगौल थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, मनोज कुमार भारद्वाज, अनिरुद्ध कुमार शर्मा, प्रतिमा कुमारी, दुर्गा श्री सिन्हा, बैडमिंटन खिलाड़ी रितेश कुमार उर्फ बिट्टू, चंदू प्रिंस दिपेश कुमार शर्मा, रोशन कुमार, ऋषिकेश सुलभ आदि उपस्थित थे।

# पश्चिम दरवाजा से मालसलामी के बीच नहीं चलता अतिक्रमण, लोग बेहाल

## पटना सिटी व्यापार मंडल प्रशासन से लगा चुका है गुहार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रमंडलीय आयुक्त महोदय, अशोक राजपथ के पश्चिम दरवाजा से मालसलामी के बीच भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलवाइए। खुद निजी गाड़ी से इस दूरी में बिना पुलिस एस्कॉर्ट के आप आ जाएं। स्थिति देखकर दंग रह जाएंगे और खुद से इस दूरी में अभियान चलाने का काम कराएंगे। दरअसल पटना सिटी व्यापार मंडल के पदाधिकारी का शिष्टमंडल भी सिटी एसडीओ गुंजन सिंह से मिलकर अशोक राजपथ पर रहे अतिक्रमण और यातायात जाम की दुःस्थिति से अवगत कराया था। साथ ही पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल और पटना सिटी अंचल के द्वारा अभियान चलाए जाने की बात कही थी। मगर अब तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है।

अजीमाबाद आंचल का कार्य क्षेत्र वार्ड 65 के घघा गली मोड़ तक आता है। इसके बाद पटना सिटी अंचल का वार्ड 66 से एरिया शुरू होता है, जो वार्ड 72 तक जाता है। स्थिति यह है कि पश्चिम दरवाजा से लेकर चमडोरिया मोड़ के बीच और हाजीगंज मोड़ से लेकर मालसलामी थाना के थोड़ा आगे तक वाहन सरकता है। लोग पैदल चल नहीं पाते हैं। इसका मुख्य कारण जिनकी दुकान रोड के किनारे है, वह भी अपनी दुकान का सामान फुटपाथ की कौन कहे, रोड पर लगाते हैं। सुबह 10 से लेकर रात 11 बजे तक सड़क पर ठेला और वाहन लगा कर माल की लोडिंग-अनलोडिंग की जाती है। जहां दुकानदार यदि फुटपाथ का अतिक्रमण नहीं किया है, तो वहां फुटपाथी दुकानदारों ने उसे अपने कब्जे

में कर रखा है। वहीं भाड़ा के इंतजार में ठेला और पिकअप वाहन की पार्किंग बेतरतीब ढंग से किया जाता है, जिस कारण से लंबा जाम लगता है। स्कूली बच्चों का वाहन भी इस जाम में फंसा रहता है। नतीजतन निर्धारित समय से छात्र अपने घर एक से दो घंटे तक देर से लौटते हैं। जाम का दूसरा बड़ा कारण यह है कि अशोक राजपथ के दोनों ओर लगातार व्यावसायिक मार्केट या कांपलेक्स बनता जा रहा है। छोटे मॉल अस्तित्व में आ रहा है, मगर वाहन पार्किंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में दुकानदारों से लेकर खरीदारों तक के वाहन रोड पर ही लगाया जाता है। इससे जाम की स्थिति और भयावह हो जाती है। कहने को तो पटना सिटी के पश्चिम दरवाजा, शहीद भगत सिंह चौक और पूरब दरवाजा के पास यातायात पुलिस के जवान की तैनाती है, मगर उन लोगों के द्वारा यातायात को व्यवस्थित करना चुनौती बन जाता है। करण कि अकेले या दो जवान के बूते यातायात को नियंत्रित करना संभव नहीं है।शहीद भगत सिंह चौक मोड़ पर ही ऑटो और ई-रिक्शा की पार्किंग होती है, मगर इस आगे बढ़ा कर नहीं लगाया जाता है। जैसे ही चौक थाना की गश्ती गाड़ी आती है और एक सिपाही भी डंडा पटकता है, तो ई-रिक्शा और ऑटो चालक तुरंत गाड़ी स्टार्ट कर भागने लगते हैं, मगर यातायात के जवान की एक नहीं चल पाती है। यहीं पर ट्रैफिक सिग्नल भी लगा है, मगर वह केवल हाथी का दांत साबित हो रहा है। पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज अगमकुआं के एनएमसीएच रोड, अंबेडकर गोलंबर, गायघाट के आसपास ही सिमट कर रह जाता है। खुद अजीमाबाद अंचल कार्यालय के बाहर में ही तीन तरफ से अतिक्रमण है, जिसे पिछले माह हटाया गया था। मगर वह फिर से आबाद हो चुका है। मगर अजीमाबाद अंचल के अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम पश्चिम दरवाजा से लेकर मच्छरहट्टा के घघा गली मोड़ तक अभियान अब तक नहीं चला पाई है। इसी तरह से पटना सिटी अंचल के द्वारा पटना साहिब स्टेशन से लेकर गुरु गोविंद पथ के शहीद भगत सिंह चौक और मारूफगंज, मोर्चा रोड, स्टेशन रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। फिर इसके बाद दोबारा टीम नहीं दिखती है। पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष असगर अली, सचिव प्रकाश कोठारी, शारदानंद प्रसाद, कन्हाई पटेल, उदय राय, विचित्रमणि आदि ने एसडीओ गुंजन सिंह से मिलकर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा था। हालांकि तब एसडीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, मगर अब तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है। मंडल के द्वारा स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि अशोक राजपथ पर बेतरतीब ढंग से लगे ठेला, मोटरसाइकिल एवं व्यावसायिक वाहनों पर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाने, फुटपाथ को अतिक्रमणमुक्त करने, यातायात मित्र का गठन करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, हर मोड़ और चौराहे पर यातायात पुलिस की प्रतिनियुक्ति, मंडियों में पुलिस गश्त किए जाने आदि बात कही गई थी। यह भी कहा गया कि खाजेकलां से लेकर चौक के बीच मनिहारी, प्लास्टिक, होजियरी, सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य सामान की थोक मंडी है। यहां जाम की स्थिति गंभीर होने के कारण अब बाहर से व्यापारी यहां खरीदारी करने को नहीं आते हैं। यह थोक मंडी अब पटना और आसपास के व्यापारियों तक ही सिमट कर रह गया है।

## दस माह से लापता युवक का पता नहीं, परिजन बेहाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना क्षेत्र के गुड़ की मंडी का रहने वाला युवक 21 नवंबर, 22 से लापता है। इस संबंध में लापता सूरज कुमार (उम्र करीब 22 वर्ष है) के पिता विनोद प्रसाद ने बताया कि 21 नवंबर, 22 को अपराह्न करीब तीन-चार बजे उनका बेटा ई-रिक्शा व टेंपो चलाता है, लापता हो गया। उसे परिवार के साथ ही संभावित ठिकानों पर खोजबीन किया, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में आलमगंज थाना में 24 नवंबर, 22 को कांड संख्या 925 दर्ज कराया गया है। मगर अभी तक वह नहीं मिल पाया है। परिजनों का कहना है कि ई-रिक्शा का मालिक पर ही उसे शक है कि उसके बेटे को लापता कर दिया गया है। आलमगंज थाना से लेकर एसपी और मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक गुहार लगा चुके परिजन अब निराश हो चुके हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले में काम किया जा रहा है। कोताही नहीं बरती जा रही है।

# सीने में दर्द को सामान्य दर्द नहीं समझें, हो सकता है हार्ट अटैक : डॉ हिमांशु

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। हार्ट अटैक की समस्या दिनों दिन लगातार बढ़ती जा रही है। अब ज्यादा उम्र के लोगों की तुलना में कम उम्र के लोगों को हार्ट अटैक की समस्या ज्यादा पीड़ित कर रही है। लेकिन इसके बाद भी आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि दस में से केवल एक पीड़ित ही समय पर अस्पताल पहुंच पाता है। छपरा शहर के नगरपालिका चौक स्थित धड़कन क्लिनिक के संचालक व आईजीआईसी पटना के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु कुमार ने बताया कि ज्यादातर लोग हार्ट अटैक के लक्षणों को पहचान ही नहीं पाते, वे उन्हें सामान्य सीने में दर्द की समस्या समझ लेते हैं, जिसके कारण इलाज मिलने में देरी हो जाती है और इनमें से अनेक लोगों की मौत हो जाती है।

**सीने में दर्द को सामान्य दर्द नहीं समझें:** डॉ हिमांशु ने बताया कि दरअसल, हार्ट अटैक के मामलों में भी कुछ ऐसे लक्षण शामिल होते हैं, जो कुछ बेहद सामान्य परिस्थितियों में भी दिखाई पड़ते हैं। यही कारण है कि लोगों को समझने में गलती हो जाती है। जैसे चक्कर आना हार्ट अटैक के आने का एक महत्त्वपूर्ण पूर्व संकेत होता है, लेकिन कई बार कमजोरी होने, या समय पर खाना न खाने, या शुगर के कम-ज्यादा होने से भी होता है। ऐसे में लोगों को गलतफहमी हो जाती है कि उन्हें चक्कर आने का सही कारण क्या है।

**समय पर अस्पताल पहुंचने पर बच सकती है जान :** डॉ हिमांशु ने बताया कि सीने में जलन होना हृदय रोगों के सबसे गंभीर लक्षणों में से एक होता है। लेकिन लोग इसे सामान्य परेशानी समझ लेते हैं जिससे कई बार इलाज पाने में देरी हो जाती है और व्यक्ति की जान चली जाती है। लेकिन यदि ऐसे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके, तो इनकी जान बचाई जा सकती है।

**युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारणः** दुनियाभर में पुरुषों में हार्ट अटैक की परेशानी होने की औसत उम्र 64.5 वर्ष है, जबकि महिलाओं के लिए यह आयु 70.3 वर्ष है। लेकिन देखने में यह आ रहा है कि अब 20 साल से 50 साल की आयु के लोगों में भी हार्ट अटैक की समस्या खूब बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण तनाव, अस्वास्थ्यप्रद खान पान और अनियमित जीवनशैली हो सकती है।

## राष्ट्रपति के आगमन पर विशेष शाखा के अधिकारियों ने लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 अक्टूबर को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आ रही हैं। इसे लेकर रविवार को विशेष शाखा के एडीजी सुनील कुमार, आईजी सुनील कुमार के साथ आरक्षी उपाधीक्षक तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे।

यहां पर अधिकारियों ने तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह आदि के साथ बैठक की। राष्ट्रपति के आगमन के बाद स्वागत, वे कहां बैठेंगी, दरबार साहिब और लंगर हॉल आदि के बारे में जानकारी ली।

साथ ही उन स्थलों का निरीक्षण भी किया, जहां-जहां राष्ट्रपति जाएंगी। सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े हर बिंदु पर प्रबंधक कमेटी के पदधारकों से विमर्श किया गया। महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि तख्त साहिब की मयार्दा के अनुकूल महामहिम का अभिनंदन तख्तश्री पटना साहिब में होगा।

# प्राईमरी एजुकेशन मजबूती को ले नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प : मुख्य अतिथि

## संस्थान में टॉप 20 आने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। प्राईमरी एजुकेशन को मजबूती की दिशा में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प साबित होगा, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सरकार ने इसे 2022 में इसे लागू किया है। ये बातें परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के मकेर प्रखंड अध्यक्ष निजाम अहमद ने रविवार को मकेर प्रखंड के सुल्तानगंज में सारण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग द्वारा आयोजित सर्टिफिकेट वितरण सह सम्मान समारोह में कही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को संस्थान के निदेशक फिरोज आलम द्वारा उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निजाम मोहम्मद ने कहा कि बीएड और डीएलएड जैसे भारी - भरकम खर्च की अपेक्षा कम खर्चे में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प है। इस कोर्स में टीचर बनने के इच्छुक खासकर महिलाओं के लिए आने वाले समय में बेहतर साबित होगा। इस कोर्स में ट्रेंड महिलाओं एवं पुरुषों को सरकार द्वारा तालीम मार्केट की बहाली में वेटेज भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से बड़े पैमाने पर नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के तहत बाल वाटिका टीचर के रूप में बहाली करने की योजना है। इस अवसर पर टॉप 20 आने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट के साथ-साथ मेडल, प्रतीक चिन्ह व डायरी देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों छात्रों में फैजान हसन रजा, नेहा, रितु कुमारी, बिंदु कुमारी,शाइस्ता आफरीन, निशा कुमारी, शमा नरगिस, इफत मेहंदी,तरन्नुम खातून, गुड़िया कुमारी, जुली कुमारी, नरगिस परवीन,पूजा कुमारी,श्वेता कुमारी,अली अख्तर अंसारी, अनुप्रिया, तलत आरा,तनु कुमारी, शोभा कुमारी, शमा परवीन, जरीना खातून, रागिनी कुमारी, हेना परवीन,मो.समीरूल हक, सुहानी कुमारी, निशा कुमारी राय, तरन्नुम परवीन,अरिफा बानो, राहुल कुमार दास एवं अनुराधा रानी आदि का नाम शामिल है। सम्मान समारोह में गणमान्य व्यक्तियों को भी अंग वस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निजाम अहमद, अवकाश प्राप्त उच्च विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र ठाकुर, शिक्षा विभाग से जुड़े चंद्रमा राम, नजीर हुसैन, संजय कुमार, इफ्तिखार अहमद उर्फ बीरू, मो.अयूब, भूतपूर्व मुखिया फैजुल्ला अंसारी एवं अरमान अली, शंभू प्रसाद तथा तारिक अनवर बबलू आदि प्रमुख है। अध्यक्षता राजेंद्र ठाकुर ने किया। मंच का संचालन मो. अयूब तथा धन्यवाद ज्ञापन मो. साबिर ने किया।

## महानगर युवा जेडीयू के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी मनोनीत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। वार्ड 65 के रहने वाले धर्मेन्द्र पटेल को पटना महानगर युवा जदयू का प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं वार्ड 54 के रहने वाले राहुल कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। धर्मेंद्र के प्रवक्ता और राहुल के मीडिया प्रभारी मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष युवा नीतीश पटेल, प्रदेश सचिव अंजनी कुमार पटेल एवं महानगर अध्यक्ष ई अभिषेक सिंह के प्रति आभार जताया है। प्रवक्ता धर्मेन्द्र पटेल के नियुक्त होनेललं से पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया। खुशी जताने वालों में पप्पू पटेल, अजय यादव, टिंकू चंद्रवंशी, मुकेश ठाकुर, मनोज शर्मा, आफताब गुड्डू, सोनू पटेल, नीरज विश्वकर्मा, राजकुमार नोनिया आदि हैं।

# हरदिया में पानी से खेती बर्बाद पर मछली कारोबार हुआ आबाद

दरियापुर।"कहते है जहां चाह वहां राह निकल ही आते है",उक्त कहावत को सारण के चर्चित हरदिया चंवर में बसे दरियापुर, दिघवारा तथा सोनपुर प्रखण्ड के लोगो ने पूरी तरह साबित कर दिखाया है।जिस पानी ने इनके खेती को बर्बाद किया उसी पानी के जरिए मछली का कारोबार कर ऐसा नया रास्ता बनाया की टूटे सपनो के पंख लग गए।चंवर से निकली मछली सूखने के बाद बोरे में भरकर दूसरे प्रदेशों में चली जा रही है।इस प्रकार रोजाना कई टन मछलियों की खपत हो रही। है।करीब 15 हजार एकड़ में फैले चंवर में जल जमाव से दशकों से किसान त्रस्त थे।कई बार आंदोलन भी चलाया गया।इसके बावजूद इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।जिससे किसानों के सामने आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती थी।साल भर में जल जमाव के कारण रबी तथा खरीफ कोई खेती नही हो पाती थीं।ऐसे में उन लोगो ने एक नई तरकीब निकालकर जल जमाव के अभिशाप को वरदान के रूप में बदल दिया।मछली का कारोबार धीरे धीरे रफ्तार पकड़ लिया।करीब एक सौ ऐसे पेशेवर लोग है जो मछलियां पकड़ते है।फिर जो छोटी मछलियां स्थानीय स्तर पर नही बिकती है उसे नजदीक के सड़को पर सुखाया जाता है।पहले ऐसी मछलियों को पुनः पानी में छोड़ दिया जाता है।परंतु अब उसे अन्य प्रदेशों में बेचा जा रहा है।जिससे काफी कमाई हो रही है।आजकल सोनपुर - परसौना,दरियापुर-दरिहरा पथ तथा नयागांव फोरलेन पर ऐसे लोग मछली सुखाते नजर आ जाएंगे।हालांकि इस बार चंवर में पानी कम आने के कारण मछली कारोबार मंदा रहा है।परंतु इसका लाभ यह होगा की रबी की खेती भी हो सकेगी।

सुखी मछलियों के कारोबार से जुड़े मोहन सहनी,रामनाथ सहनी,मुकेश सहनी आदि ने बताया की इस बार गंडक तथा गंगा का पानी चंवर में कम आने से व्यवसाय मंदा रहा है।इसके बावजूद प्रत्येक सप्ताह बंगाल तथा असम पिकअप या ट्रक से माल भेजा जाता है।वही कुछ स्थानीय व्यापारी भी खरीद कर मांग के अनुसार अलग अलग जगहों पर आपूर्ति करते है।

# नीतीश फॉमूर्ले को अपना कर ही हो सकता है गरीबों का उद्धार: राजीव

## बोलें- आर्थिक असमानता के बेहद खतरनाक दौर से गुजर रहा देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि विख्यात अमेरिकी मार्केटिंग एनालिसिस फर्म मर्सेलस इंवेस्टमेंट मैनेजर्स की हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि देश आज आर्थिक असमानता के बेहद खतरनाक दौर से गुजर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश की 80 प्रतिशत दौलत पर सिर्फ 2 लाख परिवारों का कब्जा है, वहीं बाकी 139.98 करोड़ लोगों को 20 प्रतिशत में गुजारा करना पड़ रहा है। ऐसे में गरीबों की पहचान कर उनके लिए प्रभावी नीतियों का निर्माण करना बेहद जरूरी हो जाता है। इसका एकमात्र उपाय जातिगत गणना है। उन्होंने कहा कि जाति भारतीय समाज की सच्चाई है। कुछ जातियां शुरूआत से ही सशक्त रही हैं, लेकिन कई जातियां अभी भी विकास की बाट जोह रही है। जातिगत गणना से सभी जातियों की आर्थिक और समाजिक समीक्षा कर के ही समाज के संपन्न वर्गों और कमजोर तबकों की पहचान की जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए जदयू महासचिव ने कहा कि बिहार से पहले कुछ राज्यों ने जातिगत गणना करवाने का प्रयास जरुर किया था, लेकिन सफलता सिर्फ बिहार को मिली।

इसका सीधा श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को जाता है। भाजपा के लगातार अड़ंगे लगाने के बावजूद बेहद कम समय में इसे करवा कर उन्होंने साबित कर दिया है कि उनके नेतृत्व में बिहार के लिए कुछ भी नामुमकिन नहीं है। इससे पूरा देश जान चुका है कि नीतीश फॉमूर्ले को अपना कर ही गरीबों का उद्धार किया जा सकता है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में भाजपा का रवैया मुंह में राम, बगल में छूरीह्न की कहावत सरीखा रहा है। अभी भी इनके नेता ऊपरी मन से इनके इसके समर्थन में बयान दे रहे हैं लेकिन अंदरूनी तौर पर इसे रोकने के लिए इन्होने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। भाजपा के नेताओं को हमारी चुनौती है कि यदि वह जातिगत गणना के समर्थन में हैं तो इसे पूरे देश में करवाने का ऐलान करें।

# दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल में गाजा को कर दिया गया है तब्दील : दीपंकर

- गाजा में जारी इजरायली जनसंहार और मीडिया पर हमले के खिलाफ नागरिक प्रतिवाद
- भाकपा-माले, सीपीआई और सीपीआई (एम) के आह्वान पर हुआ नागरिक प्रतिवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गाजा में इजरायल द्वारा बच्चों-महिलाओं और बेगुनाहों के बर्बर जनसंहार और भारत में मीडिया/पत्रकारों पर मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे हमले के खिलाफ रविवार को पटना में भाकपा-माले, सीपीआई और सीपीआई (एम) के संयुक्त बैनर से बुद्ध स्मृति पार्क पर नागरिक प्रतिवाद सभा का आयोजन हुआ। गाजा में इजरायली जनसंहार पर रोक लगाओ, फिलिस्तीनियों के होमलैंड के अधिकार के साथ खड़े हो, भारत में इस नाम पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाना बंद करो, इजरायली जनसंहार पर मोदी सरकार चुप क्यों, प्रेस/मीडिया की आवाज दबाना बंद करो आदि तख्तियों के साथ सैकड़ो लोग नागरिक प्रतिवाद में शामिल हुए। कार्यक्रम को मुख्य रूप से भाकपा-माले के महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मंडल के सदस्य अरूण मिश्र, सर्वोदय शर्मा, सीपीआई के गजनफर नबाव, ऐपवा की मीना तिवारी, शशि यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अफजल हुसैन आदि ने संबोधित किया। तीन सदस्यों की टीम ने कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें भाकपा-माले के पटना महानगर सचिव अभ्युदय, सीपीआई के जिला सचिव विश्वजीत कुमार तथा सीपीआई (एम) के जिला सचिव मनोज चंद्रवंशी शामिल थे। माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज गाजा को दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल में तब्दील कर दिया गया है। बच्चे-बुजुर्ग-महिलाओं पर लगातार बम गिराए जा रहे हैं। न गाजा में पानी है न बिजली है न दवाई। इस तरह की नाकेबंदी का मतलब है - एक बहुत बड़ा जनसंहार। जो होलोकास्ट यहूदियों और अन्य लोगों को हिटलर के समय झेलना पड़ा था, आज सरकार वही हाल और फिलिस्तीन का है। इजरायल फिलिस्तीन को मिटा देने चाहता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मणिपुर पर एक शब्द नहीं बोलते, लेकिन इजरायल पर तुरत ट्वीट करते हैं। लेकिन आज जब पूरी दुनिया में फिलिस्तीन को बचाने की आवाज उठी है, यूनाइटेड नेशन ने इसे जबरदस्त मानवीय संकट कहा है, तब मोदी सरकार ने फिलिस्तीन की ओर से पीठ फेर ली है। भाजपा के लोग प्रचार करते हैं कि मोदी जी ने यूक्रेन का युद्ध बंद करा दिया। इजरायल से दोस्ती का दावा करते हैं। जो भी दोस्ती है, उस प्रभाव का इस्तेमाल करके वे फिलिस्तीन में शांति स्थापित करने का प्रयास क्यों नहीं करते? उन्होंने यह भी कहा कि भारत में पत्रकारों पर हमला किया जा रहा है। यह सरकार चाटुकारिता को पत्रकारिता बताती है। चीन तो बहाना है, पत्रकार निशाना है। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मंडल सदस्य अरूण मिश्रा ने गाजा पर इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि भाजपा, भारत में आतंकी हमलों और हमास के वर्तमान हमलों के बीच फर्जी समानता प्रदर्शित करने की कोशिश कर रही है। मोदी और भाजपा इस स्थिति का उपयोग भारत में मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध घृणा भड़काने के लिए करना चाहते हैं। प्रेस की आजादी पर लगातार हमला हो रहा है। सीपीआई के गजनफर नबाव ने कहा कि इजराइल के विरुद्ध सैन्य हमले की निंदा का पतन गाजा में उत्पीड़ित फिलिस्तीनी लोगों के विरुद्ध इजराइल के जनसंहारक युद्ध का समर्थन करने और उसके सहअपराधी बन जाने के रूप में नहीं होना चाहिए। भारतीय विदेशी नीति को तत्काल युद्धविराम व शांति स्थापित करने के लिए काम करना चाहिए और फिलिस्तीनियों के संप्रभु होमलैण्ड के अधिकार को मान्यता देते हुए राजनीतिक समाधान को संभव बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उपर्युक्त नेताओं के अलावा प्रतिवाद सभा को कमलेश शर्मा, कुमार दिव्यम, आसमा खान, सीपीआई के सुनील कुमार, देवरतन प्रसाद, सुशील उमाराज; सीपीआई (एम) के विक्रम सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव ललन चौधरी, सीपीआई के गुलाम सरवर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# युवा जदयू पटना महानगर का जिला कमिटी विस्तार

पटना। युवा जदयू पटना महानगर इकाई कमिटी विस्तार किया गया, कई कार्यकताओं को युवा जदयू के जिला कमिटी में जगह दी गई। युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है बीजेपी युवा के साथ क्षल कर रही है बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई से आम जनता परेशान है, 2024 में युवाओं ने ठान लिया है इस बार मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जातीय गणना कर देश को एक संदेश दे रहा है। वही, पप्पू खान जी ने गाने के माध्यम से एकता का मिशाल पेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ई कुमार अभिषेक ने कमिटी का विस्तार किया। वहीं युवा जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अजित दुबे, अभिषेक गजेंद्र मुन्ना, प्रदेश सचिव रोहित कुमार चंद्रवंशी, सुशांत पटेल, साथ ही युवा साथी कन्हाई पटेल, धर्मेंद्र पटेल युवा जदयू के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दिया।

# गरबा सह डांडिया कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान

पटना।। कहा जाता है जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता का वास होता है इसलिए नारी शक्ति पूजनीया व वदंनीया हैं। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता नम्रता नंदन ने कही । श्रीमती नंदन स्थानीय गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में प्रेरणा ट्रस्ट की ओर से आयोजित गरवा सह डांडिया कार्यक्रम में समाज में विशिष्ट काम करनेवाली महिलाओं को सम्मानित कर रही थी। उन्होंने कहा कि नवरात्र में माता दुर्गा की आराधना की जाती है और मां की कृपा से ही सबकुछ होता है। इस पूजा के मौके पर यह सम्मान कार्यक्रम हमारी बहनों को और तेजी से काम करने की शक्ति प्रदान करेगा। इस मौके पर श्रीमती नंदन ने रेखा सिन्हा, नीता सिन्हा, सोनिया सिंह, रेणु कुमारी, रूचि श्रीवास्तव, नीता देवी,आभा सिंह, गायिका अभिलाषा सहित समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सतीश राजू व भाजपा नेता रंजीत कुमार ने कहा कि महिलाएं दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती, पार्वती के रूप में पूजनीया है और हम इन सम्मानित महिलाओं के द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हैं। कार्यक्रम में भजन स्टार गुड्डू पाठक व अभिलाषा की टीम के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया और महिलाओं के द्वारा माता के पचरा पर गड़वा व डांडिया कार्यक्रम प्रस्तूत हुआ। इससे पूर्व अगत अतिथियों व ट्रस्ट के सदस्यों में ठाकुरबाड़ी के मां दुर्गा परिवार की पुजा अर्चना की गयी और माता का प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका नीता सिन्हा ने आगत अतिथियों व समाजसेवियों का स्वागत किया। इस मौके पर राजेश रंजन यादव, प्रेम रंजन सिन्हा व कवि सिद्वेश्वर, संजीत सिंह, अमित कुमार मंदिर के पुजारी मुकेश रंजन झा, टुना बाबा सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सोनिया सिंह व धन्यवाद ज्ञ्ज्ञपन रूचि श्रीवास्तव ने किया।

# बाबा बैद्यनाथ नगरी पहुंचे केन्द्रीय मंत्री पारस, की पूजा अर्चना

पटना। नवरात्रि के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस मशहूर तीर्थ स्थल बाबा नगरी देवघर में बाबा बैद्यनाथ का दर्शन कर पूजा अर्चना किया और बिहारवासियों सहित पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं दी। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी तथा दलित सेना का देवघर में ही समीक्षा बैठक किया और कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज और दलित सेना के बिहार प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा के अलावे पार्टी के प्रमुख साथी को कहा कि एनडीए सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुँचानें की सलाह दी। मीडिया से बातचीत में श्री पारस ने कहा कि 2024 में नरेन्द्र मोदी के सामने कोई भी चुनौती नही है इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनना तय है।

# सामाजिक न्याय के योद्धा थे अर्जुन मंडल : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री, अर्जुन मंडल का रविवार को निधन हो गया। बिहार सरकार ने उनकी अंत्येष्ठी पूरे राजकीय सम्मान के साथ करने की घोषणा की है। उनकी मृत्यु की खबर से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सदमें में है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनकी मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जयपुर से भेजे अपने शोक-संदेश में उन्होंने कहा कि अर्जुन मंडल जी करीब तीन दशक से मेरा राजनीतिक मार्गदर्शक रहे। मुझे याद है जब वे पहली बार 1995 में जमुई से विधायक चुन कर आये थे और मैं छात्र नेता था तब उन्होंने मेरी बहुत हौसला अफजाई की थी। सामाजिक न्याय के लिए सदैव संघर्षशील रहने वाले अर्जुन मंडल जी कभी भी साम्प्रदायिक ताकत से लोहा लेने में पीछे नहीं हटे। मेरे प्रति उनके दिल में खास स्नेह हमेशा बना रहा। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर मैं व्यक्तिगत रूप से मर्माहत हूँ। वे केवल मेरे वरिष्ठ नहीं बल्कि अभिभावक थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव तारिक अनवर, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता शकील अहमद खान, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, पूर्व बिहार कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक, प्रेमचंद मिश्रा, समीर कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, बंटी चौधरी , ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, आनन्द माधव, निर्मल वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, आलोक हर्ष, धर्मवीर शुक्ला आदि ने श्री मंडल के निधन पर शोक जताया है।

# कदमकुआं नागबाबा ठाकुरबारी में रामलीला का होगा आयोजन

पटना। दशहरा के अवसर पर राजधानी पटना में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में नवरात्रि के दौरान पटना के कदमकुआं स्थित नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में इस बार वृन्दावन के कलाकार रामलीला प्रस्तुत करेंगे। पूरे नवरात्रि यहां रामलीला का आयोजन होगा। चार साल बाद ऐसा मौका है कि इस बार लगातार 10 दिन तक रामलीला का आयोजन होगा। इससे पहले आखिरी बार 2018 में संपूर्ण रामलीला हुई थी। नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में रोज शाम 6:30 से 9:30 बजे तक रामलीला का मंचन किया जायेगा। आपको बता दें कि इस बार श्री राधा सर्वेश्वर रास मंडल वृंदावन के 27 कलाकारों की टीम रामायण के प्रसंगों को मंच पर साकार करेगी। इसके साथ ही 24 अक्टूबर को गांधी मैदान में भी इन्हीं कलाकारों के द्वारा झांकी निकाली जायेगी। लाइव प्रसारण होगा : श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट रामलीला महोत्सव के संयोजक प्रिंस कुमार राजू ने बताया कि नवरात्र के दौरान हर दिन शाम 6:30 से रात 9:30 बजे तक रामलीला होगी। 24 अक्टूबर को गांधी मैदान में रावण वध समारोह के दौरान यहीं कलाकार रामायण के कालखंडों पर आधारित झांकियों का मंचन करेंगे। जबकि 25 अक्टूबर को नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में भरत मिलाप प्रसंग का मंचन होगा। इसके अलावा बांकी दिन भी अलग-अलग दृश्यों का मंचन किया जायेगा। आम लोगों के प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। 16 अक्टूबरः रावण कुंभकरण तपस्या, दिग्विजय पृथ्वी पुकार और श्री रामजन्म प्रसंग। 17 अक्टूबरः विश्वामित्र जी के यज्ञ की रक्षा, ताड़का वध और मारीच सुबाहु का हनन। 18 अक्टूबरः गौतम ऋषि अहिल्या उद्धार, पुष्प वाटिका प्रसंग, जनकपुर दर्शन। 19 अक्टूबर धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद, राम विवाह, लक्ष्मण परशुराम संवाद। 20 अक्टूबरः श्रीराम राज्य की घोषणा, श्रीराम वन गमन और निषाद राज से भेंट। 21 अक्टूबरः केवट प्रसंग, दशरथ जी का धाम गमन और चित्रकूट में भरत मिलाप। 22 अक्टूबर : पंचवटी सूर्पनखा प्रसंग, सीता हरण, शबरी हनुमंत मिलन, बाली वध। 23 अक्टूबरः सीता खोज, लंकादहन, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति और संजीवनी बूटी प्रसंग। 24 अक्टूबरः गांधी मैदान में शोभा यात्रा और रावण दहण। 25 अक्टूबरः श्री सीता प्राप्ति, अयोध्या में भरत मिलाप और श्री राम का राज्याभिषेक।

# लोहिया कहते थे कि गांधी जैसा व्यक्ति हजार दो हजार वर्ष में पैदा होता है : शिवानंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानन्द तिवारी ने कहा कि डाक्टर लोहिया कहते थे कि गांधी जैसा व्यक्ति हजार दो हजार वर्ष में पैदा होता है। साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित फ्रांस के रोमां रोलाँ गांधी को ईसा मसीह का लघु रूप मानते थे। महान वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन ने गाँधी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि आने वाली पीढ़ियाँ जब गांधी के विषय में सुनेगी तो उन्हें आश्चर्य होगा कि हमारी ही तरह का हाड़ मांस का बना हुआ वैसा आदमी इसी धरती पर कभी चलता फिरता था। शिवानंद तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गाँधी का बहुत नाम लेते हैं। आज के समय में गाँधी का स्मरण करना बहुत ही प्रशंसनीय है। लेकिन उनको चाहने वाले उनकी तुलना गाँधी से करें यह स्वयं नीतीश जी को सहनीय नहीं होना चाहिये। इसलिए मेरा नम्रतापूर्वक अनुरोध होगा कि नीतीश जी अपने उन चाहने वालों को जरूर हिदायत देंगे जो अतिरेक में उनको गाँधी के समकक्ष रख कर उनका भला नहीं कर रहे हैं।

# राजेंद्र पासवान का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति : लोजपा (रा)

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने पार्टी के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि वे पार्टी के समर्पित एवं इमानदार कार्यकर्ता थे, उनके निधन से पार्टी की क्षति हुई है। पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने उनके निधन उपरांत उनके मोकामा आवास मोदनगाछी गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिलकर संत्वना दिए और उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान का एक दिन पूर्व हुई हार्ट अटैक से निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। वह मृदु भाषा व्यक्तित्व के धनी थे एवं मिलनसार व्यक्ति थे, उनके निधन से पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि मोकामा स्थित पंपू घाट पर उनके हो रहे दाह संस्कार के दौरान पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश महासचिव विभीषण शर्मा, मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ,प्रदेश सचिव ओम प्रकाश भारती, पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत यादव मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार ने दी।

# महागठबंधन सरकार पूरी तरह विफल : विजय

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार की महागठबंधन सरकार पूरी तरह विफल हो गई है और विफलता को छिपाने के लिए जाति के नाम पर अनाप शनाप बयान दिला रही है। सिन्हा ने कहा कि देश के संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति पर जाति के नाम पर टिप्पणी कर जदयू ने अपना वीभत्स चेहरा उजागर कर दिया है। प्रधानमंत्री की जाति पर आक्षेप कराकर यह सिद्ध कर दिया है कि ये जातिवादी सोच और सिद्धान्त को ही मानते हैं।सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सिद्धान्त पर चलते हैं। उनके लिए सबसे बड़ी जाति देश का गरीब है जिनके उत्थान के लिये दिन रात परिश्रम करते हैं। सिन्हा ने कहा कि जदयू के द्वारा ललन सिंह और नीरज कुमार से प्रधानमंत्री पर टिप्पणी कराई जा रही है जो एक ही समाज से आते हैं। नीतीश कुमार ने इनको मंत्री नहीं बनाए। एक थे उन्हें भी हटा दिया गया। ललन बाबू और नीरज कुमार से समाज पूछता है। मुख्यमंत्री इनका उपयोग प्रधानमंत्री को अपमानित कराने के लिए कर रहे हैं। ये दोनों जदयू के लठैत के रूप में फल फूल रहें हैं। निराशा में ये अनाप शनाप बयान दे रहे है। समाज नीतिश कुमार की साजिश से अवगत है। ललन बाबू और नीरज कुमार को यह पता होना चाहिए कि आपका समाज हृदय से प्रधानमंत्री का सम्मान करता है। आपका समाज आपके आचरण के कारण आपको बहिष्कार कर देगा। हर समाज में अधिकतर लोग प्रधानमंत्री के प्रशंसक हैं। इसलिए दूसरे के इशारे पर अपनी विश्वसनीयता खत्म न करें। सिन्हा ने कहा कि समाज में जाति के नाम पर लोगों को विभाजित कर राज करने का इनका खेल से अगड़ा, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय परिचित हो चुका है इनके बहकावे में अब लोग नहीं आएंगे। सुशासन के नाम पर अब कुशासन का बोलबाला है। जंगलराजवालों के साथ गठजोड़ कर अब राज्य को बदहाली में धकेल दिये हैं। राज्य की जनता देख रही है। अगले चुनाव में इनका राजनीतिक अंत तय है।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर

पटना। बिहार बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले रजिस्ट्रेशन फॉर्म नहीं भरा है तो आपको टेंशन लेने की कोई बात नहीं है। बिहार बोर्ड की तरफ से फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थियों को एक और मौका दिया गया है। पहले से 12 अक्टूबर तक फॉर्म भरने की तिथि जारी की गई थी। लेकिन अब इस तारीख को विस्तारित किया गया है। ताकि जो विद्यार्थी अभी तक फॉर्म नहीं भर पाएं हैं वो भी फॉर्म भर सकें और वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल हो सकें। लेकिन ऐसे विद्यार्थियों को अब विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरना पड़ेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की तरफ से मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन कराए हुए विद्यार्थियों का उनके शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरने हेतु तिथि विस्तारित किया गया है। पहले यह तारीख 12 अक्टूबर थी लेकिन अब इसको विस्तार करते हुए विलंब शुल्क के साथ 18 अक्टूबर तक किया गया है। इसके साथ ही इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाइन फॉर्म विलंब शुल्क के साथ 17 अक्टूबर तक भरा जायेगा। इस विस्तारित अवधि के तहत विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म भरा जाएगा। इसके लिए 150 रुपए का विलंब शुल्क देना पड़ेगा। अगले साल इंटर परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को परीक्षा फॉर्म भरने के बाद भी विद्यालय संस्थान में आना होगा। अगर वे फॉर्म भरने के बाद अनुपस्थित हैं, तो उन्हें नोटिस देते हुए नामांकन रद्द किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। आदेश में कहा है कि ऐसे स्टूडेंट्स का एडमिट कार्ड जारी नहीं होगा। निदेशक ने इसकी जानकारी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी भेजी है।

# तुष्टिकरण के लिए हिन्दुओं को किया जा रहा अपमानित : भाजपा

पटना। बिहार में जातीय गणना के रिपोर्ट सर्वजनिक होने के बाद से ही राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। पक्ष विपक्ष के नेताओं के बीच जाति को लेकर वाद विवाद शुरू हो गया है। वहीं इसी कड़ी में जदयू के नेताओं की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाति को लेकर सवाल उठाया गया है। जिसे लेकर बीजेपी ने बिहार सरकार पर जमकर पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता मनोज शर्मा ने ने कहा है कि जदयू के नेता तुष्टिकरण के लिए बहुसंख्य हिन्दुओं का जाति के आधार पर अपमानित कर रहे हैं। इसका नतीजा उन्हें भूगतना पड़ेगा। लगता है कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में श्रमजीवी जातियों को अपमानित कर उनके भावनाओं को आहत कर राजनीतिक मैदान मार लेंगे। मनोज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जाति पर सवाल उठा कर जदयू काका कालेलकर, वीपी मंडल के रिपोर्ट पर सवाल उठा रहे हैं। जदयू को शर्म आनी चाहिए। बिहार की जनता उन्हें इस बार जरूर जबाव देगी।

# वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा से पहले पूरा

## दो नए प्लेटफॉर्म और आठ प्लेटफोर्मों की लंबाई में वृद्धि होने से मिलेगी परिचालन में गति

पटना। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शुभन चौधुरी ने बताया कि रेल यात्रीयो को बेहतर तथा सुरक्षित रेल सेवाएं प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। इसी क्रम में बहुप्रतीक्षित वाराणसी यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य रविवार को संपन्न कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूर्ण करने हेतु 70 दिन का लक्ष्य निर्धारित था परन्तु रेलवे की योजनाबद्ध रणनीति एवं कठिन परिश्रम से यह कार्य मात्र 45 दिनों के भीतर करने का पूरा किया किया गया। इस कार्य के अन्तर्गत एक विशाल 663 रूट इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना जिसमें 283 सिग्नल, 214 प्वाइंट के साथ 6 दिशाओं में ब्लॉक वर्किंग शामिल है, जिसमें 158 नए टर्नआउट वाले यार्ड में संशोधन और लगभग 38 किमी के रूट इंटरलॉकिंग के साथ ट्रैक लिंकिंग को उत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों के अथक परिश्रम,योजना और समन्वय के बाद प्रारंभ किया गया है। इसमें 38 किमी से अधिक का नया ट्रैक बिछाना शामिल था। वाराणसी जं के यार्ड री-मॉडलिंग के पूर्ण होने से यात्री एवं मालगाड़ियों का आवागमन सुगम होगा। वाराणसी यार्ड में लूप की लंबाई और प्लेटफॉर्म की लंबाई में वृद्धि । प्लेटफार्म संख्या 1 से 4 तक की लाइनों का पूर्वोतर रेलवे के बनारस स्टेशन, प्लेटफार्म संख्या 1 से 5 तक की लाइनों का लोहता स्टेशन एवं प्लेटफार्म संख्या 6 से 9 तक की लाइनों का शिवपुर स्टेशन से सीधा जुड़ाव होगा जिससे आवागमन सुगम होगा। वाराणसी सिटी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर से सभी प्लेटफार्मों (1 से 9) की कनेक्टिविटी। वाराणसी जंक्शन और वाराणसी सिटी के बीच में दोहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया । वाराणसी जं पर दो अतिरिक्त पूर्ण लंबाई वाले यात्री प्लेटफार्म (10 और 11) और तीसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान । शिवपुर की ओर से गुड्स बाईपास लाइन का निर्माण जिससे यार्ड के माध्यम से क्रॉस-मूवमेंट कम होगा। इस कार्य के अंतर्गत यार्ड की सात डायमंड क्रोसिंग को भी समाप्त किया गया जिससें यार्ड में परिचालन को गति मिलेगी। उक्त जानकारी उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार द्वारा दी गई है।

# धूम धाम से मनाई गयी महाराजा अग्रसेन की जयंती

## जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अग्रसेन सेवा न्यास एवं बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती का आयोजन बड़े धूम धाम के साथ अग्रसेन भवन, महाराजा अग्रसेन मार्ग (बैंक रोड) पटना में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जल संसाधन एवं सूचना तथा जन सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा एवं विधान पार्षद ललन सर्राफ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार झा ने 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा में विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र / छात्राओं को समाज गौरव की उपाधि तथा चांदी का मैडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही मंत्री ने अग्रसेन भवन शक्तिधाम में निःशुल्क चिकित्सा सेवा देने वाले चिकित्सकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर आद्य लक्ष्मी रथ को पूरे बिहार में संचालित करने वाले समाज के पांच को समाज गौरव से सम्मानित किया गया। समाज की बेटी ऐश्वर्या प्रिया अग्रवाल की सब जज के रूप में चयनित होने पर समाज गौरव से मंत्री महोदय ने सम्मानित किया। अतिथियों द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा फटाफट गेम तथा महा हाउजी भी खेलाया गया। सामूहिक प्रसाद के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अक्षय अग्रवाल की भूमिका रही। साथ हीं साथ , ओम पोद्दार , रमेश मोदी, सांवरमल ड्रोलिया, गणेश खेतरीवाल, निर्मल अग्रवाल, जुगल चौधरी, संतोष अग्रवाल, हनुमान सहाय गोयल, प्रदीप पंसारी, श्रवण अग्रवाल, रितेश तुलसियान, रमेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शकुन्तला अग्रवाल, डॉ गीता जैन सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही। इस मौके पर मंत्री का पुष्प गुच्छ से स्वागत अमर अग्रवाल, अंगवस्त्र से स्वागत पी के अग्रवाल तथा प्रतीक चिन्ह से स्वागत अमर कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन ने किया । विधान पार्षद ललन सर्राफ का स्वागत पुष्पगुच्छ से स्वागत अमर अग्रवाल, अंगवस्त्र से स्वागत पी के अग्रवाल एवं प्रतीक चिन्ह से स्वागत अमर कुमार अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्

## संक्षिप्त खबरें

### सरायरंजन में कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा शुरू

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र में रविवार को क्षेत्र के सैकड़ों जगहों पर कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा शुरू हो गया है। क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों सहीत अपने अपने घरों में विधि विधान के साथ शारदीय नवरात्रा शुभारंभ किया। वहीं दुर्गा मंदिरों में पंडितों के निर्माण, लाइट की व्यवस्था, माता दुर्गा, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश आदि के प्रतिमा के साज सज्जा में कलाकार लगे हुये है। क्षेत्र के पूजा समितियों ने भक्ति में लिन हो चुके है।

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव निवासी गोपी साह के 25 वर्षीय पुत्र सिकंदर कुमार एवं दूसरा आरोपी फुलहारा गांव निवासी स्वर्गीय भोला साह के 26 वर्षीय पुत्र बाबू साह के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### अपहर्ता बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से पुलिस ने एक अपहर्ता को बरामद कर लिया है। अपहर्ता की पहचान मुजफ्फरपुर जिले की बताईं जा रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि अपहर्ता को मेडिकल के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया है।

### बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की हुई मौत और एक घायल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुकतापुर मोईन के समीप बीती रात अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक व्यक्ति की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मगरदही घाट निवासी रामनाथ साह के पुत्र सुनील साह के रूप में हुई है। वहीं दूसरा जख्मी सुनील साह के पुत्र राज कुमार के रूप में हुई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। जख्मी का इलाज डीएमसीएच दरभंगा में चल रहा है। मृतक और घायल पिता-पुत्र हैं। वहीं थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन मिलने की बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के छेट बखरी गांव से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के नामजद आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान छेट बखरी गांव निवासी राजों राय के 22 वर्षीय पुत्र गुलाब यादव के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि आपसी विवाद दो महीने पुर्व हुआ था जिसमें गुलाब यादव ने मारपीट कर फायरिंग कर दिया था। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने यादव को नामजद आरोपी किया था। वहीं थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### नशे की हालत में हंगामा करते दो युवक धाराए

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर एवं भोजपुर से पुलिस ने नशे की हालत में हंगामा करते दो युवकों को शनिवार की शाम में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों में अख्तियारपुर निवासी शंभू झा के पुत्र विक्की कुमार झा एवं भोजपुर निवासी स्व० राज नारायण चौरसिया के पुत्र विवेक कुमार चौरसिया के नाम शामिल हैं। दोनों नशेड़ी युवकों को जांचोपरांत रविवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

### गंगा स्नान जा रहे युवक की सड़क हादसा में मौत

गंगा स्नान जा रहे युवक की सड़क हादसा में मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर वार्ड 7 निवासी सूर्य नारायण पंडित के 32 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार पंडित के रूप में किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कृष्ण कुमार पंडित पंचायत के ही वार्ड 6 निवासी नरेश चौधरी के साथ रविवार की अहले सुबह मोटरसाइकिल से गंगा स्नान के लिए निकले थे। जहां सिंघिया घाट दलसिंहसराय मुख्य पथ एसएच 88 पर भुतहा चौक व अरुण चौक के बीच संतुलन खोकर गिर गए। जिसे आनन-फानन में निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद विभूतिपुर सीएससी में ले जाया गया।

# जिला स्तरीय विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से, तैयारी पूरी

## बीस प्रखंड से भिन्न-भिन्न प्रतिस्पर्धा में 1500 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2023-24 सोमवार से शहर के पटेल मैदान में शुरू होगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीएम के द्वारा किया जाएगा। रविवार को जिला खेल पदाधिकारी आकाश ने प्रतियोगिता को लेकर चल रही तैयारी का जायजा लेने पटेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने प्रतिनियुक्त तकनीकी पदाधिकारी खेल शिक्षक व सहायक शिक्षकों के अलावा खेल संघ के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में किसी प्रकार की कोताही न हो इसके लिए मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लेनी है। उन्होंने जिले के सभी बीईओ को भिन्न-भिन्न स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी व दल प्रभारी के साथ सुबह 11 बजे पूर्वाहन को प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने का अनुरोध किया है। बताया कि शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन के तरफ से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग में सभी प्रखंडों से लगभग 15 सौ से अधिक बालक बालिका भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 15 खेल प्रतिस्पर्धा में फुटबॉल को छोड़कर सभी खेल यथा एथलेटिक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती एवं अन्य खेल यथा क्रिकेट, शतरंज, रग्बी, टेबल टेनिस, ताइकांडो, कराटे, योगा पटेल मैदान में खेले जाएंगे। जबकि फुटबॉल खेल का आयोजन समस्तीपुर कॉलेज मैदान में होगा। उक्त खेल के सफल संचालन हेतु जिला खेल कार्यालय समस्तीपुर द्वारा खेल बार खेल संयोजक मंडल का गठन किया गया है। जिस में कुल 45 शारीरिक शिक्षा शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं खेल संघ के प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी से ही राज्य स्तरीय खेल के लिए जिला टीम का गठन किया जाएगा। मौके पर कार्यालय सहायक वरुण कुमार सिंह, खेल संयोजक सुभीत कुमार सिंह, टभका उवि के जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, विनय कुमार विनय, रजनीश कुमार, कुमारी सीमा गिरि, शारदा कुमारी, राज कमल रौशन, सुधाकर कुमार सिन्हा, कुमारी काजल, शशि कुमार गुप्ता, मो० शाहिद आदि मौजूद थे।

## सड़क पर हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए की गई बैरिकेडिंग की व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के वरुणा-रसीयाही एसएच 88 पर प्रशासन के द्वारा बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने डैंजर जोन की जगह पर दोनों तरफ सड़क पर तत्काल तेल ड्राम को रखा गया है। बता दै की सड़क पर हर रोज सड़क दुर्घटना में लोगों की जाने जा रही थी। इसके बाद लोगों ने कई बार सड़क जाम कर विरोध जताते हुये बैरिकेडिंग एवं स्पीड ब्रेकर की मांग किया। इसपर प्रखंड व पुलिस प्रशासन ने सड़क दुर्घटना में हो रहे मौत को रोकने के लिए तत्काल व्यवस्था की गई। बीडीओ नीतू प्रियदर्शिनी गुप्ता, सीओ पंकज कुमा झा, थानाध्यक्ष रविकांत कुमा ने संयुक्त रूप से रहकर सड़क पर बैरिकेडिंग कराया है। बैरिकेडिंग होने से रायपुर, किशनपुर, गंगसारा, रसलपुर, अहमदपुर के लोगों में प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## महा कालेश्वर धाम मंदिर परिसर में मां दुर्गा को आराधना करते श्रद्धालु भक्तजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली ललित लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन के पास महाकालेश्वर मंदिर परिसर में रविवार को श्री श्री 108 दुर्गा पूजा समिति ललित लक्ष्मीपुर के पूजा संचालनकर्ता व संरक्षक सेवा निवृत बीएसएनएल के डायरेक्ट ललन कुमार झा उर्फ कृष्णेश्वर झा के नेतृत्व 251 कन्याओं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. कलश शोभा यात्रा महा कालेश्वर मंदिर से गाजे बाजे के साथ सभी कलश यात्री मातारानी की जयजयकार लगते हुए पुरानी कमला नदी तट पर पवित्र तालाब से जल बोझकर पुनः वापस महा कालेश्वर मंदिर परिसर स्थित दुर्गा पूजन स्थल पर लाया गया.दुर्गा पूजा स्थल पर मौजूद पंडित कैलाश मिश्रा एव धीरेंद्र कुमार झा द्वार पुजारी विनय कुमार चौधरी को वैदिक मंत्र उच्चारण करके विधिवत कलश को स्थापना कराया गया.कलश स्थापना के बाद विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से माँ दुर्गा जी को प्रथम पूजा शुरू की गयी. वही दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक व संचालक कृष्णेश्वर झा उर्फ ललन जी ने कहा कि महा कालेश्वर मंदिर परिसर में 15 वाँ वर्ष से लगातार दुर्गा पूजा हो रही है।

मंदिर संरक्षक ललन झा ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति निर्माण की सारी खर्च ललित लक्ष्मीपुर गांव निवासी बिंदु सिंह द्वारा दिया गया है. वही दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि महा कालेश्वर मंदिर परिसर में दुर्गा माता की प्रतिमा के अलावे महाकालेश्वर मंदिर सोमनाथ मंदिर रामेश्वरम मंदिर वैधनाथ धाम मंदिर पार्वती मंदिर अन्नपूर्णा मंदिर संतोषी माता दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर,वैशनवी देवी माता मंदिर,वैरभ नाथ मंदिर,किसकंद्धा भगवान मंदिर, गणेश, कार्तिक मंदिर,विंदेश्वर नाथ महादेब मंदिर सहित 51 भगवान के मंदिर के साथ कानून मंत्री भगवान शनिदेव महाराज जी की मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुभक्त भक्त जनों की हमेशा भीड़ लगी रहती है.इस पूजा के दौरान संध्याकाल 4 से 7 वजे प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजन होती है. वही दुर्गा पूजा कलश यात्रा के दौरान पूर्व जिप सदस्य आशा झा माथे पर कलश धारण करके आगे आगे चल रही थी. उन्होंने कहा कि मातारानी की कलश शोभा यात्रा में शामिल होकर मौ धन्य हो गयीं. इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मूर्ति दाता बिंदु सिंह रौशन कुमार मिश्रा संतोष कुमार हीरा सिंह राधे सिंह राम प्रसाद दास उमेश राम प्रकाशमिश्रा।

## प्रखंड के विभिन्न जगहों पर कुमारी कन्याओं के साथ निकाली गई कलश शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शोभा यात्रा निकाली गई। ईजरा पंचायत के सत धारा गांव के अला वे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों कपिलेश्वर रहिका बलिया सतधारा भौआरा संभू आर कैटोला पर मां वैष्णवी नवरात्रि दुर्गा पूजा को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सतधारा गांव में 251कुमारी कन्याओं के साथ निकली गई कलश शोभा यात्रा मां वैष्णवी के दरबार से कमला नदी के लिए प्रस्थान किया।कुमारी कन्याओं ने बढ़ चढ़कर शोभा यात्रा में भाग ली और कमला नदी में विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर कलश भर माता रानी के दरबार के लिए प्रस्थान कर माता रानी के दरबार में कलश लेकर पहुंच कर विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर माता रानी के दरबार में कलश स्थापना किया गया।इस कलश शोभायात्रा में कुमारी कन्याओं के साथ हजारों की संख्या में देवी भक्तों ने भाग लिया कलश शोभायात्रा में माता रानी की जयकारों से गूंज रहे थे आसपास के गांव।बताते चले की यह पूजा दस दिवसीय मनाया जाता है उसमे माता रानी का 10 दिनों में अलग-अलग रूपो का पूजा की जाती है। संध्या में भजन कीर्तन आरती का भी आयोजन किया जाता है आरती में भी हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर माता रानी की आरती में भाग लेते हैं साथ ही यहां पर पूजा कमेटी के द्वारा मेले का भी आयोजन किया जाता है मेला में विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के समान ब्रेक डांस,मीणा बाजार,मिठाई की दुकान बच्चों के खिलौने रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।

## फायरिंग में बाल-बाल बचा युवक

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग में शनिवार को हुई फायरिंग में एक युवक बाल-बाल बच गया। इस संबंध में सरारंजन थाने में एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। प्राथमिक की में राम बहादुर राय के पुत्र राजेश राय में कहा है कि शनिवार की सुबह जब वह गांव में ही मॉर्निंग वॉक पर निकला था, इस दौरान गांव के ही विश्वनाथ राय के पुत्र विजेंद्र राय ने उन पर फायरिंग कर दी। वह किसी प्रकार वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। घटना का कारण यह है कि विगत 8 अक्टूबर को रसलपुर स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर हुए हमले को लेकर अगले दिन विद्यालय के प्रांगण में एक पंचायत बैठी थी। इससे आक्रोशित आरोपित युवक ने धमकी दी थी कि जो-जो व्यक्ति उनके विरुद्ध बैठाई गई पंचायत में गए थे, उन सबको जान से मार दिया जाएगा एवं उनसे 5-5 हजार की रंगदारी भी वसूली जाएगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि इस घटना को लेकर एक आवेदन प्राप्त हुआ है। घटना की जांच की जा रही है।

## रामायण गोष्टी के समापन पर किया गया पौधारोपण

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के रायपुर बुजुर्ग स्थित शिक्षाविद श्याम किशोर गिरि के आवास पर रामायण गोष्टी का भव्य आयोजन हुआ। रामायण गोष्टी के समापन पर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर पौधा रोपण किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ बालक अर्णव आनंद के द्वारा पौधा लगाकर किया गया। इस अवसर पर शिक्षक संजीत साह ने पौधा भेंट करते हुए कहा कि पौधा रोपण से अलौकिक आनंद की अनुभूति होती है। साथ ही इससे पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन भी होता है। मौके पर पर पूर्व जिला पार्षद हरेराम सहनी, समाजसेवी सुशील पुरी, युवा समाजसेवी मुकेश कुमार राय, अरुण कुमार गिरि, पूर्व सैनिक मुकेश कुमार झा, युवा नेता मिथुन पुरी, गणेश पुरी, सुधीर कुमार गिरि, हरेराम गिरि, जीवन कुमार, नितेश कुमार, पवन कुमार, अमित कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## समय देकर मंत्री के नही मिलने से पूर्व वार्ड सचिवों में निराशा

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम।अपनी लम्बित मांगों को ले आंदोलन कर रहे पूर्व वार्ड सचिवों से मिलने का समय देकर बिहार के पंचायती राजमंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का नही मिल पाने से संगठन के पदाधिकारियों को निराशा हाथ लगी।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री से मिलने लिए कई जिलों से संगठन के पदाधिकारी रविवार को सासाराम सर्किट हाउस पहुंचे थे।अचानक मंत्री का दौरा रद्द हो जाने से उनका मुलाकात मंत्री से नही सका।मंत्री से शिष्टमंडल वार्ता के लिए पटना से सासाराम पहुँचे पूर्व वार्ड सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष राणा झा ने कहा की मंत्री के इस कदम से पहले से ही सड़क पर पहुंच चुके पूर्व वार्ड सचिवों की परेशानिया और बढ़ गई है।मंत्री से मुलाकात के लिए कई जिलों से संघ के पदाधिकारी सासाराम पहुंचे थे जिसे काफी निराशा हाथ लगी।उन्होंने कहा कि हम भी हार मानने वाले नही है।अपने हक के लिए संघर्ष को जारी रखेंगे तथा सूबे के लगभग एक लाख चौदह हजार पूर्व वार्ड सचिवों को न्याय दिलाने के लिए हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएंगे। मौके पर रोहतास जिलाध्यक्ष धन्नजय सिह,जिला सचिव विमल पांडेय,प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार दुबे,कोषाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अशोक रजक,कैमुर जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया,भोजपुर जिलाध्यक्ष प्रीतम कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पूर्व वार्ड सचिव सर्किट हाउस पहुंचे थे।

## शिक्षा और उसकी प्रासंगिकता : रविंद्र कुमार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आज शिक्षा का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से हो रहा है। छोटे बच्चों की शिक्षा पर काफी जोड़ दिया जा रहा है जिसका कालांतर में अभाव था। छोटे-छोटे बच्चों की शिक्षा के कारण और उनकी आवश्यकता को देखते हुए माता-पिता अपने घर और रिश्तेदार के यहां पर्व त्योहार, में भी जाने से वंचित हो रहे हैं जिससे रिश्ता भी तारतार हो रहा है। और छोटे-छोटे बच्चों को पढाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सही शिक्षा के ग्रामीण जन घर द्वार तक त्याग कर शहर में निवास करते हैं। जिससे आने वाले दिनों में सामाजिक परिदृश्य का ताना-बाना बदलने वाला है। जब सर्व शिक्षा अभियान एवं समग्र शिक्षा अभियान अपने मुकाम पर पहुंचेगा तो लोगों का आकलन और प्रभावशाली दिख पाएगा या नहीं यह समझ से परे। लेकिन यह बात निश्चित है भारतीयता एवं भारतीयता की सोच बदलने वाला है फिर राजनीतिक परिदृश्य भी बदलेगा। और आकलन पीछे रह जाएगा, मजहबी सोच पीछे रह जाएगा। लोगों के मनोवृति में अपडेशन की बात अगर घर नहीं की तो वे राजनीतिक परिदृश्य से अलग-थलग पड़ जाएंगे। जरूरत इस बात की हैकि समय की मांग के आधार पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की जिसका अभाव देखा जा रहा है और अशिक्षा आधारित राजनीतिक समीकरण की बात ज्यादा की जाती है। सफल शिक्षा नीति से जब सभी लोग शिक्षित होंगे तो निश्चित रूप से सत्ता के लिए आपाधापी और मारामारी में अभी और शिक्षित समाज के मतदाताओं से रूबरू होने में स्थिति जन्य केमिस्ट्री का समीकरण तो सफल हो पाएगा लेकिन मजहबी समीकरण फलदाई नहीं होगा। जातीयता की दुहाई देने वाले योग्यता की दुहाई देंगे वह इसलिए कि अब आने वाले दिनों में दहेज लड़कों के बदले लड़कियों को मिलेगा, शादी जातीय ना होकर योग्यता के आधार पर होगी, लड़कियां ससुराल के बदले मायके में रह सकती है लड़के ससुराल में रहेंगे। पेशेवर कमाई के बदले हुनर पसंद आमदनी होगी, आमदनी के आधार पर उनके पुराने घर बार बदलकर नए बनेंगे नए समाज के लोगों से उनकी भेंट मुलाकात होगी, नए विचारधाराओं, नए समीकरण, नई पृष्ठभूमि देखने को मिलेगा। परिणामतः परंपरागत विचारधारा बदलेगा, नया इतिहास बनेगा, नया भूगोल बनेगा भौगोलिक परिवेश बदलेगा, रूढ़िवादी विचारधाराओं का अंत और नई विचारधाराओं को जन्म देने वाली बातें टष्टिगोचर होगा।

## योग गुरु ने बताए योग के फायदे

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। करो योग रहो निरोग उक्त बाते विभूतिपुर प्रखंड के नरहन स्थित बूढ़ी गंडक नदी पुल के समीप योग शिविर में योग गुरु दिलीप कुमार पूर्वे ने कहा। शिविर का उद्घाटन डेंटल चिकित्सक आलोक कुमार एवं योग गुरु दिलीप कुमार पूर्वी ने संयुक्त रूप से किया। जहां योग गुरु ने योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। वहीं डेंटल चिकित्सक आलोक कुमार ने दांतों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। साथ ही योग शिविर में उपस्थित लोगों के बीच ब्रश एवं पेस्ट वितरण किया। मौके पर शेखर प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया विपिन कुमार साहनी, अनिल कुमार, सुनील कुमार, मुकेश पूर्वे, संजय मिश्रा, राजकुमार चौधरी, सरपंच दिलदार हुसैन, रामबाबू महतो, गणेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ ही शारदीय नवरात्रा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। कलश यात्रा के साथ ही शारदीय नवरात्रा शुरू हो गई है। यह कलश यात्रा कार्यक्रम मां दुर्गा पूजा समिति सिंघिया घाट की ओर से आयोजित की गई। जिसमें नवरात्र के प्रथम दिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कलश लेकर बूढ़ी गंडक नदी पहुंचकर कलश भरकर मंदिर में स्थापित किया। इस कलश शोभा यात्रा में समिति के अध्यक्ष ममता देवी, सचिन भूषण यादव, पूजा प्रभारी गिरीश नंदन प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष विलट महतो, कोषाध्यक्ष राम जिनीश कुमार, वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा, राम पुकार महतो सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

## भीड़ भाड़ एवं मेले में सादे लिबास में तैनात होंगे पुलिस कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों आदि के साथ दुर्गा पूजा के अवसर पर विधिव्यवस्था संधारण एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक सम्पन्न करने को लेकर वर्चुअल माध्यम से बैठक कर अबतक की तैयारियो का विस्तृत समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पूजा आयोजन समितियां अनिवार्य रूप से अपने संबधित थाने लाइसेंस ले,इसे सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति के सभी प्रमुख लोगों से उनके पासपोर्ट साइज फोटो और पता उनके मोबाइल नंबर के साथ लिए जाएं। उन्होंने कहा कि विसर्जन जुलूस के मार्ग की जानकारी पूर्व से ही कर ले एवं उसका भौतिक सत्यापन भी कर ले। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर ले कि निर्धारित मार्ग से विचलन किसी भी स्थिति में नही होनी चाहिये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानो पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ऐसे में सभी प्रतिनियुक्ति अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर ससमय पूर्ण रूप से मुस्तैद रहेंगे।जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया की दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने हेतु जिला स्तर से बड़ी संख्या में संवेदनशील स्थानों पर दण्डाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।अतः उक्त आलोक में दुगार्पूजा के अवसर पर दिनांक-18.10.2023 से 26.10.2023 तक के लिये सभी प्रकार का अवकाश रद्द किया किया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थिति में संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर ली जाए। उन्होंने धारा 107 के तहत अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करने एवम बंध पत्र पर अमल करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला साइबर सेल एवम सूचना एवम जनसंपर्क की सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घण्टे सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उपद्रवी तत्वों एवं अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने से थोड़ी से भी नही हिचके। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमंडल एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष पूरी गतिविधियों पर नजर बनाए रखेगा एवम हर छोटी बड़ी घटना की जानकारी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि को देना सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ सभी सुरक्षात्मक व्यवस्था अनिवार्य रूप हो,यह हरहाल में सुनिश्चित करवाये। ।पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने कहा कि डीजे पर पूर्व प्रतिबंध रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी डीजे मालिक से डीजे न देने का शपथपत्र लिखित रूप से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने पर उनका डीजे जब्त किया जाए और प्राथमिकी दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी भीड़-भाड़ इलाके एवं मेले में सादे लिबास में पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे । जिलाधिकारी ने विधुत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि जर्रर बिजली तार को ठीक करवा लें,साथ ही विसर्जन जुलूस के दिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा की अवैध शराब की धड़पकड़ एवं विधिव्यवस्था संधारण को लेकर सघन वाहन जाँच चलाने एवं औचक छापेमारी करने का भी निर्देश दिया गया है।उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार,उप विकास आयुक्त, विशाल राज, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, अमेत विक्रम बैनामी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि विडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अरुणनगर के द्वारा नगर के गेट स्कूल के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कबड्डी प्रतियोगिता में अपने नगर से कुल 12 बस्तियों का टीम भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत भारत माता की जय, वंदे मातरम् की जय घोष से हुई। यह कबड्डी प्रतियोगिता महाविद्यालयीन छात्रों के बीच हुई जिसमे उम्र सीमा 15 वर्ष से 30 वर्ष आयु तक के स्वयंसेवक कार्यकर्ता बंधु भाग लिए। कार्यक्रम में रोहतास विभाग के विभाग प्रचारक बिजेंद्र कुमार ने बताया कि कबड्डी बहुत ही पौराणिक खेलो में से एक है कबड्डी खेलने से युवाओं में ताकत व निर्भीक होकर दुश्मनों को कैसे मात देना है इसका हुनर ध्यान में आता है। कबड्डी में खिलाड़ियों को संख्या 7 होती है 7 अंक दुनिया में बहुत ही अद्भुत है जैसे सप्त ऋषि, सात महादेश, सात रंग, आदि सात संख्या अभाज्य भी है, प्रतियोगिता में भाग लिए हुए सभी आए हुई टीमों को भारत माता का चित्र व मेडल प्रदान किया गया। सभी युवाओ में खुशी की लहर साथ ही उत्साह का माहोल रहा, आरएसएस अपने यहां हमेशा ही ऐसे खेलो का युवाओ में उत्साह भरने के लिए समय समय पर करवाते आई है।

## नदी में स्नान करने के दौरान हुआ मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौलीथाना क्षेत्र के कंहौली हटिया स्थित कमला नदी घाट पर रविवार को सुवह में प्रखंड़ क्षेत्र के ईनरवा पंचायत के वार्ड 12 ईनरवा पूरव गांव निवासी बौयेजी यादव के पुत्र दीपक कुमार यादव उम्र 12 वर्ष का नदी में स्नान करने के दौरान तेज धारा में बह कर गहरी पानी मे चले जाने से मौत हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार यादव एव गांव के अन्य लड़के के साथ कमला नदी में दुर्गा पूजा के कलश स्थापना को लेकर नदी में स्नान करने गया. कमला नदी की तेजधारा में दीपक बह कर गहरी पानी मे चले जाने से उनका मौत हो गया. दीपक कुमार यादव कमला नदी की गहरी पानी मे डूबने से वहां पर मौजूद अन्य वच्चों द्वारा चिल्लाने पर कंहौली हटिया चौक से ग्रामीणों द्वारा कमला नदी से दीपक को बाहर निकाल कर सीएचसी खजौली लाया गया. सीएचसी में डियूटी पर तैनात सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. जोतीन्द्र नारायण द्वारा जांच पड़ताल करने पर मृत्यु धोषित कर दिया गया.वही थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि एक वच्चो की कमला नदी में डूबने से मौत हो जाने की सूचना चौकीदारों द्वारा मिली है लेकिन मृतक की परिजन द्वारा कोई आवेदन नही देकर बिना पोस्टमार्टम कराये लाश को लेकर घर चले गये।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किया जप्त चालक फरार

करपी (अरवल) रविवार को देवकुण्ड थाना के पुलिस ने अवैध बालू लगे दो ट्रैक्टर को जप्त किया वही चालक फरार होने में सफल रहा , अरवल औरंगाबाद जिले की बॉर्डर पर स्थित दुलार बिगहा मोड़ के समीप से पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त किया है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर तेजी से जा रहा था तथा उसके पीछे-पीछे ट्रैक्टर का मालिक भी बाइक से जा रहा था, इस संबंध में देवकुण्ड थाना अध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि पिरू रघुनाथपुर पथ से शहर तेलपा की तरफ तेजी से जा रहा था तभी थाना क्षेत्र के दुलार बिगहा मोड़ के समीप पुलिस ने ट्रैक्टर को रुकवा कर जांच करने की कोशिश किया जैसे ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया, उन्होंने कहा कि दोनों ट्रैक्टर को थाना लाया गया है और ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ प्राथमिक दर्ज किया जाएगा आगे की कारवाई के लिए इसकी सुचना खनन विभाग को दि गईं है।

### वाहन दुर्घटना बीमा की राशि शीघ्र परिजन को दिया जायः सत्येन्द्र रंजन

अरवल। सदर थाना के ओझा बिगहा निवासी जयशंकर कुमार अपने रिश्तेदार के घर से लौटने के क्रम में सुखी बिगहा गांव में मोटर साइकिल दुर्घटना हो जाने पर ईलाज के दौरान मृत्यु हो गईं, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने पीड़ित के घर जाकर मृतक परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया और हर तरह से मदद का भरोसा दिलाया ।उन्होंने ने शोक संवेदना ब्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा के शांति प्रदान करे एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में साहस और धैर्य धारण करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे ।जिलाध्यक्ष ने जिलापदाधिकारी वर्षा सिंह से मांग करते हुए कहा कि वाहन दुर्घटना बीमा की मिलने वाली राशि शीघ्र भुगतान किया जाय , ताकि मृतक के शोक संतप्त परिवार के सामने किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो ।संवेदना ब्यक्त करने वाले नेताओं में युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज , रविन्द्र कनौजिया , अखिलेश कुमार , दीपक कुमार , सजीवन गांधी मुख्य रूप से शामिल हुए ।

### हत्या के फरार अभियुक्तों के घर इस्तेहार चस्पया

बनियापुर (सारण) पुलिस ने डंका बजा कर युवक के हत्यारो के घर ईश्तेहार तमिला किया है ।प्रेम प्रसंग मे युवक की हुई हत्या मामले के चार अभियुक्त फरार चल रहे है ।उक्त करवाई के बाद भी आत्मसमर्पण नही करते है तो नामजदो के घर कुर्की की करवाई की जाएगी। मामले मे थांनाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि पिछले दिनों 13 अगस्त को सहाजितपुर थाना क्षेत्र के बंगालिपट्टी मे प्रेम प्रसंग के मामले मे 25 वर्षीय युवक कुंनाल सिंह की हत्या कर नहर पर मिट्टी मे दबा दिया गया था,जहा सूचना पर पुलिस ने युवक का शव बरामद किया था वही प्रेमी की हत्या के दो दिनों बाद प्रेमिका मनीषा की भी हत्या कर दी गयी थी,प्रेमी के पिता कामेश्वर सिंह द्वारा आधा दर्जन ज्ञात तथा एक दर्जन को अज्ञात नामजद किया था,इसके बाद तब से फरार चल रहे चार नामजदो के घर पुलिस ने ईश्तेहार चस्पया है।

### माँझी थाना पुलिस ने पानी भरे गड्ढे से एक बृद्ध का शव किया बरामद

माँझी थाना क्षेत्र के ताजपुर के समीप स्थित पानी भरे गड्ढे से माँझी थाना पुलिस ने एक बृद्ध का शव बरामद किया है। ताजपुर पेट्रोल पंप के समीप से रविवार की शाम को बरामद शव की पहचान स्थानीय ताजपुर निवासी भानु यादव के 59 वर्षीय पुत्र टुनटुन यादव के रूप में कई गई है ।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले गए.सुबह में परिवार के लोग मृतक को घर पर नहीं पाकर खोजबीन शुरू कर दी।. पिछले तीन दिनों से परिजनों द्वारा काफी खोज बीन किया गया लेकिन कहीं पता नही चल सका। इस बीच रविवार की शाम में घर से दक्षिण कुछ ही दूरी पर पोखरे में एक शव होने की सूचना मिली। सूचना पर परिजनों ने पोखरे के पास जाकर शव की पहचान की। उसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना इसकी.सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुअनि शशि रंजन पूरे दल बल के साथ पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक राज मिस्त्री का काम करके अपने परिजनों का भरण पोषण करता था। मृतक को दो पुत्र व तीन पुत्रियाँ हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं ।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# हरदिया में पानी से खेती बर्बाद पर मछली कारोबार हुआ आबाद

प्रात : किरण संवाददाता

## सुखी मछली की अन्य प्रदेशों में होती है आपूर्ति

दरियापुर ।"कहते है जहां चाह वहां राह निकल ही आते है",उक्त कहावत को सारण के चर्चित हरदिया चंवर में बसे दरियापुर, दिघवारा तथा सोनपुर प्रखण्ड के लोगो ने पूरी तरह साबित कर दिखाया है ।जिस पानी ने इनके खेती को बर्बाद किया उसी पानी के जरिए मछली का कारोबार कर ऐसा नया रास्ता बनाया की टूटे सपनो के पंख लग गए ।चंवर से निकली मछली सूखने के बाद बोरे में भरकर दूसरे प्रदेशों में चली जा रही है ।इस प्रकार रोजाना कई टन मछलियों की खपत हो रही। है ।करीब 15 हजार एकड़ में फैले चंवर में जल जमाव से दशकों से किसान त्रस्त थे ।कई बार आंदोलन भी चलाया गया ।इसके बावजूद इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ ।जिससे किसानों के सामने आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती थी ।साल भर में जल जमाव के कारण रबी तथा खरीफ कोई खेती नही हो पाती थीं ।ऐसे में उन लोगो ने एक नई तरकीब निकालकर जल जमाव के अभिशाप को वरदान के रूप में बदल दिया ।मछली का कारोबार धीरे धीरे रफ्तार पकड़ लिया ।करीब एक सौ ऐसे पेशेवर लोग है जो मछलियां पकड़ते है ।फिर जो छोटी मछलियां स्थानीय स्तर पर नही बिकती है उसे नजदीक के सड़को पर सुखाया जाता है ।पहले ऐसी मछलियों को पुनः पानी में छोड़ दिया जाता है ।परंतु अब उसे अन्य प्रदेशों में बेचा जा रहा है ।जिससे काफी कमाई हो रही है ।आजकल सोनपुर - परसौना,दरियापुर-दरिहरा पथ तथा नयागांव फोरलेन पर ऐसे लोग मछली सुखाते नजर आ जाएंगे ।हालांकि इस बार चंवर में पानी कम आने के कारण मछली कारोबार मंदा रहा है ।परंतु इसका लाभ यह होगा की रबी की खेती भी हो सकेगी।

**कई प्रदेशों में यहां की मछली की है मांगः** सुखी मछलियों के कारोबार से जुड़े मोहन सहनी,रामनाथ सहनी,मुकेश सहनी आदि ने बताया की इस बार गंडक तथा गंगा का पानी चंवर में कम आने से व्यवसाय मंदा रहा है ।इसके बावजूद प्रत्येक सप्ताह बंगाल तथा असम पिकअप या ट्रक से माल भेजा जाता है ।वही कुछ स्थानीय व्यापारी भी खरीद कर मांग के अनुसार अलग अलग जगहों पर आपूर्ति करते है ।इस कारोबार से जुड़े व्यापारियों ने बताया की गत दो वर्षो से यह कारोबार शुरू हुआ है ।परंतु इस बार पानी की कमी से मांग के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है ।उन्होंने बताया की एक बोरे में 10 से 12 किलोग्राम मछली आती है जिसकी कीमत लगभग छह सौ रुपए होती है। वहीं एक ट्रक पर लगभग 10 हजार रुपए की बचत होती है।

**ऐसे होता है मछलियों का कारोबारः** गंगा तथा गंडक से पानी के साथ काफी मछलियां हरदिया चंवर में हर साल आ जाती है ।इसके बाद सितंबर से पानी कम होना शुरू होते ही यह कारोबार भी शुरू हो जाता है,जो कई माह तक चलता है ।इसमें छोटे व्यवसायी या पेशेवर लोग चंवर में नाव के सहारे जाल से या अन्य साधनों से मछलियों को पकड़ते है ।जिसके बाद बड़ी मछलियों को स्थानीय बाजार में बेच देते है। वहीं स्थानीय स्तर पर नही बिकने वाली छोटी मछलियों को सुखा कर अन्य प्रदेशों में बेच देते है।

# फसल विविधीकरण के तहत मक्का, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, दलहन एवं तेलहन फसल के क्षेत्र विस्तार का लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता

गया जिला में रबी अभियान का उद्घाटन कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर में कृषि निदेशालय, पटना से आये हुये नोडल पदाधिकारी शंकर कुमार चैधरी, निदेशक, बिहार राज्य बीज एवं जैविक अभिकरण बसोका एवं संयुक्त निदेशक षष्य, मगध प्रमंडल, गया द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया है। निदेशक, बसोका ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण, मक्का एवं दलहन, तेलहन के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के उद्देष्य से कार्य कर रही है। पी०एम० किसान योजना में किसानों को ई०के०वाई०सी कराना अनिवार्य है तथा अयोग्य पाये किसानों से राशि की रिकवरी कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला कृषि पदाधिकारी, गया ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत जलवायु के बदलते परिवेष को ध्यान में रखकर पारम्परिक फसलों की जगह मक्का, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, चना, मसूर एवं राई सरसों फसलों के क्षेत्र विस्तार, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के उद्देष्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 में फसल विविधीकरण के तहत मक्का 4500 हे०, चना 18100 हे०, मसूर 22300 हे०, राई/सरसों 7300 हे० एवं तीसी 1800 हे० आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये कृषि विभाग द्वारा प्रत्यक्षण के साथ-साथ अनुदानित दर पर प्रमाणित बीजों को वितरण गेहूँ 18049 क्वीं, चना 3805 क्वीं, मसूर 2241 क्वीं, मक्का 666 क्वीं एवं राई,सरसों 158 क्वीं कराया जा रहा है। रबी मौसम में मक्का, बेबी कॉर्न एवं स्वीट कॉर्न फसल पर किसान पाठशाला का आयोजन कर किसानों को प्रशिक्षित किया जायेगा। गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता हेतु जिले में दो सीड हब की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। गेहूँ फसल के लिये गुरारु प्रखंड अन्तर्गत डीहा एवं देवकली ग्राम एवं चना फसल के लिये अतरी प्रखंड अन्तर्गत बैरका ग्राम का चयन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आर०ए०डी० योजना अन्तर्गत बोधगया प्रखंड के गाफाखूर्द ग्राम पंचायत का चयन कलस्टर के रुप में किया गया है। इसके तहत फसल पद्धति आधारित कृषि प्रणाली में बायो फोर्टिफाईड बीज से आच्छादित कराने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 25 हे० में मक्का 5 हे० गेहूँ एवं 10 हे० मसूर फसल का आच्छादन का लक्ष्य है, जिसका व्यापाक प्रचार - प्रसार किया जाना है। इसके लिये सभी प्रखंड मुख्यालय में फ्लैक्सी बोर्ड के साथ- साथ राज्य से भेजे गये एल०ई०डी० रथ के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक निदेषक, कृषि अभियंत्रण ने कहा कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत 108 प्रकार के कृषि यंत्रो पर अनुदान देने का प्रावधान है। पहले आओ, पहले पाओह्यह्य के सिद्धान्त पर आवेदकों को अधिक अनुदान वाले योजनान्तर्गत लाभ पहले दिया जायेगा। सहायक निदेषक, पौधा संरक्षण ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अत्याधिक एवं अनुचित रसायनों के प्रयोग से मृदा के सूक्ष्म जीवों का विनाष हो रहा है, फलस्वरुप मृदा की उर्वरता एवं उत्पादन के टिकाउपन में लगातार कमी हो रही है। रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाषियों के आसमान छूते मूल्य के कारण खेती की लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। इन तथ्यों को ध्यान में रखकर वर्तमान में वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। जैविक खेती में मुख्य रुप से उर्वरता प्रबंधन हेतु कार्बनिक खाद कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, हरित खाद एवं जैव उर्वरक इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। कीट एवं रोगों के प्रबंधन हेतु बायोपेस्टीसाइड का प्रयोग किया जाता है। जैविक खेती में प्रयोग होने वाले अधिकांष उपादान कृषक अपने स्त्रोत से अपने प्रक्षेत्र पर ही तैयार कर सकते है। रबी कार्यषाला में कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर एवं आमस के वैज्ञानिक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक, भूमि संरक्षण, सहायक निदेशक, उद्यान, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक, रसायन, जिला परामर्शी, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी कृषि समन्वयक, सभी बी०टी०एम०, ए०टी०एम० एवं किसान सलाहकार उपस्थित थे।

# एलजी ने किया दिवाली ऑफर का अनावरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। दिवाली को देखते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने असाधारण इंडिया का सेलिब्रेशन के साथ उत्सव को प्रज्वलित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नवाचार और गुणवत्ता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर कायम रहते हुए दिवाली ऑफर का अनावरण किया है। इस दिवाली हर दिन एक ग्राहक एलजी ड्रीम होम पैकेज जीत सकता है। पैकेज में एक साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर, फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, वॉटर प्यूरीफायर, माइक्रोवेव ओवन और एक ओएलईडी टीवी शामिल हैं। इस रोमांचक ऑफर में भाग लेने के लिए प्रारूप में निम्नलिखित विवरण के साथ एक एसएमएस भेजना होगा। वहीं अपेक्षित डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर ग्राहक चुनिंदा एलजी उत्पादों पर 26 प्रतिशत तक कैशबैक का आनंद ले सकते हैं, चुनिंदा मॉडलों पर अधिकतम 26,000 रुपये का कैशबैक भी उपलब्ध है।

# कोचिंग के शिक्षक का बीएसएफ में चयन होने पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। प्रखंड के उसरी में संचालित एक कोचिंग के शिक्षक का चयन बीएसएफ में होने पर छात्र- छात्राओं ने रविवार को सम्मान समरोह का आयोजन किया ।और अपने शिक्षक को सम्मानित कर कोचिंग से विदाई दिया ।चयनित शिक्षक पानापुर थाना क्षेत्र के कोंध भगवानपुर गांव निवासी व्यवसाई सुनील कुमार साह के पुत्र दीपक कुमार है ।जिनका चयन बीएसएफ में हुआ है ।जो 28 अक्तूबर को जौनपुर में योगदान करेंगे ।जिसके उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया ।शिक्षा सेवा के बाद देश की सेवा के लिए चयनित दीपक कुमार ने बच्चों से कहा की पढ़ाई में मेहनत करें ।प्रतिदिन कम से कम छः घंटे तक सेल्फ स्टडी करें जरूर मैट्रिक परीक्षा में बेहतर परिणाम आयेंगे और आप भी देश की सेवा करेंगे ।कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद नाज ने किया ।मौके पर अवधेश गुप्ता,मुकेश अभिनंदन,नितेश कुमार,रविन्द्र सिंह,देवनाथ राय, डॉ. अजीम,सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बैठक में शिक्षक नियामवली पर हुई चर्चा

छपरा कार्यालय। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई -सारण के सभागार में जिले के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों, पुस्तकालयध्यक्षों की बृहद समीक्षात्मक बैठक "बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली -2023 " के प्रारूप पर विचार विमर्श हेतु आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार एवं संचालन जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने किया । बैठक में सर्वप्रथम, प्रकाश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव ने बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली -2023 के प्रावधानों पर खुले रूप से चर्चा की।

कोषाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार एवं संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार सिंह नेताद्वय ने से इस नियमावली के शिक्षक विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए आवश्यक संशोधन करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षक को पहले नियोजित-नियमित और फिर विशिष्ट और अतिविशिष्ट में बांटकर सरकार समाज और शिक्षक दोनों को भ्रमित कर रही है इससे शिक्षा में सुधार की जगह प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ दीनबंधु मांझी ने विशिष्ट की जगह केवल "सहायक शिक्षक" नाम रखने की बात कही साथ ही कहा कि शिक्षक सरकार के अंग हैं इन पर आत्मीयता से सरकार विचार करे। उपाध्यक्ष डॉ अनवारुल हक ने संपूर्ण नियमावली का ही विरोध किया।

# गड़हनी में हुआ अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा(खेग्रामस) का 5वां जिला सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी ।भोजपुर जिला के खेग्रामस का पाँचवा जिला सम्मेलन गड़हनी हाई स्कूल में रविवार को आयोजित किया गया ।जिला सम्मेलन की अध्यक्षता कामता प्रसाद और संचालन मदन सिंह ने किया ।वही जिला सम्मेलन की देख रेख खेग्रामस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह अगिआंव विधायक मनोज मंजिल ने किया ।सम्मेलन के पूर्व में देश मे प्रेस के आजादी पर हमला, गाजा में इजरायल द्वारा हमले के खिलाफ और 4 श्रम कोड के नाम पर मजदूरों को गुलाम बनाने के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया ।यह मार्च देश मे प्रेस के आजादी पर हमला, गाजा में इजरायल द्वारा हमले के खिलाफ और 4 श्रम कोड के नाम पर मजदूरों को गुलाम बनाने के खिलाफ था। मार्च में प्रेस की आजादी की आजादी को पुनर्बहाल करो, न्यूज क्लिक और जनपक्षधर पत्रकारों की गिरफ्तारी पर रोक लगाओ, गजा में इजरायल द्वारा किये जा रहे जनसंहार पर रोक लगाओ, सभी भूमिहीन परिवार के लिए 5 डिसमिल जमीन ले कर रहेंगे, मजदूरों को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने वाली 4 श्रम कोड वापस लो, मनरेगा में 600 रुपया मजदूरी और 200 दिन काम देना होगा, सभी बृद्धा-विकलांग- विधवा नागरिक को प्रति माह तीन हजार रुपया पेंशन देना होगा आदि नारे लगा रहे थे ।वही गड़हनी बाजार लाल झंडों से पट्टा हुआ था। हजारों मजदूर हाथों में लाला झंडा और तख्ती लिए गड़हनी के सड़कों पर मार्च कर रहे थे। मौका था अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा(खेग्रामस) का पांचवां जिला सम्मेलन का ।सम्मेलन की शुरूआत भाकपा - माले के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहम्मद ईशा के द्वारा झंडोतोलन व शहीद वेदी पर माल्यार्पण के साथ व अभी शहीदों व गाजा और रघुनाथपुर ट्रेन हादशे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई ।सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता खेग्रामस के राष्ट्रीय महासचिव धीरेन्द्र झा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश मे गरीबों की पूंजी को लूट कर अडानी - अम्बानी का गोदाम भरा जा रहा है। यह सरकार गरीबों के पूंजी लूट कर चलने वाली है। एक तरफ अडानी - अंबानी की सत्ता तो दूसरे तरफ सामंती सत्ता कायम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बिहार में जाति जनगणना पर बोलते हुए कहा कि यह गणना साफ कर दिया कि 20 प्रतिशत वाले को 16 प्रतिशत तो 7-8 प्रतिशत वालों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिजर्वेशन को फिर से लागू करना होगा। जाती के साथ - साथ जमीन और आर्थिक आंकड़ों को एक माह में प्रकाशित करना होगा। जो जमीन सरकारी है वह जमीन हमारी है। उन्हीने कहा कि हमे 22 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई लड़नी होगी। उन्हीने कहा कि आज देश मे महा एकता बन रही है। मोदी सरकार इस एकता से डर गई। वह विपक्ष के नेताओं को डर रही है। इस लिए एकता बड़ी बननी चाहिए। इस बार यह नारा गूंजना चाहिए कि एक भी गरीब - दलित का बोट भाजपा को नही जाना चहिए। उन्होंने कहा कि यह संघठन भोजपुर के ऐतिहासिक संघर्ष के गर्भ आए बनी है इस लिए गांव - गांव में मसाला जलनी चाहिए। हमने 5 गारण्टी आंदोलन शुरू किया है। जिसमे सभी विधवा , बुजुर्गो, विकलांगो, को 3000 रुपया पेंशन , आदि मांग होगी। अंत मे उन्होंने कहा कि 2024 में गरीब - मजदूरों के व्यापक एकता बना कर भाजपा को धूल चटायेगी भोजपुर की जनता। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खेग्रामस के सम्मानित अध्यक्ष व आरा के पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि हमने जो लड़ कर आजादी के बाद संविधान बनाया था आज वह खतरे में है। जब संविधान बना था तो बजरंग दल और आरएसएस ने इसका विरोध किया था। उसने कहा था कि हमारे पास मनुस्मृति है जिसमे महिलाओं , दलितों को दमित को दमित करने की बात है ।आज 75 वर्ष बाद भी मोदी सरकार अम्बेडकर के संविधान को मटीयामिट कर रही है। हमने खेत मजदूरों, महिलाओं, शिक्षा - स्वास्थ्य के सवाल पर आंदोलन किया और मोदी सरकार इसे खत्म कर रही है।

# जागरूकता गीतों के साथ हुई जन संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

पालीगंज/ प्रखंड क्षेत्र के महुआरी गांव में जिला प्रशासन पटना की ओर से शनिवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारम्भ क्षेत्रीय कलाकारों के जागरूकता गीतों के द्वारा किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के डीपीओ राजकिशोर कमल ने शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रों को दी जा रही छात्रवृति, पोशाक व साइकिल योजनाओं के बारे में विस्तार से लोगो को बताया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पालीगंज पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बिपिन कुमार ने बताया की सरकारी अस्पताल में इलाज, दवा व जांच जैसी सारी सुविधाएं निशुल्क है। यदि कोई पैसा मांगे तो अविलम्ब शिकायत करें। वैसे ब्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाई कर जेल भेजी जाएगी। अभी इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओ के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध है। सामाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक प्रभाकर ने बिधवा, बृद्ध व दिव्यांग पेंशनों, मृत्यु के पश्चात कबीर अंत्येष्टि योजना व पारिवारिक लाभ योजना, दिव्यांगों के लिए ट्राई साइकिल योजना के बारे में विस्तार से बताया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राजदेव ने आकस्मिक फसल योजना, बागवानी मिशन, किसान सम्मान निधि योजना व जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए किसानों को विस्तार से जानकारी दिया। उद्योग बिभाग से आये अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री उद्धमि योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला समाज कल्याण बिभाग पदाधिकारी कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वही जीविका दीदियों ने मंच से सरकारी एनजीओ जीविका के बारे में विस्तार से बताते हुए बताई की जीविका के माध्यम से महिलाओं को काफी सुविधाएं प्राप्त हुई है। वही जीविका दीदी ममता देवी ने बताई की ससुराल जाने के बाद महिलाओ को उनके पति या ससुर के नाम से पहचाना जाता था। वही अब जीविका ससुराल में भी खुद की पहचान देती है। वही पालीगंज डीएसपी प्रीतम कुमार ने बताया की 112 नम्बर की गश्ती दल, व शराबबंदी कानून से बहुत राहत महसूस हो रही है। साथ ही महिला पुलिस की हर थाने में नियुक्ति की जाने से महिलाओं से सम्बंधित मामलो को निपटने में पुलिस को काफी सहयोग प्राप्त हुई है। वही साइबर क्राइम से सम्बंधित समस्याओ की समाधान के लिए भी हेल्प लाइन सेंटर की स्थापना की गयी है। वही मौके पर मौजूद पटना विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया ने बताया कि जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र से सम्बंधित समस्याओ के बारे में जानकारी प्राप्त करना व उसके समाधान के लिए उपाय करना है।

# सीने में दर्द को सामान्य दर्द नहीं समझें हो सकता है हार्ट अटैक : डॉ हिमांशु

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। हार्ट अटैक की समस्या दिनों दिन लगातार बढ़ती जा रही है। अब ज्यादा उम्र के लोगों की तुलना में कम उम्र के लोगों को हार्ट अटैक की समस्या ज्यादा पीड़ित कर रही है। लेकिन इसके बाद भी आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि दस में से केवल एक पीड़ित ही समय पर अस्पताल पहुंच पाता है। छपरा शहर के नगरपालिका चौक स्थित धड़कन क्लिनिक के संचालक व आईजीआईसी पटना के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु कुमार ने बताया कि ज्यादातर लोग हार्ट अटैक के लक्षणों को पहचान ही नहीं पाते, वे उन्हें सामान्य सीने में दर्द की समस्या समझ लेते हैं, जिसके कारण इलाज मिलने में देरी हो जाती है और इनमें से अनेक लोगों की मौत हो जाती है।

**सीने में दर्द को सामान्य दर्द नहीं समझेंः** डॉ हिमांशु ने बताया कि दरअसल, हार्ट अटैक के मामलों में भी कुछ ऐसे लक्षण शामिल होते हैं, जो कुछ बेहद सामान्य परिस्थितियों में भी दिखाई पड़ते हैं। यही कारण है कि लोगों को समझने में गलती हो जाती है। जैसे चक्कर आना हार्ट अटैक के आने का एक महत्त्वपूर्ण पूर्व संकेत होता है, लेकिन कई बार कमजोरी होने, या समय पर खाना न खाने, या शुगर के कम-ज्यादा होने से भी होता है। ऐसे में लोगों को गलतफहमी हो जाती है कि उन्हें चक्कर आने का सही कारण क्या है।

**समय पर अस्पताल पहुंचने पर बच सकती है जान :** डॉ हिमांशु ने बताया कि सीने में जलन होना हृदय रोगों के सबसे गंभीर लक्षणों में से एक होता है। लेकिन लोग इसे सामान्य परेशानी समझ लेते हैं जिससे कई बार इलाज पाने में देरी हो जाती है और व्यक्ति की जान चली जाती है। लेकिन यदि ऐसे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके, तो इनकी जान बचाई जा सकती है।

**युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारणः** दुनियाभर में पुरुषों में हार्ट अटैक की परेशानी होने की औसत उम्र 64.5 वर्ष है, जबकि महिलाओं के लिए यह आयु 70.3 वर्ष है। लेकिन देखने में यह आ रहा है कि अब 20 साल से 50 साल की आयु के लोगों में भी हार्ट अटैक की समस्या खूब बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण तनाव, अस्वास्थ्यप्रद खान पान और अनियमित जीवनशैली हो सकती है।

# असमाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया शहर में लगे बोर्ड

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।एक तरफ नगर परिषद के द्वारा शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए व यातायात नियम को पालन करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शहर में बोर्ड लगाए जा रहे हैं ताकि शहर के किसी गली व मोहल्ले में जाने से कोई समस्या ना हो सके इसको लेकर नगर परिषद जगह-जगह पर साइन बोर्ड लगाने का कार्य कर रही है।

वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्व के द्वारा साइन बोर्ड को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं ।वहीं मालूम हो कि शहर के रिंग रोड जाने वाली सड़क के किनारे लगे साइन बोर्ड को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया गया है। वही रिंग रोड,चतरा मोड़ आदि जगहों के पास लगे बोर्ड को तोड़ दिया गया है, इस तरह के घृत करने वालों के खिलाफ नगर परिषद सख्त है ।और उनके खिलाफ कानून कारवाई भी की जाएगी। इस तरह के घटना के बाद लोग घटना घोर निंदा कर रहे है।

# शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापित कर माता रानी की भक्ति में डूबे लोग

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर(सारण)शारदीय नवरात्रि को लेकर माँ दुर्गा पूजन हेतु कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना शुरू हुई। रविवार को जनता मेला अमनौर ठाकुरवाड़ी परिसर से गाजेबाजे के साथ माता रानी का जय जयकारा करते हुए सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पूजा पदयात्रा किया। पदयात्रा पूजा स्थल से अमनौर बाजार होते हुए गोसी अमनौर के रास्ते धोबाही, गुना छपरा ,परशुराम गंडक नदी किनारे पहुंचे।

जहां आचार्य कृष्णा उपाध्याय ने मंत्रोउच्चारन के साथ गंगा पूजन कराया.इसके पश्चात गंगा की मिट्टी निकाली गई,तथा गंगा की पानी कलश में लेकर पूजा स्थल पहुंचे। पदयात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु भक्त श्रद्धा पूर्वक माता रानी की जय,जय जगदम्बे,जय भवानी,शेरा वाली माता रानी का,जय जयकारा करते वातावरण को भक्तिमय कर रहे थे। इस दौरान मेला समिति के बरिष्ठ सदस्य विजय शर्मा ने कहा कि कलश स्थापना को लेकर जलभरी हेतु पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस बार मेला का आयोजन भब्यता के साथ होगी,इस मेले में माता रानी के दर्शन के लिए यहा लोग दूर दूर से आते है।

जो लोग श्रद्धा पूर्वक माता रानी को याद करते है उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस मौके मेला समिति के अध्यक्ष कुलदीप महासेठ, दिपक सोनी, संरक्षक विजय शर्मा, मानीकचद्र जयसवाल, गोपाल जी, रमेश सोनी, प्रीतम गुप्ता, सोनल कुमार, उज्जवल कुमार, पंकज प्रसून, दिपक कुमार, , पिंटू तिवारी,कुणाल जयसवाल, राजकुमार जयसवाल ,रंजीत कुमार, बिरजू कुमार समेत सैकड़ो श्रद्धालु भक्त शामिल थे।

# नवरात्र के पूर्व संध्या पर भजन संध्या में माता के आगमन पर देर रात्रि तक भक्त देर रात्रि तक झूमते रहे

छपरा कार्यालय। नवरात्र की पूर्व संध्या पर एक भक्ति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कि शुरूआत एसडीएस कॉलेज छपरा के प्रांगण में कार्यक्रम के उद्घाटन पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिं

सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण की चुनौती

वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है।दिल्ली और आसपास के इलाकों को इस वर्ष अब तक राहत महसूस हो रही थी। इस साल थोड़े-थोड़े अंतराल पर पर्याप्त बारिश होती रही, जिससे कई वर्षों से चली आ रही वायु प्रदूषण की समस्या यहां के लोगों को नहीं झेलनी पड़ी। लेकिन अक्टूबर आते ही फिर से वायु प्रदूषित होने की खबरें आने लगीं। यह चिंता इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। तो न्यायायल ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग से हवा साफ रखने के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पराली जलाने और अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण के बारे में न्यामित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रही वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलीलों को सुना। कोर्ट को बताया गया कि ठंड की शुरूआत और दीवाली आने के साथ ही वायु प्रदूषण की समस्या और बढे वाली है। इसके संकेत पहले से मिल रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने शीतकालीन कार्ययोजना के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन की शुरूआत की है।बहरहाल, पराली जलाने की समस्या का कोई समाधान अभी सामने नहीं है। खेतों से फसल काट लेने के बाद पराली को जलाना पंजाब और हरियाणा सहित कई दूसरे राज्यों में भी आम बात है। इसका धुआं दूर-दूर तक फैलता है। इसके अलावा बिना पूरे एहतियाती उपाय किए निर्माण कार्य जारी रहने के कारण हवा में धूल मिलती है। ऊपर से ठंड के कारण धुंध उन पर आ बैठती है। निर्माण के कारण उडे वाली धूल, गाडिों से निकला धुआं और खेतों में पराली जलने से उठा धुआं स्मॉग की चादर निर्मित करते हैं। धुंध, धुएं और धूल से मिल कर ठंडी हवा भारी हो जाती है और आसमान पर स्मॉग छा जाता है। वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस कारण तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। इसलिए वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब है।

# गजाः युद्ध एक पहलू अनेक

तनवीर जाफरी

फिलिस्तीन के कई क्षेत्रों में इस्लामिक आंदोलन के रूप में सक्रिय संगठन हमास ने जब से इजराईल पर एक साथ लगभग 7 हजार मिसाइलों की अकल्पनीय वर्षा की है उसके फौरन बाद से ही इस्राईल ने भी युद्ध की घोषणा करते हुये गजा पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिये हैं। दोनों ही तरफ से मानवता का खून खुलकर बहाया जा रहा है। दोनों ही पक्षों के हजारों लोग अपनी जानें गँवा चुके हैं। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश हमास के हमले को आतंकवादी हमला बताते हुये इस्राईल के साथ खड़े हुये हैं। जबकि इस्लामी देश खासकर अरब जगत इस मुद्दे पर बंटा हुआ है। ले दे कर ईरान,सीरिया व लेबनान जैसे देश व वहां का नेतृत्व बिना इस बात की परवाह किये हुये फिलिस्तीनियों के साथ खड़ा है कि इस्राईल को महाशक्ति अमेरिकी समर्थन हासिल है। इस्राईल तो यह भी आरोप लगा रहा है कि हमास द्वारा इजराईल पर दागी गयी लगभग 7 हजार मिसाइल व इसके कारण इस्राईल में हुई जान व माल की भारी तबाही के पीछे ईरान का हाथ है। परन्तु ईरान ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से तो इंकार जरूर किया है परन्तु उसने हमास और फिलीस्तीनियों के अधिकारों व उनके संघर्ष के प्रति अपना खुला समर्थन पूर्ववत जारी रखने का एलान भी किया है। हमास का मत है कि फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है। वेस्ट बैंक में भी हमास की मौजूदगी है। फिलहाल खंडहर के रूप में परिवर्तित हो चुके गजा को इस्राईली सेना चारों तरफ से घेर कर सैन्य कार्रवाही कर रही है यहाँ तक कि उसने हवाई हमले भी किये हैं। इस्राईल ने तो फिलीस्तीनियों से गजा छोड़ कर चले जाने की भी चेतावनी दे डाली है। गौरतलब है की हमास का मुख्यालय भी गजा शहर में ही है जिसे पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प इस्राईली नेता बेंजमिन नीतिनयाहु ले चुके हैं।

इस पूरे दुर्भाग्यपूर्ण घटना चक्र में केवल मानवता विरोधी युद्ध ही नहीं हो रहा बल्कि पूरा विश्व इस युद्ध व इसके कारणों के विभिन्न पहलुओं को लेकर भी चिंतित है। सबसे बड़ी चिंता इस युद्ध में यह है कि जिसतरह आनन फानन में अमेरिका ने अपनी सैन्य सहायता इस्राईल को सबसे पहले भेजी और उसके वरिष्ठ मंत्री भी इस्राईल आये और गये उससे एक बात साफ नजर आ रही है कि इस्राईल इस समय यह लड़ाई केवल गजा में हमास नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये ही नहीं लड़ रहा बल्कि इसके पीछे ईरान को उकसाने की भी पश्चिमी देशों की एक बड़ी साजिश है। तमाम अंतराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना और पूरी तरह आत्म निर्भर बने रहना यहाँ तक कि सैन्य,विज्ञान व तकनीकी क्षेत्रों में भी शोधात्मक प्रगति करना पश्चिमी देशों को नहीं भा रहा है। यह किसी भी तरह ईरान को युद्ध में खींचना चाहते हैं। वर्तमान गजा युद्ध में भी इन देशों की यही कोशिश है कि गजा पर हो रहे इस्राईली जुल्म और उसे अमेरिकी समर्थन से क्रोधित होकर किसी तरह ईरान भी युद्ध में कूद पड़े। यदि ऐसा होता है तो उसके बाद इस युद्ध की क्या शक्ल होगी इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

दूसरा पहलू इस युद्ध का यह भी है कि इस्राईल व अमेरिका सहित अनेक पश्चिमी देश जोकि स्वयं शस्त्रों का उत्पादन व व्यवसाय करते हैं उनके लिये इस तरह के युद्ध ही उचित बाजार हैं। लिहाजा हथियार उत्पादन करने व मुख्यतः इसका व्यवसाय करने वाले देशों की दिलचस्पी शांति या युद्ध रोकने में नहीं बल्कि युद्ध को और खतरनाक मोड़ तक ले जाने में रहती है। भीषण मारक हथियारों के इस्तेमाल के परिणाम स्वरूप जहाँ मानवता कराहती है और मानवतावादी आंसू बहाते हैं वही यह हथियार उत्पादक वैश्विक लॉबी ऐसे हथियारों के अति घातक परिणाम को अपनी व अपने उत्पाद की सफलता मानते हैं। आजकल ऐसे प्रत्येक हथियारों के प्रयोग के साथ ही उनकी वीडिओ भी बनाई जाती है ताकि उसकी कार्यक्षमता व उसके द्वारा की गयी भीषण तबाही का पूरा खूनी मंजर कैमरे में कैद कर अपना शस्त्र क्रेता ग्राहक देशों या आतंकवादी संगठनों को दिखाया जा सके। दुनिया के कई शस्त्र उत्पादक देश केवल अनेक देशों की सरकारों को उसके सैन्य प्रयोग के लिये ही हथियार नहीं बेचते बल्कि दुनिया के अनेक आतंकी संगठनों या कथित रूप से मुक्ति संघर्ष में लगे संगठनों को भी हथियार की आपूर्ति करते हैं। अन्यथा सोचिये कि दुनिया के तमाम आतंकी या मुक्ति संग्राम/आंदोलन के नाम पर भूमिगत होकर गुरिल्ला युद्ध करने वाले संगठनों के पास अत्याधुनिक हथियार आने का आखिर दूसरा कौन सा जरिया है?

इसी इस्राईल-गजा संघर्ष के बीच दुनिया के सामने वह दस्तावेज भी खूब वायरल हो रहे हैं जिसमें जर्मनी में हिटलर से सताये गये यहूदी जहाजों में भरकर फिलिस्तीन में शरण मांग रहे हैं और फिलिस्तीनी समुद्र तट पर लगे अपने जहाज पर उन्होंने एक बैनर लगा रखा है जिसपर शरण की भीख मांगते हुये यह लिखा कि - जर्मनी ने हमारे घर परिवार को तबाह व बर्बाद कर दिया है अब आप हमारी उमीदों को मत कुचलना। गौर तलब है कि 1941-45 के मध्य जर्मन तानाशाह हिटलर ने लगभग 60 लाख यहूदियों को तरह तरह की यातनायें देकर मार दिया था। यह जर्मनी में कुल यहूदियों की आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। कहा जाता है कि बचे यहूदियों को देश से बाहर निकालते समय भी हिटलर ने कहा था कि -मैं चाहता तो इन्हें भी मार देता। मगर मैंने इन्हें जिंदा इसलिये छोड़ दिया ताकि दुनिया देखे कि मैंने इन्हें क्यों मारा। परन्तु उस घटना के लिये जोकि द्वितीय विश्व युद्ध का एक हिस्सा थी आज तक दुनिया हिटलर को अपराधी समझती है और यहूदियों के साथ उस समय हुये होलोकास्ट के चलते इस समुदाय के प्रति अपनी सहानुभूति रखती है। परन्तु केवल आठ दशकों के अपने शरणार्थी रुपी प्रवास के दौरान जिस तरह यहूदियों ने फिलिस्तीन की जमीन पर कब्जा करने व इन्हें इनकी जमीन से बेदखल करने तक का षड़यंत्र पश्चिमी देशों की मिली जुली साजिश से रचा है और आये दिन उस धरती पर खून की होली खेली जाती है उसे देखकर यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि भविष्य में किसी देश के सताये हुये लोग या असुरक्षा,हिंसा,प्रताड़ना या विद्वेष के शिकार वर्ग या समुदाय विशेष के लोग यदि किसी देश में शरण मांगेंगे तो उस देश को पूरा अधिकार है कि वह फिलिस्तीन के साथ हुये दुनिया के सबसे बड़े धोखे को मद्देनजर रखते हुये ही कोई निर्णय ले? अब रहा सवाल भारत सहित कई देशों यहाँ तक कि मुस्लिम जगत के कई देशों द्वारा इजरायल को समर्थन देने या उसका विरोध न करने का,तो इसके लिये इस्राइल ने एक दूरगामी रणनीति के तहत पिछले तीन दशकों से उन देशों से निकटता बढ़ाई जो इजराइल से मधुर सम्बन्ध बनाने में हिचकते थे। इसमें भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान व सऊदी अरब व अरब जगत के और भी कई देश शामिल हैं।

# राजस्थान में भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा अपने लोगों की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है

भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है। विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत-सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्हीं सीटों पर मैदान में उतारा है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है। राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा
वरिष्ठ स्तंभकार

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों- मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत-सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्हीं सीटों पर मैदान में उतारा है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।

राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक हैं। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटों से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दीया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी हैं। जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थकों ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके हैं। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनूं के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है। सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी।

राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी है। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक, दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वह एक बार सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुके हैं। राजस्थान में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी कि अध्यक्षता में एक कमेटी बनायीं है जो बागी प्रत्याशियों को समझाकर मनायेगी। इस कमेटी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। भाजपा के कई बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर उन्हें समझा रहे हैं।

मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी, प्रहलाद सिंह पटेल को नरसिंहपुरी, फगन सिंह कुलस्ते को निवास विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं लोकसभा सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, प्रीति पाठक को सीधी और उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर क्रमांक-1 से प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक घोषित 136 प्रत्याशियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-मोनहता सीट से, सांसद गोमती सांय को पत्थलगांव, सांसद अरुण सांव को लोरमी से प्रत्याशी बनाया गया है। दुर्ग से सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से प्रत्याशी बनाया गया है। विजय बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे हैं। वहीं आईएएस अधिकारी रहे ओपी चौधरी को रायगढ़ से व नीलकंठ टेकाम को केशकाल से प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी टिकट दिया गया है। भाजपा अभी छत्तीसगढ़ में कमजोर मानी जा रही है जहां उनके पास मात्र 14 विधायक ही हैं। हिंदी भाषी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की लिस्ट जारी होने के बाद कई सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों को बागियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान में भाजपा से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सात सांसदों को टिकट मिलते ही कांग्रेस या अन्य दलों के प्रत्याशियों से पहले अपनी ही पार्टी के लोगों में उभर रहे विरोध से पार पाना होगा।। इनमें बड़ा नाम तिजारा से बाबा बालकनाथ, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी, सांचौर से देवजी पटेल हैं जो अपनों से ही घिर रहे हैं। बीजेपी मुख्यालय पर राज्यवर्धन गो बैक और विजय बैंसला के लिए बाहरी भगाओ देवली-उनियारा बचाओ के नारे लगे हैं। चुनाव में दीया कुमारी को छोड़कर अन्य सांसदों का कड़ा इम्तिहान है। श्रीगंगानर, बांदीकुई, झुंझुनूं, कोटपूतली, बानसूर, सुजानगढ़ समेत 10 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला के बेटे विजय बैंसला को देवली-उनियारा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। उन्हें बाहरी बताकर विरोध शुरू हो गया है। भाजपा में कुछ दिनों पूर्व ही घर वापसी करने वाले सुभाष महरिया को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने उतारा गया है। सहाड़ा से भाजपा प्रत्याशी लादूलाल पीतलिया के सामने कौन लड़ेगा यह तय नहीं है। हालांकि उपचुनाव में उन्होंने जो विरोध किया वह याद दिलाया जा रहा है। उन्होंने अमित शाह के नाम से धमकाने का आरोप लगाया था और कांग्रेस सरकार ने तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई थी। ये बातें अब पार्टी के अंदर और विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा बन रही हैं।

# 9वां पी-20 संसदीय पठासीन अधिकारियों का सम्मेलन हुआ सम्पन्न

इस बात का उल्लेख देखनें को मिलता है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित नव र्निमित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेन्टर यशोभुमि जी-20 के संसदीय पीठासीनअधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित की गई। इस सम्मेलन में दुनियाभर के जी-20 सदस्य देशों के संसदों के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में चार सत्र आयोजित किए गए थे। इस सम्मेलन का थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद है। सम्मेलन केसमापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, कई देशों के प्रतिनिधियों ने पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व की स्थिति का भी उल्लेख किया है। कुछ सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने और सप्लाई चेन में लचीलापन लाने के आवश्यक्ता का भी उल्लेख किया है। आज के इंटर कनेक्टेड विश्व में हम किसी मुद्दे को आइसोलेशन में नहीं देख सकते। 13 अक्टूबर को नई दिल्ली के द्वारका स्थित नव र्निमित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेन्टर ह्ययशोभुमि ह्यजी 20 के संसदीय पीठासीनअधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधान मंत्री द्वारा की गई। प्रधान मंत्री ने संसदीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेयलन-पी 20 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खंडित विश्वा कभी भी वर्तमान चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता।

विनोद ताकियावाला
लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है

विश्व के सबसे बड़ी आबादी वाला देश भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र का जन्म सदियों पूर्व भारत में हुआ था। जिसका प्रमाण बिहार के मोर्यकालीन इतिहास में बैशाली में देखने के मिलता है। इस बात का उल्लेख देखनें को मिलता है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित नव र्निमित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेन्टर यशोभुमि जी-20 के संसदीय पीठासीनअधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित की गई। इस सम्मेलन में दुनियाभर के जी-20 सदस्य देशों के संसदों के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में चार सत्र आयोजित किए गए थे। इस सम्मेलन का थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद है। सम्मेलन केसमापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, कई देशों के प्रतिनिधियों ने पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व की स्थिति का भी उल्लेख किया है। कुछ सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने और सप्लाई चेन में लचीलापन लाने के आवश्यक्ता का भी उल्लेख किया है। आज के इंटर कनेक्टेड विश्व में हम किसी मुद्दे को आइसोलेशन में नहीं देख सकते।

13 अक्टूबर को नई दिल्ली के द्वारका स्थित नव र्निमित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेन्टर यशोभुमि जी 20 के संसदीय पीठासीनअधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधान मंत्री द्वारा की गई। प्रधान मंत्री ने संसदीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेयलन-पी 20 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खंडित विश्वा कभी भी वर्तमान चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। मोदी ने कहा कि सबके विकास और कल्याण के लिए यह समय साथ मिलकर आगे बढ़ने का है। आतंकवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कहीं भी और किसी भी कारण से आतंकवाद मानवता के खिलाफ है। उन्होंने वर्ष 2001 में संसद भवन पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया। भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और उसके पास लोकतांत्रिक संस्थाओं का समृद्ध इतिहास है। देश के इस समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास में सभा और समिति की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने ने कहा कि लोग इन संस्थाकओं के माध्यम से सामूहिक निर्णय लिया करते है। भारत में न केवल विश्व की सबसे बडी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होती है, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी लगातार बढ़ती जा रही है। आम चुनाव उत्स व जैसे माने जाते हैं और आजादी के बाद से 17आम चुनाव और तीन सौ से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के आम चुनाव में साठ करोड़ से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि देश ने प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से चुनाव प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। प्रधानमंत्री ने देश में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यी विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का सरकार का हाल का फैसला देश में संसदीय परंपरा को और मजबूत करेगा।

दो दिवसीय सम्मे लन भारत की जी-20 अध्यैक्षता की थीम के अनुरूप एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यस के लिए संसद विषय पर आयोजित है। इसमें विभिन्न देशों की संसद के पीठासीन अधिकारी और सदस्यों के अलावें अफ्रीकी संसद के प्रतिनिधि भी भाग लिये। सम्मेलन के पहले चरण 12 अक्टूबर 2023 को एल आई ई एफ(सतत विकास के लिए जीवन शैली)शिखर सम्मेलन से पहले छऋ(पर्यावरण के लिए जीवन शैली)पर एक संसदीय फोरम आयोजित किया गया। भारत की प्राचीन और सहभागी लोकतांत्रिक परंपराओं को उजागर करने हेतु प्रजातंत्र की जननी(मदर ऑफ डेमोक्रेसी) प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

आप के मन भी यशोभुमि के बारे में जिज्ञासा उत्पन्न हो रही होगी। मै आप को ज्यादा परेशान करते हुए यशोभुमि के बार बता दूँ कि यशोभूमि में विश्व के सबसेबड़े प्रदर्शनी हॉल हैं। इन हॉल का उपयोग प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया जाएगा। यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम से भी है बड़ा है। जहाँ11 हजार लोगों की क्षमता है। इस अंतरराष्ट्रीय एक्सपो सेंटर को यशोभूमि (आईआईसीसी) नाम दिया गया है। द्वारका सेक्टर 25 में एक नए मेट्रो स्टेशन है, जो दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन का विस्तार है। इसकी शुरूआत के बाद यशोभूमि दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से भी जुड़ गई है। इसके लिए यहां 735 मी लंबा एक सब-वे भी बनाया गया है। करीब 25, 703 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यशोभूमि के पहले चरण में एक विश्वस्तरीय सम्मेलन केंद्र, दो प्रदर्शनी हॉल और 3, 000 से ज्यादा कारों को समायोजित करने के लिए एक पार्किंग सुविधा शामिल है। स्वचालित सिटिंग सिस्टम से लैस ऑडिटोरियम है। इसके शुरू होने के बाद जी-20 जैसे बड़े आयोजन यहां भी आयोजित किये जा सकते हैं। इसे प्रगति मैदान का विकल्प माना जा रहा है। इस कन्वेंशन सेंटर में मुख्य ऑडिटोरियम, ग्रैंड बॉलरूम सहित 15 कन्वेंशन रूम और 13 कॉन्फ्रेंस रूम शामिल हैं। जिनमें कुल 11 हजार लोगों को समाहित करने की क्षमता है। इसके ऑडिटोरियम में ऑटोमैटिक सीटिंग सिस्टम बनाया गया है, जो जरूरत के अनुसार एक सपाट फर्श या फिर सीढ़ीनुमा बन जाता है, जहां ऑडिटोरियम की शैली में लोग बैठ सकते हैं। मुख्य ऑडिटोरियम कन्वेंशन सेंटर की तो यह पूरा हॉल है और यहां लगभग एक साथ 6, 000 मेहमानों की बैठने की क्षमता है। वहीं, ग्रैंड बॉलरूम में लगभग 2500 मेहमान एक साथ बैठ सकते हैं। इसके अलावा इसमें एक ओपन एरिया भी है जिसमें 500 लोग बैठ सकते हैं, जबकि आठ मंजिलों में फैले 13 कॉन्फ्रेंस रूम में विभिन्न स्तरों की बैठकें आयोजित की जा सकती है। ह्ययशोभूमिह्ल में दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉल्स हैं। इन प्रदर्शनी हॉल का उपयोग प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया गया है। 9वें जी-20 के संसदीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का समापन अर्न्त राष्ट्रीय राजनीति में भारत ने नेतृत्व व मेहमान बाजी का अमिट निशानी छोड दिये।

# कांग्रेस की बिसात में फंसती जा रही है, भाजपा?

सनत कुमार जैन

भारत जोड़ो यात्रा के बाद से कांग्रेस और राहुल गांधी का आक्रामक स्वरूप देखने को मिल रहा है। जब भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्हें पप्पू कहा जा रहा था। मीडिया में यह भी कहा जा रहा था, कि वह जल्द ही यात्रा बीच में छोड़कर वापस आ जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा एक टी-शर्ट से पूरी की। कन्याकुमारी से कश्मीर तक उन्होंने यात्रा की। उसके बाद उनके माथे से पप्पू का कलंक हट गया। एक नेता के रूप में राहुल गांधी की पहचान मीडिया और आम जनता के बीच बनी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ा हमला गांधी परिवार पर किया था। कांग्रेस ने इसका बखूबी जवाब दिया। दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया।कांग्रेस ने एक तीर से दो शिकार कर लिए। भारतीय जनता पार्टी ने गांधी परिवार के ऊपर जो निशान साधा था। वह कोई काम नहीं आया। उल्टे कर्नाटक में इस दलित नेता के कारण भारतीय जनता पार्टी को करारी पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा के हमले से कांग्रेस में एक दलित नेता जरूर पैदा हो गया। जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। पिछले कुछ महीनो में कांग्रेस ने जिस तरह से लोक लुभावन घोषणाएं कर भारतीय जनता पार्टी को घेरने का काम किया है।उससे भ

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुखिया के निधन पर शोक

बोचहा ।प्रखंड के शर्फुद्दीनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया कप्पल चौधरी का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद असामयिक निधन हो गया। पूर्व मुखिया के निधन की खबर सुनते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व मुखिया कप्पल चौधरी अपने पैतृक आवास गोपालपुर गोपाल गांव में शनिवार को अंतिम सांस ली। बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक और व्यवसायों ने शोक प्रकट किया, उनके शव यात्रा में पूरे क्षेत्र से काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। वही उप प्रमुख आसिफ नदीम फरीदी, स्थानीय मुखिया अजय कुमार, मुखिया पंकज कुमार, पूर्व जिला पार्षद भारत पासवान मौके पर पहुंचकर पूर्व मुखिया कप्पल चौधरी के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कप्पल जी नेक दिल इन्सान के साथ ही एक सच्चे समाज सेवी थे। बैनाथ प्रसाद वर्मा, रंजीत चौधरी, रामेश्वर सहनी ने पूर्व मुखिया कप्पल चौधरी की धर्मपत्नी रामदुलारी देवी ,पुत्र गयानंद कुमार उर्फ गोपी चौधरी, और पुत्री मुन्नी देवी, चिंतू देवी, सोनी देवी से मिल कर सांत्वना दी। पूर्व मुखिया के निधन पर महेश लाल चौधरी, त्रिपुरारी चौधरी, एडवोकेट मृत्युंजय, डॉक्टर सुल्तान अंसारी , मनोज चौधरी, सूरज कुमार, चंदन कुमार, कुंदन चौधरी, शंकर पंडित,रमेश चौधरी, मनोज पंडित, विकाश कुमार, सहित दर्जनों गणमान्य लोगो ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### भीषण सड़क हादसे में पांच की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के एन एच 28 पर भाषण सड़क हादसे में 5लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। तेज रफ्तार बस ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई है। दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। सकरा थाना क्षेत्र के सुजावलपुर चौक के पास एनएच 28 पर यह दुर्घटना हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। गुस्साए लोगों ने मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग एनएच 28 को सुजावलपुर चौक के पास जाम कर दिया। मौके पर पहुंची सकरा थाने की पुलिस ने किसी तरह उग्र लोगों को शांत करा कर जाम समाप्त कराया।

### मानव तस्करी, बाल विवाह व बाल मजदूरी रोकथाम पर बेहतर कार्य के लिए एसआई एकता सागर को किया गया सम्मानित

रक्सौल। मानव तस्करी, बाल विवाह व बाल मजदूरी जैसे जघन्य अपराध पर लगाम लगाने को लेकर एक कार्यक्रम के दौरान रक्सौल एसआई एकता सागर को सम्मानित किया गया। बता दे कि ये प्रशासन के महकमों के कार्य करने के साथ साथ सामाजिक सेवा भी करती है। इसको मध्य नजर रखते हुए इसी दौरान शहर के डंकन हॉस्पिटल के प्रांगण में एक कार्यक्रम के दौरान एक रैली निकाली गई थी, जो डंकन अस्पताल से चलकर शहर के कस्टम के पास गया, जहाँ कार्यक्रम में शामिल विभिन्न प्रकार के संस्था से आए लोगों ने अपनी अपनी बात रखा। तदोपरांत उक्त रैली फिर डंकन पहुँचा जहाँ सभा का समापन किया गया।

### पूर्व मंत्री अर्जुन मंडल का निधन लोगो ने जताया शोक

अलीगंज ।बिहार सरकार के भूतपूर्व वन एवम पर्यावरण मंत्री अर्जुन मंडल का पटना के एक नीजि अस्पताल मे अचानक निधन हो गया ।वे कुछ दिनो से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की समाचार मिलते ही जिले मे शोक की लहर फैल गई। उनके निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी धर्मेन्द्र पासवान उर्फ गुरूजी,महेश सिंह राणा,अधिवक्ता शशिशेखर सिंह मुन्ना,प्रभुदयाल सिंह,राजेश पासवान,मकेश्वर यादव,अवधेश यादव,कांग्रेस के राज्य प्रतिनिधि सुधीर प्रसाद सिंह,विक्रम कुमार, राहुल प्रियंका कांग्रेस सेना के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ जोगन यादव,जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, धर्मेन्द्र कुशवाहा,अर्जुन सिंह,शरण सिंह,कामता सिंह,बखोरी पासवान,प्रखंड अध्यक्ष गरीब यादव के अलावे विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओ व कार्यकर्ताओ ने पूर्व मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। धर्मेन्द्र पासवान उर्फ गुरुजी ने कहा कि पूर्व मंत्री के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# केन्द्र की मोदी सरकार खेती -किसानी को बर्बाद करने पर तुली हुई है : अशोक बैठा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य सचिव अशोक बैठा ने कहा हे कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार खेती किसानी को बर्बाद करने पर तुली हुई है।वे शनिवार को मुसहरी प्रखंड के मनिका गांव में आयोजित अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के द्वितीय जिला सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान नेता राजू शाह ने किया ।सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य सचिव अशोक बैठा ने कहा केंद्र के मोदी सरकार खेती चौपट करने में लगी हुई है। तीन कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन के दबाव में तो कानून वापस किया, लेकिन आंदोलन के दरमियान जो समझौता हुए थे ,किसान आंदोलन में शहीद साथियों को मुआवजा देने के लिए ,एम एस पी के गारंटी करने ,एवं 2022 बिजली संशोधन विधेयक वापस लेने के लिए मोदी सरकार मुकर गई है। बिहार में नीतीश सरकार सरकारी मंडी को चालू नहीं कर रही है ।बिहार में जल जीवन हरियाली के नाम पर गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाया जा रहा है । आज भी भूमि सुधार कानून लागू नहीं हुआ। बिहार में डी बंदोपाध्याय के रिपोर्ट को सरकार ने लागू नहीं किया। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों किसान मजदूर विरोधी है ।किसान मजदूरों को संगठित होकर जुझारू जन आंदोलन खड़ा करना होगा। तमाम भूमिहीनों को जमीन दिलाने के लिए संघर्ष तेज करना होगा। बिहार सरकार जमीन सीलिंग की जमीन को बंटवारा करवाने के लिए किसानों एवं मजदूरों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा तभी भूमिहीनों को जमीन मिल सकती है। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष श्याम सुंदर भगत ने कहा कि मोदी सरकार हो या नीतीश सरकार दोनो जनता के खिलाफ जन विरोधी कानून बना रही है। निजीकरण होने से रोजगार के अवसर घटे हैं। तमाम सरकारी संस्थाओं को मोदी सरकार कारपोरेट के हवाले कर रही है । इसी का परिणाम है कि 2022 बिजली संशोधन विधायक मोदी सरकार ने संसद में पास किया ।बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभाग को मोदी सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर पूजीपतियों के हाथ में देना चाहती है। किसान मजदूर को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा , हम सम्मेलन के माध्यम से मांग करते हैं कि सरकार 200 यूनिट बिजली उपभोक्ताओं मुफ्त दे।बिजली के निजीकरण पर रोक लगे। उपरोक्त मांगों को लेकर आंदोलन बिहार में खड़ा करना होगा। सम्मेलन को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में अजमूल्ला अंसारी राजू शाह उदय चौधरी ओम प्रकाश सिंह बच्चा बाबूराम दिनेश सहनी विन्दू देवी रिंकू देवी लाल बाबू ठाकुर परमानंद पाठक सुमंत झा अशोक ठाकुर अंत में 13 सदस्य जिला मुजफ्फरपुर जिला कमेटी का चुनाव हुआ इसमें अध्यक्ष मुन्नू कुमार सचिव राजू साह को बनाया गया राज्य सम्मेलन के लिए मुजफ्फरपुर जिला से 15 प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ ।

## शर्मा समुदाय के लोगों ने सरकार से दोबारा जातीय जनगणना करने की मांग की है

प्रात : किरण संवाददाता

सौरबाजार / सहरसा- रविवार को पान चौपाल महादलित सेवा मंच का बैठक बैजनाथपुर स्थित शर्मा टोला में संयोजक रमेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की गई। कोसी पान चौपाल महादलित सेना मंच के संयोजक रमेश कुमार शर्मा (पान) ने कहा की बिहार जातीय जनगणना में गड़बड़ी हुआ है। कोशी पान चौपाल महादलित को भिन्न-भिन्न भागों में जातिय गणना किया गया है। पान चौपाल जुलहा एवं तीनों जाति को जोड़ने से करीब 6% होता है। जबकि शर्मा ,तांती, दास, खतने, पान, चौपाल, जुलहा एक ही समुदाय से आते हैं। हम सभी पान चौपाल जाति का लगभग 10% है जबकि सही ढंग से पान चौपाल का जातीय गणना नहीं किया गया है। उन्होंने कहा की आजकल भिन्न-भिन्न टायटिलों से लोगों का नाम है और उसके अनुसार जनगणना किया गया इसलिए हम सब सरकारों से मांग करते हैं कि पुनः पान, चौपाल,खतबे,दास,तांती एवं शर्मा का जातिय गणना जांच कर दोबारा किया जाए। अन्यथा नहीं तो हम लोग सरकार के विरुद्ध उग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## इजरायल द्वारा फिलीस्तीन पर हमले के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अमेरिकी साम्राज्यवाद पोषित जांगखोर इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के गांजा पर बर्बर हमला और नाकाबंदी के खिलाफ आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) मुजफ्फरपुर जिला कमिटी द्वारा प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध- प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मोती झील स्थित जिला कार्यालय से जुलूस के शक्ल में हुई जो मोती झील ,तिलक मैदान, जवाहरलाल रोड होते हुए कल्याणी पर पहुंचा। जुलूस में लोग अमेरिकी साम्राज्यवाद पोषित इजराइल के खिलाफ आम जनता एक हो ,युद्धखोर इजराइल नरसंहार बंद करो, इजराइल तुरंत फिलिस्तीन छोड़ो ,गाजा पट्टी के नाकाबंदी पर रोक लगाओ, अमेरिकी साम्राज्यवाद पोषित इजराइल फिलिस्तीनियों को तबाह करना बंद करो, दुनिया के आजादी पसंद लोग फिलिस्तीन की आजादी के साथ खड़े हों ,युद्ध के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन तेज करो, निर्दोष लोगों पर हमला करना बंद करो आदि नारे लगा रहे थे।

जुलूस का नेतृत्व एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य कमिटी सदस्य लाल बाबू महतो कर रहे थे। जुलूस कल्याणी पर पहुंचा और वहां सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए एस यू सी आई ( कम्युनिस्ट) के मुजफ्फरपुर जिला कमिटी सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि जंगखोर इजराइल अमेरिकी साम्राज्यवाद के शह पर अमानवीयता के सभी हदों को पार कर फिलिस्तीन के निर्दोष जनता को तबाह कर रहा हैं। यहां तक की फिलिस्तीन के भूभाग को निर्जन द्वीप के रूप में बदलने की चेतावनी वहां के रक्षा मंत्री दे रहे हैं ।वहां की जनता के साथ जानवर शरीखे व्यवहार किया जा रहा है। यहां तक कि फासीवादी हिटलर के कुख्यात वारसा घेटो की तरह जिसमें 4.60 लाख निर्दोष यहूदी नागरिकों को खून के प्यासे नाजियों ने गोली मार दी थी या गैस चैंबर में डाल के मार दिया था। ठीक उसी तरह इजरायल गाजा घेटो बनाने की योजना बना रहा हैं ।हवाई हमले से हजारों लोग जमीन के मलबे में तब्दील हो गए हैं। इससे फिलिस्तीन के निर्दोष जनता का नरसंहार हो रहा है और वे अपने ही देश में शरणार्थी के रूप में रहने को मजबूर हो रहे है। आगे उन्होंने साम्राज्यवाद विरोधी शांतिप्रिय लोगों से अपील किया कि युद्धोंमादी यहूदीवादी इजराइली सरकार और उनके साम्राज्यवादी गुरु अमेरिका के खिलाफ संयुक्त रूप से विरोध में खड़े हो और आजादी पसंद लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि अपनी आजादी की रक्षा के लिए संघर्षरत फिलिस्तीन की जनता के साथ दृढ़ता से खड़ा होने के लिए आगे आए। साथ ही उन्होंने इजराइल से मांग किया कि हवाई बमबारी बंद करें ,नाकाबंदी वापस ले और फिलिस्तीन पर कब्जा जमाये हुए भू-भाग को आजाद करें ।कार्यक्रम को लाल बाबू महतो, काशीनाथ सहनी, मोहम्मद इदरीश, लाल बाबू राय, आशुतोष कुमार, कालीकांत झा ,संजीत माझी, वीरेंद्र ठाकुर, प्रेम कुमार राम, विजय राम ,मोहम्मद कलाम ,उदय झा ,बिंदेश्वर पंडित आदि ने संबोधित किया।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ 3 गिरफ्तार, बाइक जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी कार्यालय से जारि प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर स्मैकियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान की है। इनके पास से करीब 29 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाका नं0-04 के पास एक व्यक्ति मोटरसाईकिल से स्मैक (मादक पदार्थ) लेकर जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष नगर एवं पु०अ०नि० सुबोध कुमार सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त . उतम कुमार पिता पप्पु महतो, मुहल्ला पुरानी गुदरी भवानी सिंह मार्ग को रंगेहाथ 1.6735 ग्राम स्मैक (मादक पदार्थ) एवं मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर गोला रोड स्थित शुभराज होटल के पास से इसके साथी अन्य अभियुक्त . मनीष कुमार पिता स्व० अरूण कुमार मुहल्ला-गोला रोड को रंगेहाथ 5.3552 ग्राम स्मैक (मादक पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त मिठनपुरा थाना अंतर्गत मोहल्ला तीन कोठिया रोड नं0-02 में राकेश चौधरी नामक व्यक्ति जो कि किराये के मकान में रहते है। उनके द्वारा स्मैक (मादक पादर्थ) की खरीद-बिक्री की जा रही है।उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हेतु थानाध्यक्ष मिठनपुरा एवं स०अ०नि० उपेन्द्र कुमार सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त राकेश कुमार पिता- हरिद्वार प्रसाद ग्राम-नौरगा, जुट मिल वार्ड नं0-10 थाना-कल्यानपुर रोड जिला- समस्तीपुर को किराये के मकान में अवस्थित कमरे से 21.670 ग्राम स्मैक (मादक पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया गया।

## काली मंदिर में 501 कलश स्थापना के साथ शुरू हुई नवरात्र

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय क्षेत्र के इकलौता काली मंदिर में 501 कलश की स्थापना कर शारदीय नवरात्रा की शुरूआत हुई। काली मंदिर में प्रत्येक नवरात्रा को 501 कलश की स्थापना कर तांत्रिक विधि से मां दुर्गा की पूजा की जाती है। मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ ने बताया कि यहां देश विदेश के भक्त कलश स्थापना करते है व सच्चे मन से पूजा करते है। वही नौ दिनो तक चलने वाले इस महापर्व के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि महासप्तमी के दिन मां दसमुखी काली का महास्नान सम्पन होगा एव महाआरती होगी। महाष्टमी को काल भैरव की पूजा संपन्न होगी। वही उन्होंने बताया कि दशहरा के नौ दिन सुबह शाम में भष्म आरती होती है, जिसमे सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल होते है। इस वर्ष भारत और नेपाल के अतिरिक्त अन्य देशों के भी भक्तो ने भी अपना कलश काली मंदिर में स्थापित कराया है।

## कलश यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु, देवी स्वरूप निकली कन्याओं ने की नेतृत्व

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। थाना क्षेत्र के कटकेनवा में सातों माई मंदिर के प्रांगण में स्थापित पंडाल से रविवार को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। बता दें कि उक्त यात्रा में देवी के नौ स्वरूपों के रुप में कन्याओं के नेतृत्व में कलश यात्रा भांगड़ा बाजे आदि के साथ रथ पर भगवान शंकर के स्वरुप सहित कलश यात्रा कटकेनवा से नारदजी बंगरी नदी से जल लेकर पुनः पंडाल में पहुंचे।

उक्त बाबत समाजसेवी किशोरी पटेल ने बताया कि देश में शांति, समृद्ध, उन्नति आदि के लिए दशहरे में देवी की उपासना की जाएगी। कलश यात्रा में पन्नालाल मुखिया, भूकन राम, हरेंद्र पटेल, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, भूषण यादव, संतलाल पटेल,गोपाल पटेल, प्रगास गिरि, ओम पटेल, लालाबाबू पटेल, तेज नारायण पटेल, रामभरोसे ठाकुर, रोहित पटेल, अखिलेश पटेल, रामबाबू पटेल, रामविनय पटेल, मुरारी ठाकुर, नगीना महतो, प्रभू ठाकुर, शंभू ठाकुर, बिहारी पटेल, चंदन पटेल, कुंदन गिरि, विजय पटेल, शंकर पासवान, अमेरिका पटेल, फूतीर्लाल साह, दिनेश मुखिया, मुकेश पटेल, शशिकांत पटेल, बद्री राउत सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## भाजपा कार्यकताओं ने जन संवाद का आयोजन किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में देश के आम - अवाम के हित में चलाए गए सभी कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को रूबरू कराने के लिए रविवार को बरूराज विधानसभा क्षेत्र के हरनाही गांव में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। । जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता महंत सुबोध ठाकुर ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा की साढ़े नौ वर्षों का प्रधानमंत्री मोदी जी का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है । मोदी जी ने न केवल भारत का नाम दुनिया में रौशन किया है, बल्कि देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचने का भी काम किया है। ऐसे कर्म योगी प्रधानमंत्री का हर एक कदम भारत का सम्मान बढ़ाया है, वही दुनिया के सामने भारत को एक शक्तिशाली व मजबूत राष्ट्र के रूप में भी प्रस्तुत किया है। उनके द्वारा समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नौजवानों के लिए, महिलाओं के लिए, किसानों के लिए जितनी भी योजनाएं चलाई गई है वह सब के सब सराहनीय है । श्रीकुमार ने भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों से पीएम मोदी के द्वारा लॉन्च किया गया पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए विशेष अभियान चलाने तथा स्मार्ट कार्ड से वंचित गरीबों को स्मार्ट कार्ड बनाने में विशेष रूप से मदद करने का अपील किया। उन्होंने लोगों से 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर से देश में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने का भी अपिल किया। इस मोके पर जन संवाद कार्यक्रम को पूर्व मुखिया उमेश कुमार ठाकुर, पूर्व मुखिया शशि रंजन प्रसाद सिंह उर्फ डब्लू सिंह, पंचायत समिति सदस्य सोनू कुमार सिंह, समाजिक कार्यकर्ता अंकेश ओझा, अभय शाही, अभिषेक कुमार, मोहम्मद मंजूर आलम, विश्वनाथ शर्मा ,शैलेंद्र कुमार झा, रत्नेश्वर मिश्रा,नरेश झा ,वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ,अवधेश मिश्रा, जयलाल महतो, भुवनेश्वर महतो, मधुसूदन झा, मुकेश मिश्रा, अकिन्दर बैठा, सुरेश राम ,मोहन ठाकुर, राम देव शर्मा ,नरेश ठाकुर आदि लोगों ने संबोधित किया।

## सशस्त्र सीमा वल के जवानों और स्थानीय पुलिस के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर के कार्यक्षेत्र में 48वीं वाहिनी भारत नेपाल सीमा चौकी फुलहर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बडी कामयाबी मिली है। सशस्त्र सीमा वल के जवानों और स्थानीय पुलिस के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही में भारत नेपाल सीमांकन स्तंभ संख्या 288 से 1.5 किलो-मीटर भारतीय क्षेत्र में स्कॉर्पियो गाडी के साथ नेपाली शराब सौफि की 1700 बोतलों 300 एमएल प्रत्येक बोतल को सीमा चौकी फुलहर के जवानों एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है बरामद स्कॉर्पियो गाड़ी एवं जप्त किए नेपाली शराब सौफी को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के हवाले कर दिया गया है।इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल की तरफ से निरीक्षक, चन्द्रशेखर ठाकुर , व 06 अन्य कार्मिको के साथ बिहार पुलिस के जवानो ने भाग लिया। श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट, 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल के जवान और जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाए जाएंगे और सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

## जिला पदाधिकारी के निर्देश केआलोक में धावा दल के द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में चलाया गया सघन जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सदर अनुमंडल मधुबनी के क्षेत्र प्रखंडों में बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु जिला पदाधिकारी मधुबनी के निर्देश के आलोक में धावा दल के द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अल ग्लास वर्क्स सकरी रोड मधुबनी से एक 1 बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति मधुबनी के समक्ष उप स्थापित कर निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है । बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एव विनियमन अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है । श्रम अधीक्षक ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है तथा बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20000 से 50000 तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार 1996 में दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से 20000 प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी जो जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा । इस राशि को जमा नहीं कराने वाले नियोजक के विरुद्ध एक सर्टिफिकेट केस या नीलाम पत्र वाद अलग से दायर किया जाएगा । आज की इस धावा दल टीम के सदस्य के रूप में गोविंद कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रहिका हितेश कुमार भार्गव श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी खजौली अनूप शंकर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजनगर राजेश कुमार सिंह,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बाबूबारही रत्ना कुमारी सर्वो प्रयास संस्था के प्रतिनिधि एवम मधुबनी थाना की पुलिस टीम शामिल थे । धावा दल की टीम के द्वारा आज मधुबनी नगर के क्षेत्रों एवम प्रखंड में सभी दुकान एवं प्रतिष्ठान में सघन जांच की गई तथा सभी नियोजको से किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने हेतु एक शपथ पत्र भरवाया गया श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि धावा दल नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह संचालित होगा तथा मधुबनी शहर के अलावा सभी अनुमंडल मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालयों में भी धावा दल संचालित किया जाएगा तथा बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गा पूजा पंडाल हेतु अस्थाई विद्युत कनेक्शन मिलना शुरू, दर सूची जारी

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। दुगार्पूजा के दौरान पूजा पंडालों में निर्वाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग द्वारा अस्थायी कनेक्शन देने का कार्य रविवार से शुरू कर दी गई है। इसके लिए पूजा समितियों को नए तार से कनेक्शन लेने एवं वायरिंग कराने को कहा गया है। इसकी सूचना पूर्व में भी अलग अलग जगहों पर आयोजित शांति समिति की बैठकों में आयोजकों को दी जा चुकी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रक्सौल विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि पूजा पंडालों में मुख्य कनेक्शन प्वाइंट वाले स्थानों पर अग्निशामक की व्यवस्था रखनी है। वहीं पूजा पंडालों में बिजली की गड़बड़ी को अतिशीघ्र दूर करने के लिए अस्थायी तौर पर कॉन्ट्रोल रूम के अलावा मानव बलों को लगाया गया है। बताया गया है कि रक्सौल डिवीजन अंतर्गत सगौली, रामगढ़वा, आदापुर, छौरादानो, बनकटवा व घोरसहन आदि सेक्शनों के पूजा समितियों, आयोजकों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल एवं घोरसहन सब डिवीजन ऑफिस से कनेक्शन हेतु रसीद कटाने की सुविधा दी गई है। इसके लिए रविवार को भी कार्यालय का सहयोग लिया जा सकता है। इसके तहत विभिन्न टैरीफों के लिए विद्युत कनेक्शन का शुल्क निम प्रकार से रखा गया है

## दो महीने के गर्भ को नुकसान करने को लेकर थाना मे प्राथमिकी हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के हथियाही गांव निवासी आरती कुमारी उम्र 29 वर्ष द्वारा खजौली थाना में मारपीट दहेज प्रथा एव पेट मे दो महीने के गर्भ को नुकसान करने के आरोप में सूक्का गांव निवासी मेरे पति राजू कुमार ससुर प्रमोद कुमार सिंह सास शैला कुमारी देवर राजीव कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है. उन्होंने अपने प्राथमिकी आवेदन में आरोप लगाया है कि मेरी शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार माह जुलाई 022 में काली मंदिर मधुबनी में संपन्न हुई थी. मैं शादी के बाद मेरे पति के साथ बिदाई कराकर अपने पति के घर सूक्का गयी थी. कुछ दिन तक ससुराल परिवार ठीक ठाक रहा. उसके बाद मेरे ससुर एव सास ने दहेज के लिए एक चार चक्का गाड़ी एव दस लाख रुपये अपने मायके से मांग कर लाने को कहा. इस पर आरती कुमारी ने अपने सास,ससुर एव पति से कहा कि इतने रकम नही दे सकता है . इस सभी लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए कहा कि तुम दहेज के रूप में चार चक्का गाड़ी एव दस लाख रुपये तुम्हारा भाई नही देने से घर से निकाल दूँगा. वही आरती कुमारी अपने पति से दो माह की गर्भवत्ति होने की सास शैला कुमारी को मिलने पर सास आग बबूला हो गयी. सास आरती कुमारी ने पति प्रमोद कुमार सिंह एव अपने बेटे राजू कुमार,राजीव कुमार सिंह द्वारा षड्यंत्र रच कर गर्भ निरोधक दवा को अपने बहु आरती कुमारी को जबरदस्ती मुँह में पिलाकर एव पेट मे मारपीट करने से दो माह का गर्भ नुकसान कर दिया गया. वही थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि पीड़ित महिला के साथ मारपीट ,दहेज के लिए प्रताड़ित करने एव दो माह का गर्भ नुकसान करने के आरोप में आवेदन प्राप्त हुआ है. आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 197/023 प्राथमिकी दर्ज कर नाम दर्ज अभियुक्त को गिरप्तार करने के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### डिप्टी चीफ द मिशन बनाये गए डा शिवाजी कुमार

गया। बिहार के पूर्व दिव्याग आयुक्त डॉशिवाजी कुमार दिव्यांगजन विशेषज्ञ आगामी 22 से 28 तक हांगझोऊ चीन में आयोजित होने वाले एशियन पारा गेम्स 2023 में भारतीय दल का डिप्टी चीफ बनकर , भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें 309 दिव्यांग खिलाड़ियों , जिसमें बिहार के तीन खिलाड़ी - मो० शम्स आलम शेख, मधुबनी ( पैरा स्विमिंग), शैलेश कुमार , जमुई ( एथलेटिक्स) तथा मो० जलालुद्दीन अंसारी, दरभंगा ( पैरा साइकिलिंग) में भाग लेंगे। डॉआई कुमार को ऑफिसियल तथा डिप्टी चीफ द मिशन बनने पर बिहार के 51 लाख दिव्यांगजन एवं उनके माता - पिता ने खुशी जाहिर की है तथा बिहार पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संदीप कुमार, संतोष कुमार सिन्हा, सुलेखा कुमारी, लक्ष्मीकान्त कुमार, हृदय यादव, प्रवीण मिश्रा तथा बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री समीर महासेठ ने प्रशन्नता जाहिर कर हार्दिक बधाई दी।

### जिला उपाध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी, दिव्यंगत आत्मा के लिए तृपण किया

गया। गया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गया जी की पावन धरा अंतः सलिला फल्गु नदी अवस्थित सीता कुंड घाट पर अपने पितरों को याद किया है। इसके साथ ही भारत के स्वतंत्रता सेनानी, देश के सुरक्षा में शहीद जवान एवं कोरोना कल में देश, राज्य एवं क्षेत्र में हुए आकस्मिक मृत्यु वाले सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए तर्पण किया है। संवाददाता को बातचीत के दौरान विधायक ने कहा कि अपने परिवार के साथ-साथ देश स्तर, राज्य स्तर एवं क्षेत्र के दिवंगत आत्माओं को याद कर उनके मोक्ष एवं शांति के लिए तर्पण किया एवं ईश्वर से प्रार्थना किया।

### माईरी एसीएट निवेशक जागरुकता कार्यक्रम

गया ।निवेशक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन विवेक अग्रवाल ने माईरी एसीएट म्यूचुअल फंड के साथ मिलकर 9 ३ङ्ग 9 बैंक्वेट हॉल गया में किया गया है, इस अवसर पर माईरी एसीएट के राजेश जी ने म्यूचुअल फंड एवं एसआईपी की मदद से हम अपने जीवन के लक्ष्यों को कैसे प्राप्त कर सकते हैं इसके बारे मे जानकारी निवेशकों को दी है। विवेक अग्रवाल ने बताया कैसे सेंसेक्स 2800 से 60000 पिछले 25 सालों मे पहुंच गया है। मीटिंग के बाद निवेशकों को अभिवादन देते हुए डिनर कराया गया है।

### बाइक सवार बदमाशों ने छिनतई के दौरान फेरी वाले को मारी गोली

आरा ।चांदी थाना क्षेत्र के रामदिहल टोला गांव में बाइक सवार बदमाशों ने एक फेरीवाले को गोली मार दी। घायल युवक शिवहर जिला के पीपरारी थाना क्षेत्र के देवकुली धर्मपुर गांव निवासी राज कुमार यादव का पुत्र भोला यादव (25वर्ष) है। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड पीठ पर लगी है। घटना की सूचना मिलते ही चांदी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गई। भोला यादव ने बताया कि वह अपने साथी के साथ बाइक से गांव-गांव घुमकर फेरी का काम करता है। कुछ दिन पहले ही इसी सिलसिले से अपने गांव से भोजपुर आया था। कुल्हड़िया गांव में किराए का मकान लेकर अपने दोस्त नवीन कुमार के साथ रहता है। वह लोगों से पुराने कपड़े लेता है। उसके बदले उन्हें प्लास्टिक के नए सामान और बच्चों का खिलौने देता है। वह रविवार की सुबह भी अपने दोस्त नवीन कुमार के साथ बाइक से फेरी करने रामडीहल टोला गांव में गया था। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और सामान लेने के बहाने बुलाकर घर ले जाने लगे। लेकिन बीच रास्ते में ही उन लोगों ने उन्हें रोक दिया और उनके पास रहे मोबाइल और सामान को छीनने लगे। जब भोला यादव ने इसका विरोध किया तो उक्त हथियारबंद बदमाशों में से एक ने उसे गोली मार दी। बाइक चला रहा उसका दोस्त नवीन कुमार ने उसका बीच-बचाव करने की कोशिश की तो इस बदमाशों ने उसकी भी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।

# मध्यविद्यालय मिरहट्टी का भवन हालत जर्जर

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज प्रखंड परिक्षेत्र मिरहट्टी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय मिरहट्टी का भवन पुरी तरह जर्जर होने पर विद्यालय में पढ़ाई करने वाले छात्र एंव छात्राएं काफी डर डर कर रहे पठन पाठन करते दिख रहे हैं। वही विद्यालय के भवनों की हालत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने एक बैठक करते हुए भवन की जर्जर हालत व बच्चों के जन माल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, एंव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक लिखित ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए नव विद्यालय भवन के निर्माण किये जाने की मांग करते हुए कहा है कि जबतक विद्यालय भवन निर्माण कार्य की मांग पुरा नही होने पर वृहित पैमाने पर बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर आनदोलन होगा। वही विद्यालय भवन की हालत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों एंव बच्चों ने कहा कि स्कूल का भवन पुरी तरह जर्जर होने पर बरसात व अन्य दिनों में भवन की छत टूट टूट कर गिरता रहता है, कई बार तो स्कूल कक्षा में पढ़ाई के दौरान छत के मलवा गिरने पर बच्चे भी घायल व लहूलुहान हो चुके हैं। विद्यालय पढ़ने भेजा जाता हैं लहूलुहान होने के लिए नही, वही बरसात के दिनो में स्कूल परिसर में नही बल्कि क्लास में पढ़ाई के दौरान बच्चे भींग जातें हैं, आश्चर्यजनक बात है। जहाँ सरकार के व्यवस्था को सुधार किये जाने दाबे के विपरीत विद्यालय भवन की हालत जब जर्जर हो तो बेहतर शिक्षा व्यवस्था की बात कहा जाना सरासर बेमानी साबित होगी। वही ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर विभाग के द्वारा भवन निर्माण कार्य नहीं किया गया तो विभाग के उदासीन रवैया के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों के भविष्य की चिंता में विद्यालय के जर्जर भवन के चपेट में घायल होने नही होने देंगे, अगर जल्द ही कोई निर्णय लिया नही गया तो स्कूलों के बच्चों के साथ किसी बड़ी आपदा घटित हो सकती है।

वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयानंद दास, जिला परिषद अरुण दास, पुर्व मिरहट्टी मुखिया मदन मंडल ने कहा कि विद्यालय का भवन पुरी तरह जर्जर है। भवन निर्माण के लिए विभाग को कई बार पत्र भेजा गया है, तब पर भी कोई कार्रवाई विभाग के द्वारा नहीं होने पर भवन तूट-तूट कर छत का मलवा ढह कर गिर रहा है। बच्चों के साथ कभी भी बड़ा दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं, इसका जिम्मेदार विभाग के संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारियों की जबाबदेही होगी। वही विद्यालय की व्यवस्था को लेकर ग्रामीण व स्कूल के बच्चे ने जमकर हंगामा करते हुए भवन निर्माण की मांग करते हुए विभाग के रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका वविद्यालय के बच्चे के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। आपको बताते दे कि स्थानीय इलाके के इस भवन में दो विद्यालय के शिक्षा दीक्षा के कार्य सिप्ट किया गया था। स्कूल में कुल 1840 छात्र व छात्राएं नामांकित है, जबकि विद्यालय का कक्षा का कमरा व्यवस्था की कमी तो है ही लेकिन विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिका की नियुक्ति में भी कमी है, वही विद्यालय में मात्र प्रधानाध्यापक सहित कुल आठ शिक्षक एंव शिक्षिका नियुक्त है, ऐसे में बच्चों को पढन पाढन की दिशा में बेहतर व्यवस्था की खोकली दाबे की बात सरासर गलत है, एक ही कमरे में दो कक्षा की पढ़ाई किया जाना शिक्षिकाओं के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 351 कलाश के साथ भाव्या शोभा यात्रा निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता।

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। नवरात्रि के प्रथम दिन टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र के बरसंडा गांव में स्थित दुर्गा मंदिर पूजा समिति के द्वारा 351 कलश भव्य शोभायात्रा निकली गयी। इसमें 351 महिलाएं व एक सौ बच्ची शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता चंद्रशेखर सिंह ने किया। यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंदिर बरसंडा से महिलाएं व बच्चियों ने कलश के साथ यात्रा शुरू किया और काली स्थान बम्बर में कलश में जल भरने का कार्यक्रम पूर्ण किया। जल भरने के बाद पुनः यात्रा प्रारम्भ करते हुए कलाली चौक बम्बर होते हुए मंदर वापस आय । इस दौरान जगह-जगह पर समाज सेवी द्वारा पानी सड़क पर डाला जा रहा था। मंदिर प्रबंधक ने कलश शोभा यात्रा में भाग लेने वालों के लिए शरबत और जूस का व्यवस्था किया गया था किया गया था। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के कोषा अध्यक्ष शमशेर कुमार व ग्रामीण प्रदीप सिंह ,कैलाश सिंह ,जयकरन सिंह, वीरेंद्र कुमार, अरबिन्दधवनै कुमार, कुमार अलोक ,अरुण कुमार, परशुराम कुमार,प्रभाकर कुमार ,अभय कुमार,संदीप कुमार ,महेश कुमार, दिलीप कुमार, दिनेश कुमार,मुरारी कुमार,अंजीव कुमार,प्रवीण कुमार, करमदेव कुमार, इंद्रभूषण कुमार शत्रुध्न कुमार व अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# जरूरत मंद असहाय गरीब गुरबों के बीच वस्त्र आभूषण व भोजन भंडारा का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर मां आनंदी फाउंडेशन संस्था द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह पूर्ति हेतू जरूरत मंद गरीब गुरबों के बीच वस्त्र आभूषण व भोजन भंडारा कार्यक्रम के तहत माँ आनंदी फाउंडेसन संस्था के सदस्यों ने कोतवाली चौक स्थित स्थानीय कूपेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर जरूरतमंद गरीब लोगों के बीच चूड़ा, दही का भोजन भंडारा के साथ साथ नये व पुराने कपड़ों का वितरण सह शनि महालया के मौके पर खिचड़ी का भोग भंडारा का प्रसाद वितरण किया। संस्था ने अपने कुशल नेतृत्व में संबंधित लोगों के बीच भोजन कराने के साथ सदस्यों के सहयोग से वस्त्रों का वितरण किया गया।

ऐसे कार्यक्रम के आयोजन को ले मां आनंदी फाउंडेशन संस्था की प्रमुख सह अध्यक्षा प्रिया सोनी ने अपने प्रेम स्नेह व लोगों के सेवा भाव से लोगों के बीच अपनी मृदुल स्वभाव से अपनी एक ख्याति पहचान हासिल की है। संस्था ने लोगों की जरूरत को ससमय पर प्रमुखता लेते हुए संस्था के सदस्यों के समर्थन से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कर लोगों का आशिर्वाद लिया है, और समाज के प्रति संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों का धन्यवाद किया है। इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा प्रिया सोनी ने कहा कि इस कार्य को करने के लिए जो जीवन में खुशी मिलती है वो खुशी पूरे संसार के किसी चीज में नही मिलती, ऐसे सुखद कार्य को सफल आयोजन को लेकर उधमी गृहणी महिला का सहयोग रहा है। वही इस आयोजन में हमारी संस्था सदस्यों का योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

वही उन्होंने उपस्थित सभी महिला सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि "मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं" इस बात पर जरूर ध्यान रखे हो सकता आपके लिए वो वस्तु अनुपयोगी न हो, पर किसी को उसकी जरूरत है, जो पलकें बिछाए इंतजार करती रहती है, आपके लिए सायद कूड़ा हो लेकिन वो किसी के लिए हीरा का काम कर जाता है। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सलाहकार राजेश भगत ने योगदान देते हुए सराहनीय कार्य किया है। वही मां आनंदी फाउंडेसन संस्था के सदस्यों कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शंकर चौधरी, शोभा सिंह, सुनीता साह, मृदुल घोष, रेनू राय, रेखा, सुनीता, शिशु, सीमा, रितु, बबीता एवं संस्था की अध्यक्षा प्रिया सोनी ने समाज में एक आदर्श विचार धाराओं को जागृत कर प्रस्तुत किया है।

# शहर वासियों के लिए जल्द होगा तैयार, मॉडर्न अस्पताल : डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने व व्यवस्था की गतिविधियों से अवगत होने की दिशा में डीएम सुब्रत कुमार सेन ने अपनी समुचित टीम के साथ जय प्रकाश नारायण सदर अस्पताल पहुंचे। वही अस्पताल प्रांगण में लंबी अवधि से चल रहे भवन निर्माण कार्य योजना के तहत तकरीबन 22 करोड़ 83 लाख की लागत से निर्मित 105 बेड के भवन कार्य का जायजा लिया।

बताया जा रहा है कि प्रांगण में मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के मद्देनजर मॉडर्न अस्पताल निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका कार्य गतिविधियों का निरीक्षण किया है। वही जिलाधिकारी ने बताया कि इस मॉडर्न अस्पताल का लगभग 65 प्रतिशत कार्य पुर्ण हो चुका है, आगामी 2024 के अगस्त तक इस भवन अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा करना सुनिश्चित था, लेकिन अपर मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में इस अस्पताल भवन का निर्माण कार्य आगामी 2024 के फरवरी माह तक संबंधित पदाधिकारी को पूरा करने को निर्देशित किया गया है। इसलिए इस अस्पताल भवन निर्माण कार्य में और तेज कर दी गई है, वही अब इंजीनियर को हर सप्ताह में इस भवन निर्माण कार्य का समुचित विवरण देना होगा और इसे फरवरी तक में पूरा करना होगा। वहीं उन्होंने कहा कि इस 105 वेड का बनने वाले इस मॉडर्न अस्पताल के निर्माण किये जाने से शहर वासियों को बेहतर इलाज व्यवस्था के साथ साथ अन्य सुविधा का भी लाभ मिलेगा। वही इसके अतिरिक्त अन्य कई विभाग के भवन बन रहे हैं जिसमें कुछ भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, तो वहीं तकरीबन एक करोड रुपए की लागत से पूरे सदर अस्पताल के सभी विभागों के भवन का रंग रोगन का कार्य जारी है। वही अस्पताल प्रांगण में कई अन्य जर्जर वार्ड को भी चुस्त दुरुस्त व बेहतर रूप से ठीक किये जाने का कार्य भी किया गया है।

# युवक की चाकू गोंदकर दिनदहाड़े घर से बुलाकर हत्या की वारदात को बदमाशों ने दिया अंजाम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। मधुसुदनपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत गणेशीबाग इलाके में घर से बुलाकर एक युवक की चाकू गोद-गोद कर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है। वही मृतक युवक की पहचान नूरपुर के नेपाली साह के पुत्र सुमन कुमार के रूप में की है। वही युवक की हत्या का कारण बकाए पैसे को लेकर बताया जा रहा है। बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। वही घटना को लेकर इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही इस घटना से आहत हुए परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही परिजनों व इलाके के लोगों के मुताबिक घटना करीब एक बजे की बताई जा रही है। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की तफ्तीश में जुट गई है। वही पुलिस ने परिजनों के बताये तथ्यों के आधार पर कागजी प्रक्रिया पूरी कर मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नारायण रजक और सुमन के बीच विगत दिनों कहासुनी हुई थी। वही मृतक के पिता ने कहा की सुमन को नारायण रजक ने मेरे पुत्र को घर से बुलाकर ले गया था और कहा की चलो तुम्हारा जो बकाया पैसा 7 हजार वो देते है। वही उन्होंने गणेशिबाग के बगीचा की ओर ले जा कर उसके शरीर पर चाकू से कई जगह प्रहार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। वही उन्होंने कहा कि मृतक युवक परिवार के भाई में सबसे छोटा है, और वह सुखराज राय उच्च विद्यालय में पढ़ाई करता था ।तभी थोड़ी देर बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली की सुमन को चाकू मार दिया है।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने उक्त युवक को ऑटो पर लाद कर जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले पर मधुसुदनपुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने कहा कि मृतक युवक के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के साथ ही मामला स्पष्ट हो जायेगा। वही उन्होंने कहा कि मामले को लेकर घटना स्थल पर अन्य जांच पड़ताल की जा रही है। अपराधी कोई भी हो बक्शे नहीं जाएंगे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विद्यालय प्रांगण में युवती का शव किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। नाथनगर परिक्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सुखराज राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंपस प्रांगण में एक युवती का शव बरामद किया गया है। विद्यालय प्रांगण में युवती के शव बरामदगी की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में आग की तरह सनसनी फैल गई। वही युवती के शव मिलने की सूचना पर आसपास के स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई थी, हालांकि अब तक युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती के सिर के कपाट पर एक गड्ढे नुमा जख्म के निशान उभरा हुआ दिख रहा है।

वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नाथनगर थाना अध्यक्ष मो. महताब खान सदलबल घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं। वही घटना को लेकर मौके पर मौजूद लोग दबी जुबान में कह रहे थे कि शव देखने से ऐसा लगता है की मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा के साथ साथ कई तरह के कयास लग रहे हैं। वही प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती के गले में दुपट्टा का फंदा लगा हुआ है और युवती के हाथ भी दुपट्टे से बंधा हुआ देखा जा रहा है, मृतिका युवती के शव को देखने से प्रतीत होता है काफी निर्मम तरीके से हत्या कर शव को प्रांगण में लाकर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से फेंक दिया गया है।

वही घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य रणवीर कुमार ने कहा है कि विद्यालय परिसर में शव मिलने की सूचना पर पहुंचे है, वही विद्यालय प्रांगण में आए दिन शाम को असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी जानकारी को लेकर पूर्व में भी कई बार स्थानीय थाना पुलिस को दिया गया है, वही मना करने पर विद्यालय में शिक्षकों के साथ झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है, वही आसपास ही नही विद्यालय प्रांगण में नशेड़ी तत्व काफी हावी रहते है, वही उक्त लोगों द्वारा विद्यालय के दरवाजे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।

वही मामले को लेकर सिटी एसपी अमित रंजन ने कहा है कि सुखराज राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक युवती का शव मिला है स्थानीय लोगों से पहचान करवाया जा रहा है, वही अब तक युवती की पहचान नहीं हो पाई है। वही घटना की जांच को लेकर फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम पहुंच कर सैंपल कलेक्ट जांच कार्य चल रहा है। वही डॉग स्क्वायड की टीम की मदद से आसपास के इलाके की जांच भी की जा रही हैं। अपराधी कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जायेगा उसे पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी।

# फरिश्ता राष्ट्रीय सम्मान से 61 लोग हुए सम्मानित : डॉ. अजय

## जीवन जागृति सोसाइटी ने दिल्ली में सम्मान कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अंतर्राष्ट्रीय आपदा अवशमन दिवस के अवसर पर जीवन जागृति सोसाइटी भागलपुर बिहार के द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में लोकनायक जयप्रकाश नारायण आपदा फरिश्ता राष्ट्रीय सम्मान का आयोजन किया गया। इस मौके पर वैसे लोगों को सम्मानित किया गया है जिन्होंने संकट घड़ी में फंसे हुए व्यक्ति को देखकर फोटो और वीडियो नहीं बनाये बल्कि अपने गंतव्य स्थल को भूल कर अपने स्वयं के प्राणों की प्रवाह किये बिना संकट में फंसे अंजान व्यक्तियों की मदद करते हुए सराहनीय कार्य को करते हुए फर्ज को अंजाम दिया है।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर बताया की जीवन जागृत सोसायटी आपदा के तहत घटित सड़क दुर्घटना पर लगाम लगाने हेतू जीवन सुरक्षा के दायित्व को लेकर कार्य करती है। जिसके तहत विभिन्न माध्यमों का सहारा लेकर सैंकड़ों लोगों की जान बचा चुकी है। वही ऐसे कार्यो में सहयोग करने वाले लोगों को देश भर के कुल 561 महान विभूतियों का नाम चयन किया गया था, लेकिन जिसमें से केवल सर्वश्रेष्ठ 61 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रुप से कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया बुलाकर आपदा फरिश्ता राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। शेष 500 लोगों को सम्मानित किये जाने की दिशा में स्थानीय स्तर पर विधायक या अन्य प्रतिष्ठित लोगों के हाथों सम्मान के साथ सम्मानित किया जाएगा। वही इस सम्मान कार्यक्रम को लेकर पांच कैटेगरी में बांटा गया है। जिसमे सड़क दुर्घटना में बचाव ब सहायता, आग से बचाव, डूबने से बचाव, सर्पदंश से बचाव एवं हृदय रोग के मरीजों के जीवन रक्षा हेतू सीपीआर पद्धति का प्रयोग इस्तेमाल कर जान बचाव कार्य पर बल दिया है।

वही कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित मेजर जनरल अनुज माथुर, भाजपा महिला मोर्चा से प्रीति चंद्रा राय, प्रतिष्ठित नए सासंद भवन के शिल्पकार नरेश कुमावत, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के बबलू कुमार पंडित, यूनाइटेड नेशन्स के अधिकारी श्रीद खुशारीया के अलावा अन्य कई सामाजिक संस्था के अध्यक्ष एवं समाज के कई अन्य गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के हौसलाफजाही के लिए मौजूद रहे थे।

# वृद्धा की चलती बाइक से गिरने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में सुल्तानगंज थाना परिक्षेत्र अंतर्गत दिलगौरी मोड के समीप एक बाइक पर सवार हुई महिला दुर्घटना की शिकार हो गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बांका के अमरपुर फतेहपुर गांव इलाके से गंगा स्नान करने जा रही अचानक बाइक से वृद्ध महिला गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वही घटनास्थल मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उसे जख्मी हालत में उठाकर आनंद फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे त्वरित आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच भागलपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।वही उसकी मौत की खबर सुनते हैं परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। अस्पताल में पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतिका की पहचान बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के निर्मला देवी के रूप में बताई गई है। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की वह बाइक पर सवार होकर आई गंगाजल लेने हेतू सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम जा रही थी

। इसी क्रम में दिलगौरी मोड के समीप अचानक चलती बाइक से अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस घटना के बाबत मायागंज अस्पताल के बरारी थाना के पुलिस कैम्प पर मृतक के परिजनों ने फर्द बयान दर्ज कराया तत्पश्चात पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया है। जहां मृतिका निर्मला देवी के नाती सूरज कुमार ने बताया की घर से गंगा स्नान करने सुल्तानगंज जा रही थी, तभी चलती गाड़ी से अचानक गिर गई जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गई वहीं जेएनएनएमसीएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### राज्य के पंचायतीराज एवं नगर निकाय अंतर्गत नियुक्त/कार्यरत शिक्षकों को बिना शर्त मिले राज्य कर्मी का दर्जा

गया। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार, प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से माध्यमिक शिक्षा निदेशक को लिखित सुझाव दिया है। विभाग द्वारा बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 पर हितधारकों से लिखित सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। पत्र के माध्यम से परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए। नियमावली के प्रारूप में सक्षमता परीक्षा में तीन बार अनुत्तीर्ण होने पर सेवा समाप्ति को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने घोर आपत्ति दर्ज की है। महासंघ ने विशिष्ट शिक्षक नामक नए संवर्ग के बदले बिहार विद्यालय अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में नियोजित शिक्षकों को समायोजित करने की मांग की है।

# जदयू मुंगेर ने शुरू किया हर घर दस्तक कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल ने हवेली खड़गपुर प्रखंड के अग्रहण पंचायत, बढौना पंचायत और नांकी पंचायत में हर घर दस्तक कार्यक्रम की शुरूआत की । हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचेंगे और नीतीश कुमार के 18 वर्षों में किये गए विकास कार्यों से जनता को अवगत कराएंगे , साथ ही साथ पिछले 9 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे विनाश गाथा से लोगों को अवगत कराएंगे। इस कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर स्टीकर लगाएंगे एवं जनता से पूछेंगे की क्या मोदी सरकार ने आपको 2014 एवं 2019 के वादे 15-15 लाख रुपये दिए ? क्या मोदी सरकार ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार भारत के युवाओं को दिए और क्या मोदी सरकार ने महंगाई को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया ? इन प्रश्नों की सूची को जनता अपने दरवाजे पर लगाएगी ताकि आने वाले समय में जब चुनाव प्रचार में भाजपा के लोग जब भ्रांति और झूठ फैलाने के लिए आएंगे तो जनता उनसे पहले इन प्रश्नों का जबाब देने को कहेगा और तब कोई बातें करें । जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि पिछले 18 वर्षों में हमारे नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार आगे बढ़ा है, आज बिहार की कोई भी ऐसी बसावट सुदूर से सुदूर क्षेत्र में भी नहीं बची है जहां पक्की सड़के नहीं है , आज सुदूर से सुदूर क्षेत्र में कोई ऐसा घर नहीं है जहां बिजली नहीं पहुंची है, आज सुदूर से सुदूर गांव में ऐसा कोई घर नहीं है जहां नल का जल पहुंचने की योजना ना पहुंची हो।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हर क्षेत्र जिससे बिहार का विकास होना है उसमें जो कार्य हो रहे हैं वह अद्वितीय है और अपने आप में एक मिसाल है। वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में रोजगार देने की जगह हर सरकारी संस्थान को बेचने का काम किया है, जो रोजगार का सृजन करती थी , जिसके माध्यम से देश के दलित ,पिछड़ी, अति पिछड़ी जाती के लोग रोजगार में जाते थे ऐसे संसाधनों को मिटाने का काम कर रही है ताकि रोजगार के साथ-साथ आरक्षण की व्यवस्था भी समाप्त हो सके । आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों के प्रश्न उठाने वाले लोगों को ईडी, सीबीआई की धमकी दि जाती है, जो लोग आंख में आंख डाल करके प्रधानमंत्री से सवाल पूछते हैं ,उन्हें सदन से बाहर करने के लिए रोज नए प्रपंच गढे जा रहे हैं।

परंतु 2024 में नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ये जो इंडिया गठबंधन बना है वह इतना मजबूत एवं सशक्त है कि अब वह मोदी के किसी डर से घबराने वाला नहीं है और निश्चय ही 2024 में पूरी शक्ति के साथ वर्तमान मोदी सरकार को उखाड़ कर फेंकेगा और जीतेगा इंडिया , बढ़ेगा भारत के नारे को चरितार्थ करेगा । इस कार्यक्रम में मौजूद प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र मंडल ने कहा कि सांसद ललन सिंह ने मुंगेर के लिए काफी कार्य किया है और खास कर खड़गपुर के लिए वह अपने आप में एक मिसाल है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राईमरी एजुकेशन मजबूती को ले नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प : मुख्य अतिथि

छपरा।प्राईमरी एजुकेशन को मजबूती की दिशा में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प साबित होगा, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सरकार ने इसे 2022 में इसे लागू किया है।ये बातें परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के मकेर प्रखंड अध्यक्ष निजाम अहमद ने रविवार को मकेर प्रखंड के सुल्तानगंज में सारण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग द्वारा आयोजित सर्टिफिकेट वितरण सह सम्मान समारोह में कही।इससे पूर्व मुख्य अतिथि को संस्थान के निदेशक फिरोज आलम द्वारा उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निजाम मोहम्मद ने कहा कि बीएड और डीएलएड जैसे भारी - भरकम खर्च की अपेक्षा कम खर्चे में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग बेहतर विकल्प है। इस कोर्स में टीचर बनने के इच्छुक खासकर महिलाओं के लिए आने वाले समय में बेहतर साबित होगा। इस कोर्स में ट्रेंड महिलाओं एवं पुरुषों को सरकार द्वारा तालीम मार्केट की बहाली में वेटेज भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से बड़े पैमाने पर नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के तहत बाल वाटिका टीचर के रूप में बहाली करने की योजना है।इस अवसर पर टॉप 20 आने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट के साथ-साथ मेडल, प्रतीक चिन्ह व डायरी देकर सम्मानित किया गया।

### कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ

गडहनी।(भोजपुर) नगर पंचायत गडहनी सहित प्रखण्ड क्षेत्र में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर प्रतिमा स्थापित पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।वहीं नगर पंचायत गडहनी के बिचली पट्टी, पुरानी बाजार शिव मंदिर, गडहनी गोला बाजार, सहंगी रोड सहित प्रखण्ड क्षेत्र के काउप, लभुआनी गाँव में कलश स्थापन कर माँ भगवती की आराधना एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू की गई।पण्डित श्यामा नन्द पाण्डेय व अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का दर्शन पूजन किया गया।मां शैलपुत्री भय का नाश कर शांति प्रदान करती है। जगदम्बा शैलपुत्री स्वरूप में पर्वतराज हिमालय के घर में पुत्री रूप में अवतरित हुई थी।कालांतर में जगदम्बा इसी स्वरूप में पार्वती के नाम से भगवान शंकर की अर्धांगनी हुई। देवी शैलपुत्री शांत चित्त रहने व प्रत्येक शुभ कार्य के प्रति उत्साह रखने का संदेश देती है।शारदीय नवरात्र को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।पूजा कमिटी के लोग पूजा पंडाल के निर्माण, साजसज्जा में श्रद्धा भाव से जुट गए हैं।वहीं दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार गडहनी के अध्यक्ष सुमन चौरसिया, बिचली पट्टी अध्यक्ष पंकज सिंह, मेन रोड गोला बाजार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर वासियों के सहयोग से सालो से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाता रहा है।

### छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पकड़ा डीजल तेल व सरिया

शेरघाटी।डीएसपी राज किशोर सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे 2 बाराचट्टी थाना क्षेत्र के काहू दाग में छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में एक होटल से डीजल तेल को बरामद किया है वही एक होटल से काटे जा रहे सरिया समेत ट्रक को भी जप्त किया है। इधर शेरघाटी डीएसपी ने बताया कि लंबू होटल से डीजल कटिंग करते हुए 8 ड्राम डीजल तेल एवं उपकरण आदि को भी बरामद किया गया है। साथ ही साथ गोपी होटल में छापेमारी करते हुए सरिया कटिंग करते हुए एक ट्रैक एवं डिटेक्ट कटिंग मशीन को बरामद किया गया है। वहीं उक्त मामले को लेकर होटल मालिक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि पिछले शेरघाटी थाना अंतर्गत गोपालपुर से भी शेरघाटी डीएसपी ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कटिंग का डीजल को बरामद किया था। साथ ही साथ कई उपकरण को भी बरामद किया गया था। इस तरह की घटना के मिलते ही शेरघाटी डीएसपी एक्शन में आते हुए कार्रवाई करना शुरू कर देते हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने बतलाया की सूचना लगातार मिल रही थी कि बाराचट्टी थाना क्षेत्र के काहू दाग में होटल संचालकों के द्वारा ट्रक से तेल कटिंग एवं सरिया की कटिंग की जाती है।

### डायन भूत को लेकर हुए मारपीट मामले में सात को भेजा गया जेल

शेरघाटी।डायन भूत को लेकर महिला के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर पुलिस ने थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव से सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को गांव की ही रहने वाली पुनि देवी के साथ अंधविश्वास के चक्कर में मारपीट किया था. उन्होंने बताया कि आरोपियों का कहना था, कि महिला डायन है. इसी बात को लेकर वे उसके साथ मारपीट किया था. पुलिस ने महिला के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट की घटना में संलिप्त मुकेश मांझी, रिंकू कुमार, सुरेश मांझी, देवंती देवी, उषा देवी, सुदामा मांझी आदि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने कहा-इस बार का मेला ऐतिहासिक रूप में याद किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला उत्तर भारत की सांस्कृतिक नगरी ह्यगयाजीह्न में इस वर्ष 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक कुल 17 दिवसीय चलने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का समापन हो गया है। श्रद्धा से श्राद्ध और मोक्ष का मार्ग इसी ह्यगयाजीह्न से आरंभ होता है। 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ मानव है। इसलिए इस योनी में आने के साथ ही नर सेवा के मार्ग पर चलकर ही नारायण तक हम पहुंच सकते हैं। इस वर्ष का पितृपक्ष मेला कई मायनों में ऐतिहासिक कहा जा सकता है।

हर कोई नर सेवा का कर्म और धर्म निभाते हुए नारायण तक पहुंचने के लिए अपनी क्षमता से कहीं अधिक जाकर कार्य किया।इस पितृपक्ष मेला सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी और नगर आयुक्त एवं पुलिस प्रशासन सिओ, बीडीओ आदी अधिकारी पाच महिना पहले को इसको सफल बनाने के लिए लग जाते हैं।जिसका परिणाम रहा कि पितृपक्ष मेला में करीब 15 लाख तीर्थयात्री आए। जिन्होंने सरकार एवं प्रशासन के साथ गयवासियों की सराहना की है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पग पग पर तीर्थयात्रियों को पूरी सेवा भाव, समर्पण के साथ उनका सहयोग देने का कार्य किया गया है।इस पितृपक्ष मेला के अवसर पर 15 लाख से अधिक तीर्थयात्री गयाजी आकर अपने पूर्वजों का पिंडदान किया है। लगभग 45 से अधिक विदेशी पिंडदानी अमेरिका, रसिया, फ्रांस एवं जर्मनी से आकर अपने पूर्वजों का पिंडदान किया हैं। विदेशी पिंडदानियों ने भी कहा कि जिस फल्गु नदी में पानी नहीं होने की बात सुनते हुए आ रहे थे, इसमें लबालब पानी देखने को मिला है। यह सब नीतीश कुमार की सरकार के प्रयासों का ही प्रतिफल है अभिशप्त अंतः सलिला फल्गु के दोनों घाट देवघाट से लेकर सीताकुंड लबालब पानी देखने को मिला है। फल्गु नदी पर बने गयाजी डैम (रबर डैम) की तारीफ सभी ने की है।

पितृपक्ष मेला 2023 के समापन समारोह पर जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने तमाम पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सफाई कर्मियों, स्वयं सेवी संस्थानों, समाजसेवियों, एनसीसी के बच्चे, स्काउट गाइड के बच्चे, नेहरू युवा केन्द्र के वोलेंटियर, विभिन्न मीडिया हाउस के प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी लोगो के साथ साथ गया जिलावासियों को इस वर्ष पितृपक्ष मेला को ऐतिहासिक बनाने, स्मरणीय बनाने एव यादगार बनाने के साथ साथ सफल बनाने में जो कार्य किया है, उसे लेकर सभी को उन्होंने धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का मेला सालो साल इतिहास के रूप में याद किया जाएगा।इसके अलावा इस वर्ष पहली बार गया के गांधी मैदान में टेंट सिटी में रहने वाले तीर्थ यात्रियों को पीने के लिए गंगा जल भी उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही विष्णु पद मंदिर के समीप प्याऊ और देवघाट एवं सीता कुंड में प्याऊ के माध्यम से आए हुए सभी तीर्थ यात्रियों को गंगाजल पिलाने का कार्य बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। इस व्यवस्था को लेकर देश-विदेश से आए सभी तीर्थ यात्रियों ने काफी सराहा है। टेंट सिटी में डालमिया जी द्वारा लगाए गए स्टॉल, सुधा और हर दिन संध्या में भजन कीर्तन इत्यादि का काफी आनंद सभी ने लिया है। टेंट सिटी में लगभग 12000 से ऊपर तीर्थ यात्रियों ने आवासन किया है।

सभी पिंडदानियों के स्वास्थ्य सुविधा की पूरी मुकम्मल व्यवस्था इस बार रखी गई है। सिविल सर्जन एवं उनके स्तर पर निरंतर इसकी जांच एवं समीक्षा की गई है। कहीं भी कोई भी छोटी से छोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर सिविल सर्जन की टीम द्वारा क्विक रिस्पांस दिया गया है। पूरे 17 दिनों में 65 स्वास्थ्य शिविर में 75000 से अधिक तीर्थयात्री चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा 410 तीर्थ यात्रियों को कैंप में रखकर जरूरी उपचार य स्लाइन पानी चढ़ाना, बैंडेज इत्यादि का इलाज किया गया है। इसके अलावा 245 तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य शिविर से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल, जयप्रकाश नारायण अस्पताल सहित अन्य डेडीकेटेड बनाए गए अस्पतालों में रेफर किया गया है। विष्णुपद मंदिर दर्शन करने आने वाले अति बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को विशेष रूप से व्हीलचेयर की सुविधा इस वर्ष उपलब्ध कराई गई। पूरे मेला अवधि में लगभग 317 तीर्थ यात्रियों को व्हीलचेयर की सुविधा मुहैया कराई गई।

देवघाट पर बनाए गए नियंत्रण कक्ष में लगभग 438 तीर्थ यात्रियों को खोया पाया काउंटर के माध्यम से उनके परिजन से मिलाने का कार्य किया गया है। इसके अलावा संवास सदन नियंत्रण कक्ष में बनाए गए आईवीआरएस सिस्टम के तहत 384 कॉल्स तीर्थ यात्रियों का सीधे पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कराकर उनके समस्याओं को समाधान करवाया गया है। विष्णुपद मंदिर गर्वगृह में यात्रियों को कोई फिसलन ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रांगण एवं मंदिर परिसर में लगातार साफ सफाई की व्यवस्था करवाई गई है। इस वर्ष किसी भी तीर्थ यात्रियों को फिसलन जैसी कोई समस्या नहीं हुई है। लगभग 3.10 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने निःशुल्क ई-रिक्शा का लाभ लिया है। मंदिर परिसर में यात्री अच्छे तरीके से भगवान का दर्शन करें इसके लिए क्यू- सिस्टम बनाकर यात्रियों को कतारबद्ध रूप से गर्भगृह में प्रवेश करवाया गया है। जिससे भगदड़ जैसी स्थिति को भी पूरी तरह रोका गया है। शत प्रतिशत तीर्थयात्री भगवान का दर्शन कर पाए।।विभिन्न तालाबों एवं सरोवर में एसडीआरएफ एवं गोताखोर के टीम द्वारा लगभग 115 से ऊपर रेस्क्यू ऑपरेशन कर तीर्थ यात्रियों को सहायता प्रदान किया है। इस वर्ष पितृपक्ष मेला में पहली बार कमोबेश निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ-साथ मेला क्षेत्र में कहीं भी लो- वोल्टेज की समस्या नहीं आने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र के सात अलग-अलग स्थान पर 200 केवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाए गए थे।

साफ सफाई के क्षेत्र में भी काफी उत्कृष्ट कार्य नगर निगम द्वारा किए गए हैं। नदी के पानी को स्वच्छ रखने के लिए पर्याप्त सफाई कर्मी द्वारा जाल के साथ पानी से यत्र तत्र पूजन सामग्री को लगातार साफ करने का कार्य किए हैं। इसके अलावा मेला क्षेत्र, टेंट सिटी एवं सभी आवासन स्थल में डेंगू से बचाव हेतु विशेष रूप से फोगिंग की व्यवस्था रखी गई थी।

सीतापथ पर मिथला पेंटिंग भी पितृपक्ष मेला में आकर्षण का केंद्र बना रहा। भारत का सबसे लंबा यह मिथला पेंटिंग है। सीता पथ पर कुल 700 मीटर में यह मिथला पेंटिंग है। माँ सीता के सम्बंध में पूरा पेंटिंग के माध्यम से जीवंत दिखाने का कार्य किया गया है। माँ सीता कैसे तर्पण करने गयाजी के सीता कुंड तक आये इत्यादि सभी चीजें पेंटिंग से दशार्या गया है।

## पूर्व डिप्टी मेयर ने मृत सफाईकर्मी, अज्ञात मृतकों सहित अपने पितरों का किया तर्पण

प्रात : किरण संवाददाता

गया. गया के पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने शनिवार को विष्णुपद स्थित फल्गु देवघाट पर पितरों के निमित्त तर्पण का कर्मकांड किया है वहीं, पितृपक्ष मेले में डूब कर एक सफाईकर्मी की मौत हो गई थी. मृत सफाईकर्मी के लिए और घटना-दुर्घटना समेत विभिन्न अकाल मृत्यु से मेरे अनजान लोगों के लिए भी पूर्व डिप्टी मेयर ने फल्गु तट पर तर्पण किया और मोक्ष की कामना कीहै।पूर्व डिप्टी मेयर के द्वारा अपने पितरों के निमित तर्पण का कर्मकांड करने के बाद अपने गयापाल पुरोहित मणिलाल बारिक से से आशीर्वाद लिया है.

वही एक सौ ब्राह्मणो को उन्होंने भोजन भी कराया और दान दक्षिणा भी दिया है इस मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि जैसा कि हम लोग जानते हैं कि इस वर्ष का पितृपक्ष मेला आज समाप्त हो रहा है. इस दिन मेरे द्वारा वैसे लोगों का तर्पण किया गया है जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो, जो अज्ञात हो, ऐसे लोगों का तर्पण कर्मकांड नहीं हुआ हो, उनके लिए मेरे द्वारा विष्णुपद फल्गु नदी के तट पर तर्पण का कर्मकांड किया गया। वही अपने पूर्वजों के लिए भी मैंने तर्पण का कर्मकांड किया है और पूर्वजों के मोक्ष की कामना की है। इसके अलावा एक सफाईकर्मी की पितृ पक्ष मेले में ड्यूटी के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई थी. उस सफाईकमी के निमित्त भी हमारे द्वारा तर्पण का कर्मकांड कर मोक्ष की कामना की गई है।

## पकहां में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा के पकहां में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत होने की सूचना है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मढौरा पुलिस ने उक्त महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पकहां निवासी सुखदेव राय की पत्नी सुगांति देवी की मौत घर मे ही संदिग्ध परिस्थितियों में ही गई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद मृतक महिला के मायके वाले यहा पहुचे और पुलिस को सूचना देकर बुलाये। जिसके बाद पुलिस ने उक्त महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल छपरा भेज दिया । पुलिस ने बताया कि सुगांति देवी दो बच्चों की मां है और शुक्रवार की रात पति से किसी बात को लेकर झगड़ा की थी। उधर शव का दाह संस्कार करने के बाद मृतक संगीता देवी के पिता रामेश्वर राय ने मढ़ौरा थाने में अपने दामाद सुखदेव राय सहित कल 6 लोगों के खिलाफ पर एक प्राथमिक दर्ज कराई है।

## कोइलवर में दुर्गा पूजा की तैयारी तेज, सज रहे पंडाल

### नवोदय दुर्गा पूजा समिति द्वारा बनाया जा रहा है भव्य दुर्गा पूजा पंडाल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के लेकर प्रखंड के विभिन्न जगहों पर शारदीय नवरात्र को लेकर धूम मची हुई है। इस दौरान कोइलवर में भी पूजा पंडाल को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। प्रखंड के नवोदय दुर्गा पूजा समिति,जनता ड्रामेटिक दुर्गा पूजा समिति, सरस्वती कला केंद्र,आजाद कला मंदिर में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा मूर्ति निर्माण और पूजा पंडाल बनाने , सजाने और संवारने का कार्य तेजी से चल रहा है।

] प्रखंड के समस्त क्षेत्रों व नगर पंचायत में मूर्ति निर्माण में कारीगर जोर-शोर से लगे हुए हैं। कोईलवर नगर पंचायत के जनता ड्रामेट्रिक एसोसियेशन दुर्गा पूजा समिति द्वारा भी शारदीय नवरात्र को लेकर मूर्ति निर्माण का तैयारी चल रहा है। संस्था के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा के प्रतिमा का भक्त अलौकिक दर्शन करेंगे। जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा साढ़े सात फीट की होगी। साथ ही उनके साथ भगवान गणपति, माँ शारदे, माँ लक्ष्मी, कार्तिकेय भगवान के भव्य प्रतिमा के साथ व्याघ्र और महिषासुर की प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। वही शुभम ने बताया कि नवरात्र में मंदिर व मंदिर परिसर को सुगंधित फूलों से सजाया जाएगा। मंदिर के बाहरी परिसर को रंगबिरंगे सीरीज बल्ब और तोरणद्वार बना सजाया जाएगा। माँ दुर्गा के अलौकिक दर्शन के लिए मंदिर में महिला,पुरुषों की लिए अलग अलग व्यवस्था होगी। इस दौरान महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

**शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन दे चुका है प्रशस्ति पत्रः** 1985 से शुरू हुई नवोदय दुगार्पूजा समिति को दुगार्पूजा में बेहतर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजपुर डीएम की ओर से तीन बार शांति व्यवस्था के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जा चुका है। समिति के सदस्यों ने बताया कि शांति के बीच पूजन व्यवस्था ही यहां की खासियत है। मेन रोड के समीप पूजा पंडाल होने के कारण भक्तों की भारी भीड़ यहां उमड़ती है। समिति की ओर से हर वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जाता है। इस बार भी पंडाल निमार्ता छोटू सिंह के नेतृत्व में लाखों रुपये की लागत से भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। नवोदय दुर्गा पूजा समिति संस्था के अध्यक्ष सिकु सिंह व सचिव संजीत रजक ने बताया कि भीड़ नियंत्रण से लेकर पूजा के दौरान भक्तों को किसी तरह की परेशानियों के मद्देनजर हमारे सदस्य तैयार रहेंगे। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस बल की तैनाती भी की जायेगी। पूजा समिति में हरेन्द्र प्रसाद, राजू यादव, प्रीतम,सचिन ,धीरज, पिंकू आलोक, अमित, चंदन,कुणाल,तेजनरायण राम, बड़क साह समेत नवोदय दुगार्पूजा समिति की दर्जनों सदस्य पूजा के दौरान मौजूद रहेंगे।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना के साथ ही भक्तों ने कलश स्थापना किया इसके साथ ही नगर में भक्तिमय माहौल हो गया है। वहीं मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रखंड में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर है। स्थानीय मूर्तिकार 1 माह पूर्व से ही मां की भव्य प्रतिमा बनाने में जुटे हैं।

हालांकि इस बार कोइलवर स्थित आजाद कला मंदिर में पुरानी विधि से बनाई जाने वाली मूर्तियों के स्वरूप में परिवर्तन आ चुका है यहां की पूजा समिति पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सतर्क हैं। मूर्ति कलाकार से इको फ्रेंडली मूर्तियां बनाने लगे हुए हैं। मूर्तियां बनाने में पहले कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल किया जाता था, मूर्तियों की सजावट में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्त्र और जेवरात भी प्लास्टिक और थमाकील से तैयार होते थे, जो गैर बायोडिग्रेडेबल कचरे को बढ़ाता था। इनसे निकलने वाला जहरीला कचरा पौधों और जानवरों के जीवन को नुकसान पहुंचाता हैं लेकिन अब ऐसा नहीं है। मूर्तियों की सजावट में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्त्र से लेकर जेवरात तक गंगा नदी व स्थानीय मिट्टी से ही तैयार किया जा रहा है। मूर्ति कलाकार रामायण चौधरी ने बताया कि आजाद कला मंदिर पूजा समिति के सदस्य अरविंद कुमार के कहने पर वो इस बार इको फ्रेंडली मूर्तियां बना रहे हैं।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए इको फ्रेंडली मूर्तियां बनाई जा रही है। मूर्ति के कलर देने के लिए जो रंग इस्तेमाल किया जाता है वह भी इको फ्रेंडली है, जिसे प्राकृतिक तरीके से तैयार किया गया है। वही पूजा समिति सदस्य अरविंद कुमार ने बताया कि समिति द्वारा ये निर्णय किया गया कि इस बार इको फ्रेंडली मूर्ति बनाई जाये। मैं अन्य लोगों से भी आग्रह करूंगा कि आप भी इको फ्रेंडली मूर्ति बनवाये व बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करें।

## कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ शारदीय नवरात्र

प्रात : किरण संवाददाता

आरा।आज से विधिवत रूप से शारदीय नवरात्र का त्योहार शुरू हो गया और इस दौरान नवरात्रि में मां दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा की जाएगी वहीं आज से विधिवत रूप से पूजा पंडालों में कलश स्थापना कराया गया वही नवरात्र की पूजा को लेकर चारों तरफ धूम मची हुई है और भक्तगण मां दुर्गा की आराधना में ली है।

मालूम हो कि शारदीय नवरात्र को मुख्य नवरात्रि माना जाता है और कैलेंडर के अनुसार यह नवरात्रि शरद ऋतु में अश्विन शुक्ल पक्ष से शुरू होता है और पूजा पूरे 9 दिन तक चलती है वहीं इसको लेकर पंडाल में भी विधिवत रूप से कलश स्थापना का कार्य किया गया आरा के बैंक कॉलोनी मोड पर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक कला मंदिर के द्वारा भव्य पंडाल में वैदिक मंत्रोचार कर के बीच विधिवत रूप से कलश स्थापना किया गया श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्री मठ सोनबरसा के मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज की देखरेख में आए हुए आचार्य श्री गोविंदाचार्य जी महाराज एवं मोहन जी महाराज की देखरेख में भव्य कलश यात्रा निकाला गया जो जीरो माइल स्थित आदित्य सरोवर पहुंचा जहां की वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल भरकर पुनः बैंक कॉलोनी मोड़ स्थित पंडाल में पहुंचा और विधिवत रूप से कलश स्थापना की गई इस दौरान गाजे बाजे के साथ निकल गया कलश यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी इस दौरान पूजा कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन सचिन विभु यादव मोहित चौधरी विक्की सिंह गुड्डू पांडे नीतीश कुमार गुड्डू उपाध्याय भोलू तिवारी अमन सोनी पवन कुमार प्रिंस कुमार बिहार दीपू कुमार सतीश कुमार विश्वजीत सरकार भोलू सिंह गजेंद्र सरकार साथी कुमार गोलू कुमार सुमित राय शुभम तिवारी हर्ष कुमार संदीप कुमार मुरारी डीबी कुमार मुन्ना तिवारी विवेक सागर वरुण कुमार प्रिंस गौतम गोलू शैलेश आभास सनी किट्टू रंजीत सत्यम शिवम रोहित राजीव रंजन उर्फ राजू सिपाही वेंकटेश उपाध्याय मिन्ता कुमारी शिवांश शेखर पूजा कमेटी के संयोजक चंदन कुमार उदय शंकर मिश्रा समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे वही पूजा समिति के अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी आठवेवर्ष भव्य तरीके से बैंक कॉलोनी पूजा पंडाल पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है यहां सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरा फायर सेफ्टी किट बाबा मेडिकल हॉल धोबी घाट की तरफ से फर्स्ट एड की व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

## माँ मांडवीधाम में सप्तमी तिथि से लगेंगी अर्जियां

### संतान और रोजगार प्राप्ति के लिए लगती है मां मांडवी के यहां अर्जियां

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली। जिले के अति प्राचीनतम देवी स्थान मंडईडीह स्थित माँ मांडवी धाम में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब सप्तमी तिथि से यहां उमड़ पड़ती है। सप्तमी से लेकर नवमी तक संतान सुख से वंचित दंपति एवं रोजी - रोजगार की चाह रखने वाले यहां माता के दरबार में अर्जी लगाते हैं। सच्चे मन से लगाए गए अर्जियां माता सुनती भी है। सैकडो. ऐसे उदाहरण है, जिसमें माता की कृपा से कई आंगनो में किलकारी गूँजी है। सीमांचल से आए एक दंपति ने बताया कि विवाह के 8 वर्षों तक संतान सुख नहीं मिला जब मित्र के माध्यम से माता की ख्याति की जानकारी हुई , तो बीते दो वर्ष पूर्व यहां दो नारियल के साथ अर्जी लगाया था और अर्जी तिथि से ठीक एक वर्ष बाद उसी तिथि को कन्या ने जन्म लिया। यह माता के प्रति आस्था और चमत्कार ही था। इसके अलावा बीते वर्ष पटना के दंपति को 9 वर्ष बाद जुड़वा पुत्र की प्राप्ति हुई।

इस वर्ष मंदिर में अपनी पुरानी पारंपरिक कला द्वारा प्रतिमा निर्माण का कार्य जारी है। यहां प्रतिमा निर्माण का कार्य ग्राम के खानदानी मूर्तिकार परिवार द्वारा की जाती है । मूर्तिकार उपेंद्र पंडित और सुरेंद्र पंडित भाइयों द्वारा माता की प्रतिमा के साथ मां काली ,मां लक्ष्मी ,मां सरस्वती , महादेव, गणेश, कार्तिकेय के मूर्ति निर्माण का कार्य जारी है। यहां की अनोखी मूर्ति कला अति प्राचीन और पारंपरिक रूप से है जो सुर्ख लाल रंग की है।

मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित जितेंद्र झा के अनुसार सप्तमी तिथि से माता की प्रतिमा खुलने के साथ अर्जियां लगाई जाएगी। यहां अष्टमी और नवमी को बली की भी प्रथा है । वैसे माता वैष्णवी कहलाती है पर उनके गण डाकिनी ,शाकनी , पिशाचिनी आदि को तृप्त करने के लिए बलि दी जाती है। नवमी तिथि को सामूहिक हवन के बाद ग्राम एवं आसपास की कुंवारी कन्या पूजा एवं कन्या को भोजन खिलाने का परंपरा है। इस बार माता रानी का आगमन हाथी और विदाई मुर्गा पर है।

**मंदिर का इतिहास सदियों पुराना:** मां मांडवीधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह कहते हैं कि यह क्षेत्र मैथिली बज्जिका का मिश्रित है। इतिहासकारों के अनुसार यह राम सर्किट का महत्वपूर्ण स्थान है । विदेहराजा जनक के छोटे भाई कुशध्वज यहां पिंड रूप में विराजमान महा मांडवी का दर्शन पूजन करने आए थे और इसी फल स्वरूप उन्हें तीन पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। उन्होंने अपनी ज्येष्ठ पुत्री का नाम मांडवी रखा। पूर्व में ग्राम का नाम मांडवीडीह था जो अपभ्रंश होकर मंडईडीह हो गया । यहां पूजा पाठ का दौर सदियों पुराना है जो हम अपने दादा परदादा से सुनते आए हैं। यहां पूजा पाठ का खर्च प्रत्येक वर्ष एक भक्त द्वारा ही की जाती है जिनकी मनोकामना पूर्ण हुई हो । आस्था का केंद्र के रूप में यह मंदिर दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है यहां 2033 तक भक्त पूजा करने के लिए पंक्ति में है।

दूसरी ओर मंदिर से सटे मैदान में विजय दशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को लेकर रावण पुतला निर्माण कार्य जारी है। मेला समिति के सचिव यतींद्र नारायण सिंह के अनुसार 80 फीट रावण पुतला का निर्माण विवेक, मनोज,ई. सौरभ एवं मुनीलाल पासवान के नेतृत्व में दर्जनों युवा कर रहे हैं। इस बार विजयदशमी महोत्सव पर विशेष तकनीक से रावण दहन का कार्यक्रम है विशेष रूप से रंग बिरंगी आतिशबाजी का प्रयोग किया जा रहा है। यहां का मेला और मनोरंजन के लिए नाटक नृत्य आज भी पारंपरिक रूप से चल रहे हैं ।

## मिसाइल मैन डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम का जन्मोत्सव मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय सदर अस्पताल परिसर स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर गांव गरीब चेतना मंच आरा,भोजपुर संयोजक सह जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में मिशाइल मैन , पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए, पी, जे अब्दुल कलाम की जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंच के संयोजक डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि डॉक्टर अब्दुल कलाम आजाद भारत के 11 वें राष्ट्रपति रहें हैं और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने भी देश को एक शक्तिशाली पूर्ण विकसित परमाणु देश घोषित करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम का स्वभाव नम्रता,व्यवहारिकता से परिपूर्ण और विशिष्ट वैज्ञानिक प्रतिभा होने के नाते " लोकप्रिय मिशाइल मैन " की संज्ञा देने के साथ साथ विज्ञान के क्षेत्र में उनकी भूमिका ऐतिहासिक सराहनीय और वर्तमान में नव जवान छात्रछात्राओं,किसान,मजदूर एवम् मेहनत कश मजदूरों के लिए प्रेरणा श्रोत है। डॉक्टर नरेश प्रसाद ने बताया कि डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व , कृतित्व, पठन पाठन और अर्थ विहीन , संसाधन विहीन महामानव का इच्छा शक्ति और उनके जीवन संघर्ष हमारे देश के शिखर तक पहुंचना भावी पीढ़ी को सबक लेना चाहिए तथा देश हित में आजीवन लोकतंत्र के लिए प्रासंगिक है। माल्यार्पण कार्यक्रम के प्रमुख साथी शिव शंकर प्रसाद चंद्रवंशी विनोद कुमार, मो अब्दुल हमीद पप्

### वेज की जगह भेज दिया नॉन-वेज खाना, चुकानी पड़ी कीमत

नईदिल्ली। ऑनलाइन फूड ऑर्डर करने वालों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिला है. लोग घर बैठे ऑनलाइन फूड को मंगवाने को ज्यादा प्राथमिकता देने लगे हैं. इसके लिए कुछ पॉपुलर प्लेटफॉर्म भी हैं, जो कि लोगों को ऑनलाइन खाना डिलीवरी करते हैं. हालांकि ऑनलाइन फूड मंगवाने के कुछ नुकसान भी हैं।

### क्रिप्टो से जुड़े मुद्दों से कैसे निपटा जाएगा?

नईदिल्ली। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए जी20 रूपरेखा के त्वरित और समन्वित कार्यान्वयन का आह्वान किया है. जी-20 के वित्त मंत्रियों ने गुरुवार को क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी-20 रूपरेखा को अपनाने की बात कही।

# डिपॉजिटर्स को लुभाने के लिए 3 बैंकों ने बढ़ाईं ब्याज दरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोगों से बैंकों में ज्यादा पैसा डिपॉजिट कराने के लिए तीन बैंकों ने नई तिमाही के दो सप्ताह के भीतर कुछ मैच्योरिटी अवधि की डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इस पैसे का इस्तेमाल कर्जदारों को कर्ज देने के लिए किया जाएगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने 3 साल तक की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरें 50 आधार अंक तक बढ़ा दी हैं। इसका मतलब यह है कि अगर आप 3 साल तक के लिए पैसा डिपॉजिट करते हैं तो आपको अपनी एफडी पर ज्यादा ब्याज मिलेगा। यह ऑफर निवासी और अनिवासी भारतीयों दोनों के लिए उपलब्ध है। नई दरें 2 करोड़ रुपए से कम की डिपॉजिट पर लागू होती हैं और 9 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी हैं।

पुणे स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरों में 125 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की है। अगर आप 46-90 दिनों के लिए पैसा डिपॉजिट करते हैं तो आपको अपनी एफडी पर ज्यादा ब्याज मिलेगा। नई दर 4.75 प्रतिशत है, जो 13 अक्टूबर 2023 से प्रभावी है।

यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 8.95 प्रतिशत प्रति साल की ब्याज दर के साथ 701 दिनों की एक नई विशेष डिपॉजिट स्कीम शुरू की है। यह इसकी पिछली 18 महीने-1,000 दिन की बकेट डिपॉजिट योजना पर ब्याज दर से ज्यादा है, जो प्रति साल 7.4 प्रतिशत थी।

बैंकरों ने कहा है कि उन्होंने अन्य बैंकों द्वारा दी जाने वाली ब्याज दरों के बराबर करने के लिए कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि बैंक डिपॉजिटर्स से ज्यादा धन आकर्षित करने के लिए कंपटीशन कर रहे हैं।

चालू वित्त साल के पहले छह महीनों में बैंकों ने पिछले साल की समान अवधि की तुलना में काफी ज्यादा धन जुटाया। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कमर्शियल बैंकों ने वित्त वर्ष 2024 में 22 सितंबर 2023 तक 910.89 ट्रिलियन जुटाए, जबकि वित्त साल 23 की समान अवधि में यह राशि 95.66 ट्रिलियन थी। यह 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर है, जो एक साल पहले 3.4 प्रतिशत थी।

# एफपीआई ने अक्टूबर में अब तक शेयर बाजारों से 9,800 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने तथा इजराइल-हमास संघर्ष की वजह से पैदा हुई अनिश्चितता के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 9,800 करोड़ रुपए की निकासी की है। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपए डाले थे।

फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, ''उस समय एफपीआई का यह प्रवाह अमेरिका में मुद्रास्फीति में गिरावट की वजह से था। अमेरिका में महंगाई दर फरवरी के छह प्रतिशत से गिरकर जुलाई में 3.2 प्रतिशत पर आ गई थी। इसके अलावा मई से अगस्त के दौरान फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने की वजह से भी एफपीआई का प्रवाह बढ़ा था।

मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक एवं प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''आगे चलकर भारतीय बाजारों में एफपीआई का निवेश न केवल वैश्विक मुद्रास्फीति और ब्याज दरों से, बल्कि इजराइल-हमास संघर्ष से भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि भूराजनीतिक तनाव ऐसा जोखिम है जिसकी वजह से भारत जैसे उभरते बाजारों में विदेशी पूंजी का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने 13 अक्टूबर तक एफपीआई ने 9,784 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई की बिकवाली की प्रमुख वजह अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल का लगातार बढ़ना है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने देश के बॉन्ड बाजार में 4,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही इस साल अबतक शेयरों में एफपीआई का कुल निवेश 1.1 लाख करोड़ रुपए और बॉन्ड बाजार में 33,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

# भारत, ब्राजील ने 2050 तक 50 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्राजील ने द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक तिगुना करते हुए 50 अरब डॉलर तक ले जाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा है। भारत और ब्राजील के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार 15.2 अरब डॉलर है। बर्थवाल ने कहा कि दोनों देश अगले तीन-चार साल में आपसी व्यापार को 30 अरब डॉलर पर ले जाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इसे वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर पर पहुंचाने के आकांक्षी लक्ष्य की तरफ देख रहे हैं। इस व्यापार में वृद्धि की व्यापक संभावनाएं हैं।

बर्थवाल अक्टूबर की शुरुआत में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा के लिए ब्राजील के दौरे पर गए थे। वहां पर उन्होंने भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी व्यवस्था (टीएमएम) की छठी बैठक की अध्यक्षता की थी। वाणिज्य सचिव ने इस दौरे पर भारत और

ब्राजील के बीच बाजार पहुंच से संबंधित मुद्दों के अलावा सहयोग के नए क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान बाजार पहुंच से जुड़े मुद्दों और सहयोग के क्षेत्रों पर दो कार्य समूह भी बनाए गए।

# डी-मार्ट का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 9 प्रतिशत गिरकर 623.35 करोड़ रुपए, बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा श्रंखला डी-मार्ट की मालिक और इसका परिचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 9.09 प्रतिशत घटकर 623.35 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शनिवार को बताया कि सामान्य माल और परिधान कारोबार से कम योगदान के कारण सकल मार्जिन प्रभावित हुआ। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 685.71 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में परिचालन से उसका राजस्व 18.66 प्रतिशत बढ़कर 12,624.37 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 10,638.33 करोड़ रुपए था। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का जुलाई-तिसंबर, 2023 तिमाही का कुल व्यय 18.97 प्रतिशत बढ़कर 11,809.35 करोड़ रुपए रहा। सितंबर तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी 18.61 प्रतिशत बढ़कर 12,661.29 करोड़ रुपए रही। चालू वित्त वर्ष की पहली

छमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स का परिचालन से राजस्व 24,489.81 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 1,282.06 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नेविल नोरोन्हा ने कहा, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 18.5 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि रही।

# शेयर बाजार इस हफ्ते अच्छा प्रदर्शन करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 287.11 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का नफ्टी 97.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19751.05 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 227.96 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 32305.62 अंक और स्मॉलकैप 324.25 अंक मजबूत होकर 38184.83 अंक पर पहुंच गया। बाजार सलाहकार कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज




के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, दूसरी तिमाही के परिणाम को लेकर सकारात्मक उम्मीदों और इजरायल-हमास संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार सुस्त शुरुआत से उबर गया।

हालांकि, अमेरिकी में महंगाई की दर उम्मीद से अधिक रहने की वजह से ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। वहीं, स्थानीय स्तर पर सितंबर में खुदरा महंगाई में आई गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीद को बनाए रखने में मदद की। इस बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की आय में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण सीजन की कमजोर शुरुआत ने व्यापक बाजार रुझान को प्रभावित किया। वहीं, दूसरी ओर रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण परियोजनाओं की लॉन्चिंग और त्योहारी सीजन की शुरुआत से उत्साहित होकर प्री-सेल्स में बढ़ोतरी हुई।

नायर ने कहा कि अगले सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों विशेषकर ऑटो, वित्त और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने वाले हैं। इस पर बाजार की नजर रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, नेल्को, बजाज फाइनेंस, वप्रो, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील और इक्रा जैसी दग्गिज कंपनियों के परिणाम आने वाले हैं।

# पीएलआई पर समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपए के वितरण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर एक अधिकार प्राप्त समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की लाभार्थी कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपए के वितरण की मंजूरी दे दी है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार को इस योजना के तहत 3,400 करोड़ रुपए के दावे मिले हैं, जिसमें से मार्च, 2023 तक वह 2,900 करोड़ रुपए का वितरण कर चुकी है। इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, नौकरियों को सृजन करना और निर्यात का समर्थन करना है।

अधिकारी ने बताया, ''समिति की हालिया बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना के तहत 1,000 करोड़ रुपए के वितरण को मंजूरी दी गई। लाभार्थी कंपनियों को वास्तविक भुगतान में अभी कुछ और दिन लगेंगे। यह चालू वित्त वर्ष का पहला वितरण होगा। इस योजना की घोषणा 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इनमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, व्हाइट गुड्स (मसलन रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन आदि), कपड़ा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, वाहन, विशेष प्रकार का इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं। इस योजना का परिव्यय कुल 1.97 लाख करोड़ रुपए है। यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

मोबाइल फोन और निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों सहित बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत 32 लाभार्थियों को मंजूरी दी गई थी। प्रोत्साहन के वितरण का प्रस्ताव उन संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा पेश किया जाता है जो योजना को लागू कर रहे हैं। इसपर अधिकार प्राप्त समिति द्वारा विचार किया जाता है। इसमें नीति आयोग, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और व्यय विभाग, राजस्व विभाग, आर्थिक मामलों के विभाग और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

समिति पीएलआई योजना के तहत चुने गए लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के वितरण के लिए अपनी सिफारिशें देती है। ऐसे क्षेत्र जहां पीएलआई का वितरण कम है या कंपनियां अपने प्रदर्शन की सीमा को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं, वहां संबंधित विभाग योजना में सुधार पर विचार कर रहे हैं। योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए हाल के दिनों में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की गई हैं। एक अन्य अधिकारी ने उम्मीद जताई कि भुगतान में जल्द ही तेजी आएगी।

# बैंक में 20 साल की नौकरी, 50 की उम्र में खड़ी कर दी हजारों करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की महिलाओं का रह क्षेत्र में दबदबा बढ़ रहा है। अब देश में कारोबारी महिलाओं की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। भारतीय महिलाओं का डंका देश से लेकर विदेशों तक में गूंज रहा है। इन्हीं में से एक महिला का नाम इन दिनों खूब चर्चा में है। वह फाल्गुनी नायर हैं। फाल्गुनी नायर एक बिजनेस विमेन हैं। फाल्गुनी नायर देश की सबसे अमीर महिलाओं में शामिल हो चुकी हैं। फाल्गुनी शेल्फ मेड महिला अरबपति हैं। फाल्गुनी ने विरासत में मिली किसी कंपनी या माता पिता के पैसों के बलबूते अपना ये मुकाम नहीं बनाया बल्कि उन्होंने अपनी कामयाबी की कहानी खुद लिखी है। फाल्गुनी नायर को भारतीय स्टार्टअप की क्वीन कहा जाता है। 19 फरवरी, 1963 को मुंबई में जन्मीं फाल्गुनी पेशे से एक इंवेस्टमेंट बैंकर रही हैं। फाल्गुनी नायर ने अपने करियर की शुरुआत एएफ फर्ग्यूसन कंपनी के साथ बतौर मैनेजमेंट कंसल्टेंट की थी। साल 1993 में कोटक महिंद्रा ग्रुप के साथ जुड़ीं और वहां 20 सालों तक काम किया। साल 2005 में वह कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर बनीं और 2012 तक इस पद पर रहीं। जॉब के दौरान ही उन्होंने ढ्ढढ्ढरू अहमदाबाद से स्क्क्रकिया। एमबीए के दौरान ही उन्हें अपना बिजनेस करने का ख्याल आया था। 50 की उम्र तक पहुंचते पहुंचते फाल्गुनी ने अपनी बेहतरीन नौकरी छोड़कर साल 2012 में नायका की शुरुआत की। नायका संस्कृत के शब्द नायिका से प्रेरित है। इसका अर्थ होता है प्रमुख किरदार को निभाने वाली अभिनेत्री। फाल्गुनी नायर ने भारतीय महिलाओं की खूबसूरती को निखारने को अवसर के तौर पर देखा और 2012 में ब्यूटी-वेलनेस प्रोडक्ट बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। फाल्गुनी नायर का यह वेंचर पहले दिन से ही काफी सफल रहा, जल्द ही यह फैशन प्रोडक्ट के प्लेटफॉर्म के रूप में पापुलर कंपनी बन गई। 2014 में सिकोइया कैपिटल इंडिया ने नायका में 1 मिलियन डॉलर का निवेश किया। इसके बाद कई निवेशकों ने कंपनी में पैसा लगाया. धीरे-धीरे कंपनी को विस्तार दिया जाने लगा। फाल्गुनी नायर इस वक्त भारत की सबसे अमीर महिला सीईओ हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी नेटवर्थ करीब 21,600 करोड़ रुपये से ज्यादा है। नायका में फाल्गुनी 1600 से अधिक लोगों की टीम को लीड करती हैं। नायका मुख्य रूप से एक ई-कॉमर्स वेबसाइट है जो लैक्मे, काया स्किन क्लिनिक, लोरियल पेरिस इत्यादि सहित सभी प्रमुख ब्रांडों के ब्यूटी और वेलनेस प्रोडक्ट ऑफर करती है।

# 1 शेयर पर 4 बोनस शेयर दे रही है कंपनी, दशहरा से पहले रिकॉर्ड डेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर बांटने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। कामा होल्डिंग्स की रिकॉर्ड डेट नजदीक आ गई है। कंपनी शेयर बाजार में इसी हफ्ते एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। बता दें, कामा होल्डिंग्स ने निवेशकों को 1 शेयर पर 4 बोनस शेयर देने का फैसला किया है।

**किस दिन है रिकॉर्ड डेट :** शेयर बाजारों को दी जानकारी में कामा होल्डिंग्स ने बताया था कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 4 शेयर बोनस के तौर पर दिए जाएंगे। इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट 17 अक्टूबर 2023, दिन मंगलवार तय किया गया है। यानी जिस किसी निवेशक का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन दिखेगा उन्हें बोनस शेयर का फायदा होगा।

कामा होल्डिंग्स के निवेशकों के लिए यह साल शानदार रहा है। कंपनी ने पहले मार्च में 84 रुपये का डिविडेंड दिया था। बाद में फिर इसी साल अगस्त में 82 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, इससे पहले कामा होल्डिंग्स ने 2022 अपने शेयरों को वापस खरीदा था। शुक्रवार को कामा होल्डिंग्स के शेयर का भाव 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,270.65 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 31 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों में बीते एक महीने में 4 प्रतिशत की तेजी आई है।

# 2 टुकड़ों में बंटने जा रहा है स्टॉक, फिर मिलेगा बोनस शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते कई कंपनियां शेयर बाजार में एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। रुद्रा ग्लोबल इंफ्रा प्रोडक्ट्स लिमिटेड उन्हीं में से एक है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा और बोनस शेयर दोनों एक साथ होने जा रहा है। 150 रुपये से कम की कीमत वाले इस शेयरों में कई दिन से अपर सर्किट लग रहा है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में रुध्र ग्लोबल इनफ्रा प्रोडक्ट लिमि ने बताया है कि कंपनी अपने शेयरों को 2 हिस्सों में बांटने जा रही है। 10 रुपये के फेस वैल्यू शेयर की नई फेस वैल्यू 5 रुपये हो जाएगी। कंपनी फिर 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 1 शेयर बोनस देगी। इसके लिए रिकॉर्ड 18 अक्टूबर 2023 तय किया गया है। बीते सप्ताह आखिरी कारोबारी दिन को भी रुध्र ग्लोबल इनफ्रा प्रोडक्ट लिमि के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था। जिसके बाद कंपनी के शेयर 138.60 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। यह लगातार चौथा दिन था जब कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। बता दें, बीते एक महीने के दौरान कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 30 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# सेल इस माह के अंत तक मेट्रो के लिए परीक्षण आधार पर रेल का उत्पादन शुरू करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) इस माह के अंत तक मेट्रो रेल और माल ढुलाई गलियारा परियोजनाओं में इस्तेमाल की जाने वाली हेड हार्डेड (एचएच) रेल का परीक्षण उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने यह जानकारी दी है। प्रकाश ने कहा, ''सेल ने पहले अगस्त में एचएच रेल का परीक्षण उत्पादन शुरू करनी की योजना बनाई थी लेकिन भारतीय रेलवे से 880 ग्रेड जैसी सामान्य रेल की मांग आने के कारण इसे टाल दिया गया।

चेयरमैन ने कहा, ''हमारे पास प्रौद्यागिकी है। हमने इसकी (एचएच रेल उत्पादन) योजना बनाई थी लेकिन फिर...उन्होंने (रेलवे) हमसे परीक्षण टालने का अनुरोध किया और अब यह अक्टूबर के अंत में शुरू होगा। एचएच रेल उच्च गति वाले माल गलियारों और मेट्रो रेल परियोजनाओं में उपयोग की जाने वाली विशेष रेल हैं। ऐसी रेल सामान्य रेल की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक दबाव सहन करने के लिए 'हेड हार्डनिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर तैयार की जाती हैं।

सेल ने छत्तीसगढ़ में अपने भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में नई यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में एचएच रेल के उत्पादन के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं, और इसके लिए 'कोल्ड परीक्षण पहले ही पूरा हो चुका है। सेल एचएच रेल का उत्पादन शुरू करने वाली देश की दूसरी कंपनी होगी। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित अपने संयंत्र में एचएच रेल का उत्पादन करती है। प्रकाश ने कहा कि सेल पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में रेलवे के लिए फोर्ज व्हील का भी उत्पादन करती है। उन्होंने कहा कि रेल और पहियों की आपूर्ति भारतीय रेलवे को की जाती है।

कोकिंग कोयले की खरीद पर प्रकाश ने कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और इंडोनेशिया के विभिन्न स्रोतों से कोकिंग कोयला लेते हैं। मोजाम्बिक में हमारी एक संयुक्त उद्यम कंपनी भी है। सेल ने 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान रूस से 75,000-75,000 टन कोकिंग कोयले की आठ खेप मंगाई हैं। उन्होंने बताया कि कोकिंग कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मोजाम्बिक स्थित आईसीवीएल की उत्पादन क्षमता को 20 लाख टन सालाना से बढ़ाकर 40 लाख टन सालाना करने की योजना है और इस बारे में एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मोजाम्बिक स्थित आईसीवीएल विदेशों में कोयला खदानों और संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सेल, आरआईएनएल, एनएमडीसी, सीआईएल और एनटीपीसी की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई है।

# भारत के पाकिस्तान को हराने के बाद विराट कोहली ने बाबर आजम को दिया तोहफा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा की 86 रन की पारी और शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। भारत ने पाकिस्तान को 191 रन पर आउट करने के बाद मेजबान टीम ने 117 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से जीत हासिल की। मैच के बाद विराट कोहली ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी साइन की हुई जर्सी दी। भारत की जीत में विराट कोहली ने 16 रन की छोटी पारी खेली थी।

इस जीत ने 50 ओवर के शोपीस टूर्नामेंट में भारत की अजेय लय को बढ़ा दिया। दो बार के चैंपियन ने पहले अपने अभियान में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को हराया था। यह 50 ओवर के आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की आठवीं जीत थी। पाकिस्तान ने शोपीस वनडे इवेंट में भारत को कभी नहीं हराया है। रोहित ने 63 गेंदों की अपनी पारी में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से भारत को, जो खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है, इस संस्करण में अब तक अपने तीन मैचों में अजेय रखा है। बुमराह (7 ओवर में 2/19), सिराज (8 ओवर में 2/50), कुलदीप (10 ओवर में 2/35), हार्दिक पांड्या (6 ओवर में 2/34) और रवींद्र जड़ेजा (9.5 ओवर में 2/35) ) विपक्ष को कुचलकर समर्पण करने के अपने प्रयास में निरंतर लगे रहे।

1999 में 180 रन पर ऑल आउट होने के बाद यह वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का दूसरा सबसे कम स्कोर था। भारत अब 19 अक्टूबर को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ेगा। 20 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### साइन की हुई जर्सी की मांग की

मैच के बाद बाबर आजम ने विराट कोहली से आग्रह किया और उनसे साइन की हुई जर्सी की मांग की। इस पर विराट कोहली ने पाक कप्तान का पूरा सम्मान करते हुए उन्हें अपनी साइन की हुई जर्सी उपहार में दी। इसकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## हमें नहीं लगा कि यह 190 की पिच थी, शानदार जीत हासिल कर बोले रोहित शर्मा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने क्रिकेट विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ अजेय क्रम जारी रखा है। पाकिस्तान को पहले गेंदबाजी करते हुए 191 पर सिमेटने के बाद टीम इंडिया ने रोहित शर्मा के 86 रनों की बदौलत 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। रोहित ने इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शतक बनाया था। अब पाकिस्तान के खिलाफ 86 रन बनाकर उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड भी बरकरार रखा।

बहरहाल, जीत हासिल करने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि आज

भी गेंदबाज ही थे जिन्होंने हमारे लिए खेल तैयार किया। मुझे नहीं लगता कि यह 190 की पिच थी। एक समय जब पाकिस्तान खेल रही थी तब हमें लगा कि यह 280 की पिच है। हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह से उन्होंने धैर्य दिखाया, वह बहुत कुछ कहता है। यह ऐसी चीज है जिस पर हमें गर्व है। जिसे भी गेंद मिलती है वह काम करता है। हमारे पास 6 व्यक्ति हैं जो गेंद से काम कर सकते हैं।

रोहित ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मेरा काम महत्वपूर्ण है। मेरा काम शर्तों को पढ़ना और यह पता लगाना होता है कि काम करने के लिए सही व्यक्ति कौन है। हम बहुत स्पष्ट थे कि हम क्या करना चाहते हैं। मैं इस बात को लेकर दुविधा में नहीं रहना चाहता था कि कौन कहां बल्लेबाजी करेगा। कुल मिलाकर अच्छा लग रहा है।

रोहित बोले- अभी मैं अपनी उंगलियां क्रॉस करके रखना चाहता हूं। ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहता। बहुत नीचे भी नहीं उतरना चाहता। संतुलित रहना चाहता हूं। शांत रहकर आगे बढ़ना चाहता हूं। हमारे सामने आने वाला प्रत्येक विरोध गुणवत्तापूर्ण है। आपको उस विशेष दिन अच्छा खेलना होगा और हम इसी पर ध्यान दे रहे हैं।

## शर्मनाक हार के बाद कोहली से जर्सी लेने पर बाबर आजम पर भड़के वसीम अकरम

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** शनिवार को क्रिकेट विश्व कप 2023 के अहम मुकाबले में भारत से टीम की हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने मौजूदा कप्तान बाबर आजम पर कड़ा प्रहार किया है। मैच के बाद बाबर आजम ने विराट कोहली से उपहार में उनकी साइन की हुई जर्सी मांगी जिस पर कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया। लेकिन बाबर की इस हरकत से अकरम जरूर निराश हो गए और पाक कप्तान को लताड़ा है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 42.5 ओवरों में 191 रनों पर ढेर करने के बाद भारत ने भारत ने 31 ओवरों के अंदर ही 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। हार के बाद कोहली ने बाबर को कुछ जर्सियां दीं और यह पूरा कार्यक्रम सार्वजनिक था। बाबर को कोहली का यह तोहफा स्टेडियम में मौजूद कैमरामैनों ने कैद कर लिया और यह वीडियो सोशल मीडिया वेबसाइट पर तुरंत वायरल हो गया।

अकरम ने कहा, जब मैंने तस्वीर देखी तो मैंने बिल्कुल यही कहा (सार्वजनिक रूप से शर्ट क्यों की, निजी तौर पर क्यों नहीं)। आज ऐसा करने का दिन नहीं था। यदि आप ऐसा करना चाहते हैं - यदि आपके चाचा के बेटे ने आपसे कोहली की शर्ट लाने के लिए कहा है तो खेल के बाद ड्रेसिंग रूम में ऐसा करें। मौजूदा विश्व कप में यह पाकिस्तान की पहली हार है। अकरम ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ मैच के लिए तैयार नहीं था, जिससे इस तथ्य को रेखांकित किया गया कि गुणवत्ता के मामले में टीमों के बीच अंतर बढ़ रहा है। अकरम ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी टीम को कुलदीप यादव के बारे में आगाह किया था। भारत के बाएं हाथ के स्पिनर ने इस प्रारूप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। शनिवार को उन्होंने पाकिस्तानी बल्लेबाजों पर अपना दबदबा जारी रखा और मध्य चरण में दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर उनकी बल्लेबाजी लाइनअप की कमर तोड़ दी।

### श्रीलंका के खिलाफ मैच से पूर्व बोले कमिंस

## अब प्रत्येक मैच फाइनल जैसा बन गया है

**लखनऊ(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को लगता है कि अब उनके लिए एकदिवसीय विश्व कप में प्रत्येक मैच फाइनल जैसा बन गया है लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम उन टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है जिनके खिलाफ हाल में उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में भारत से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने उसे 134 रन से हराया था। अब उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लीग चरण के बचे हुए सात मैच में से कम से कम छह मैच में जरूर जीत दर्ज करनी होगी।

कमिंस को हालांकि लगता है कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। कमिंस ने श्रीलंका के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर रविवार को यहां कहा, 'अगर हम विश्व कप 2019 पर गौर करें तो भारत और दक्षिण अफ्रीका दो ऐसी टीम थी जिन्होंने हमें राउंड रोबिन दौर में हराया था। पिछले साल भी यही दो टीम थी जिनके खिलाफ हमें सबसे ज्यादा परेशानी हुई।% उन्होंने कहा, 'अब हमारे पास ऐसी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका है जिनके खिलाफ हम पिछले कुछ समय से नहीं खेले हैं और जिनके खिलाफ हमें काफी सफलता मिली है। इसलिए हम उन टीमों के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखलाओं में हार का सामना करना पड़ा था। कमिंस ने कहा, 'हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही। अब प्रत्येक खिलाड़ी अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए बेताब है। हमने पहले दो मैच गंवाए हैं। अब हमें जीतना शुरू करना होगा और जल्द से जल्द ऐसा करना होगा। अब हमारे लिए प्रत्येक मैच फाइनल जैसा बन गया है। हमें अब प्रत्येक मैच में जीत दर्ज करनी होगी।

## पाकिस्तान की हार पर बोले पूर्व कप्तान रमीज राजा

### यह भयावह है, यह पीड़ादायक है

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तानी टीम की कड़ी आलोचना करते हुए इस हार को दुखद और पीड़ादायक करार दिया। भारत ने शनिवार को अहमदाबाद में खेले गए मैच में पाकिस्तान को 191 रन पर आउट कर दिया था तथा इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा की शानदार पारी से लगभग 20 ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से जीत हासिल की। राजा ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट में कहा, 'इस हार से वे बेहद दुखी होंगे। यह भयावह है। यह पीड़ादायक है। यह करारी हार है। वे खेल के तीनों विभागों में चित कर दिए गए। अगर आप जीत नहीं सकते तो कम से कम चुनौती तो पेश करो। पाकिस्तान ऐसा करने में सक्षम नहीं था।

पाकिस्तान की भारत के हाथों वनडे विश्व कप में यह लगातार आठवीं हार थी। राजा ने कहा कि पाकिस्तान को लंबे समय से चले आ रहे इस अवांछित क्रम को समाप्त करने के लिए कोई रास्ता ढूंढना होगा। पाकिस्तान की 1992 की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा रहे राजा ने कहा, 'यह वास्तविकता है और पाकिस्तान को इसको लेकर कुछ करना होगा। उन्हें भारत के खिलाफ चोकर्स (दबाव में बिखरने वाले) तो नहीं कहा जा सकता है। यह एक तरह का मानसिक अवरोध है। यह कौशल से जुड़ा अवरोध भी है।

## रोपवे से मैक्लोडगंज पहुंची नीदरलैंड टीम

### बाजार में खरीददारी भी की, 17 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से है मैच

**धर्मशाला (एजेंसी)।** हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 17 अक्टूबर को नीदरलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे वर्ल्ड कप का मैच खेला जाएगा। इसके लिए नीदरलैंड टीम के खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच चुके हैं। शनिवार को नीदरलैंड टीम के खिलाड़ी पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज घूमने पहुंचे। यहां खिलाड़ियों ने रोपवे के माध्यम से मैक्लोडगंज की ओर रुख किया। रोपवे से बाहर आकर खिलाड़ियों ने मैक्लोडगंज के मुख्य चौक की ओर प्रस्थान किया और वहां से पहाड़ियों को निहारा। इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने खरीददारी भी की। पहाड़ियो को देखकर खिलाड़ी रोमांचित नजर आए।

### त्रियूंड का भी भ्रमण किया था

खिलाड़ियों के साथ टीम के ऑफिशियल भी थे। गौरतलब है कि नीदरलैंड खिलाड़ियों ने धर्मशाला के रमणीक पर्यटक स्थल त्रियूंड का भी भ्रमण किया है। वहीं जहां टीम को ठहराया गया है, वहां टीम खिलाड़ी पहाड़ी कलाकारों के साथ डांस करते भी नजर आए थे।

## एशियाई खेलों से पहले खेल को अलविदा कहने का मन बना चुकी थी : अन्नुरानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने से पहले अपने लगातार खराब प्रदर्शन से भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी इतनी परेशान हो गई थी कि उन्होंने खेल को अलविदा कहने का मन बना लिया था। अन्नु ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा, 'इस साल मैने बहुत संघर्ष किया है। मैं विदेश में अभ्यास करने गई थी। सरकार से जिद करके विदेशी कोच से सीखने गई थी लेकिन मेरा प्रदर्शन गिर गया। पूरा साल खराब हो चुका था। एक के बाद एक हर प्रतियोगिता में खराब प्रदर्शन हो रहा था।

उन्होंने कहा, 'मैने एशियाई खेलों से पहले सोच लिया था कि मैं खेल छोड़ दूंगी। इतनी कोशिश के बावजूद कुछ जीत नहीं पा रही थी। सरकार और साइ ने मुझ पर इतना पैसा लगाया है लेकिन मैं प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी। बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप के बाद मैने खेल को अलविदा कहने के बारे में सोच लिया था।% अन्नु अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 57.05 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ 11वें स्थान पर रही और फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। वह सितंबर में ब्रसेल्स में डायमंड लीग में 57.74 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रही। पूरे सत्र में वह 60 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सकी थी। हांगझोउ में एशियाई खेलों में हालांकि 69.92 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर खराब फॉर्म को अलविदा कहा।

खेल से संन्यास का अपना फैसला बदलने के बारे में उन्होंने कहा, 'मन में आया कि इतने संघर्ष झेलकर अभावों से निकलकर मैं यहां तक आई हूं तो एशियाई खेलों में एक आखिरी चांस लेकर देखती हूं। मैने खूब मेहनत की और मुझे यह विश्वास था कि अच्छा खेलूंगी और पदक भी जीतूंगी। उन्होंने कहा, 'प्रतिस्पर्धा कठिन थी जिसमें विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता और ओलंपिक पदक विजेता थे। मैं यह सोचकर उतरी थी कि जितना खराब होना था, हो चुका और अब इससे खराब क्या होगा और मुझे सिर्फ गोल्ड चाहिए था, रजत या कांस्य नहीं।

अन्नु ने कहा कि बचपन के अभाव और संघर्षो ने उन्हें लड़ने की प्रेरणा दी और वह अपने समान हालात से निकली लड़कियों के लिये प्रेरणा बनना चाहती थी। मेरठ के बहादुरपुर गांव से निकली 31 वर्ष की अन्नु ने कहा, 'मेरे परिवार के जो हालात थे और मैने जहां से शुरूआत की थी, वह सब याद करके खुद को प्रेरित किया। यह भी सोचा कि मैं अकेली नहीं हूं संघर्ष करने वाली। हर क्षेत्र में लोगों को संघर्ष करने पड़ते हैं।

उन्होंने कहा, 'मैं उस समाज से आई हूं जहां लोअर टीशर्ट पहनने पर भी लोग टोकते थे। परिवार को खेलों की कोई जानकारी नहीं थी। पहली बार लोअर टीशर्ट पहनने पर घर में डांट पड़ी थी। मेरे पास जूते भी नहीं थे और प्रतिस्पर्धा मे जाने के समय दोस्त से उधार लेना पड़ता था। इतने संघर्ष से यहां तक पहुंचने का सफर याद करके ही मैने सोचा कि हार नहीं माननी है।

अन्नु ने कहा कि अब खेल से विदा लेने का विचार तजकर वह ओलंपिक पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा, 'अब लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना है। मैं अपने जैसे परिवेश से आने वाली खिलाड़ियों से यही कहना चाहती हूं कि हार नहीं मानना है, अपने लिये लड़ना है और लड़कियां कुछ भी कर सकती हैं। अब हर चीज में सरकार, साइ, महासंघ से सहयोग मिल रहा है। टॉप्स और खेलो इंडिया जैसा सहयोग बना रहे तो अगले ओलंपिक में काफी पदक आएंगे।

## पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने टीम इंडिया को जीत पर दी मुबारकबाद

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदिवसीय विश्व कप में शनिवार को पाकिस्तान पर भारत की एकतरफा जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए टीम को बधाई दी। भारत ने इस प्रारूप के विश्व कप में पाकिस्तान पर शत-प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए अहमदाबाद में 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान को 191 रन पर आउट करने के बाद भारत ने तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

प्रधानमंत्री ने मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अब से कुछ मिनट पहले ही भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बहुत ही शानदार जीत दर्ज की है। मैं टीम भारत, सभी भारतवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देता हूं।

उन्होंने इससे पहले एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टीम को बधाई देने के साथ भविष्य के मैचों के लिए शुभकामनाएं दी। भारतीय टीम का दबदबा रहा। हर विभाग में उत्कृष्टता के दम पर आज अहमदाबाद में एक शानदार जीत। टीम को बधाई और आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं।

यही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पाकिस्तान पर जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम ने दिखाया है कि एक समान लक्ष्य के साथ मिलकर की गई मेहनत देश के लिए कितना गौरव हासिल कर सकती है।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया- तिरंगा ऊंचाई पर फहरा रहा है। इस शानदार जीत के लिए हमारी क्रिकेट टीम को बधाई। टीम ने एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने दिखाया है कि एक समान लक्ष्य के साथ निर्बाध टीमवर्क हमारे देश के लिए कितना गौरव हासिल कर सकता है। विश्व कप 2023 जीतने की दिशा में आपके

## चोटिल दासुन शनाका विश्व कप से बाहर, करुणारत्ने को भेजा बुलावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका टीम के कप्तान दासुन शनाका चोट के कारण आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के शेष भाग से बाहर हो गए हैं। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की इवेंट तकनीकी समिति ने शनिवार को यहां श्रीलंकाई टीम में दासुन शनाका के प्रतिस्थापन के रूप में चमिका करुणारत्ने को मंजूरी दे दी है।

करुणारत्ने अब तक 23 वनडे खेल चुके हैं। शनाका 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण जख्मी हो गए थे। उनकी चोट को ठीक होने में तीन सप्ताह लग सकते हैं।

करुणारत्ने पहले से ही भारत में हैं और रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। वह सोमवार को लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान प्लेइंग 11 में आ सकते हैं।

27 वर्षीय खिलाड़ी ने अप्रैल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेलने के बाद से श्रीलंका के लिए नहीं खेला है, लेकिन उन्होंने अपने देश के लिए तीनों प्रारूपों में 60 से अधिक मैच खेले हैं।

## पाकिस्तान के बल्लेबाज मेरी गेंदों को नहीं समझ पाए : कुलदीप यादव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया। कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए।

कुलदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने इफ्तिखार के पांव को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की रणनीति बनाई थी तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया। कुलदीप ने भारत की सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, 'नहीं मैंने ऐसी योजना नहीं बनाई थी लेकिन मैं गुगली कर रहा था तो मैंने ऐसा प्रयास किया। वह थोड़ा शॉर्ट पिच गेंद थी जो बाहर जा रही थी और इस गेंद पर उसके लिए स्वीप करना मुश्किल था।

इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकटों में खेल दिया था। कुलदीप ने कहा, 'यह विकेट मुझे भाग्य से मिला और इस तरह के विकेट से बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ता है। वे मेरी गेंद को नहीं

समझ पाए और इसको लेकर भ्रम में थे कि वे मेरी गेंद पर स्वीप शॉट लगाएं या सामान्य बल्लेबाजी करें। मैं हालांकि उसे बेहतर तरीके से आउट करना पसंद करता।

असल में कुलदीप को वह ओवर नहीं करना था और उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा से बात करने के बाद ही यह ओवर किया था। कुलदीप ने कहा, 'मुझे लगा कि वे स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करेंगे क्योंकि वे ऐसा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पहले कोई जोखिम नहीं उठाया लेकिन जब कप्तान से बात करने के बाद मुझे वह अतिरिक्त ओवर करने को मिला तो मैंने दोनों विकेट उस ओवर में लिए।

उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर मोहम्मद सिराज ने बाबर आजम को आउट करके पाकिस्तान पर दबाव बनाया। इससे हमें मदद मिली। इसके बाद उस ओवर में मिले दो विकेट से वे आखिर तक नहीं उबर पाए।% कुलदीप ने कहा कि मोटेरा के विकेट से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को खास मदद नहीं मिल रही थी और 270 रन अच्छा लक्ष्य होता। उन्होंने कहा, 'हमारी ऐसी कोई योजना नहीं थी कि हमें उन्हें एक निश्चित स्कोर तक रोकना है। हमारी सारी रणनीति पिच की प्रकृति पर निर्भर थी। इस विकेट पर 270 रन का लक्ष्य अच्छा होता।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के एक्यूआई में सांस लेना दूभर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गुलाबी ठंड की दस्तक पड़ चुकी है। इस बीच आज यानी रविवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर सुधरा नजर नहीं आया है। दिल्ली में सांस लेना अब भी दूभर बना है। दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में पहुंच चुकी है। दिल्ली का एक्यूआई 245 दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अधिकतम तापमान यहां 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश का पूर्वानुमान भी है। उम्मीद है बारिश के बाद दिल्ली की हवा थोड़ी बेहतर हो सकती है। दिल्ली में आज सुबह मौसम साफ नजर आया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि रविवार, सोमवार और मंगलवार को तीन दिन दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती है। यह भी अनुमान है कि इससे अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक कमी आ सकती है। दिल्ली के एक्यूआई में सुधार ना होना यह एक चिंता की बात है। हर साल ठंड के मौसम में दिल्ली की हवा कई बार खराब श्रेणी में पहुंच जाती है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को काबू करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। ग्राप के नियमों को भी समय-समय पर लागू किया जाता है। हवा में धूल कण की मात्रा ना बढ़े इसके लिए दिल्ली सरकार ने भी इस बार कठोर नियम बनाए हैं। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर के आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने से लोगों को रोकने और उन्हें जागरूक करने के प्रयास भी किए जाते हैं। पहले ही यह अनुमान जताया गया था कि दिल्ली की हवा रविवार को खराब रह सकती है। हालांकि, 16 और 17 अक्टूबर को दिल्ली की हवा में थोड़ी सुधार की उम्मीद है। दिल्ली में ग्रैप के नियम 10 अक्टूबर से लागू है। वहीं 15 प्वाइंट विंटर एक्शन प्लान पर भी कई टीमे गठित कर दिल्ली सरकार ने सख्ती के अमल के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। शनिवार को भी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में हवा की स्थिति खराब बनी रही। इस दिन दिल्ली का एक्यूआई 267 रहा। एनसीआर में सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा फरीदाबाद की रही। रविवार को वेस्ट और नॉर्थ वेस्ट दिशा से हवाएं चलने की उम्मीद है। हवा की गति 8-15 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माणाधीन भवनों के आसपास से उड़ने वाले धूल कण और पराली जलाना दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुख्य कारकों में शामिल हैं।

### मध्य प्रदेश में मिलकर लड़ेंगे सपा-कांग्रेस

**लखनऊ , एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बीच गठबंधन के प्रत्याशी घोषित करने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों व टिकट के दावेदारों के साथ मुलाकात की। मध्य प्रदेश में 2018 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में सपा ने बिजावर सीट जीती थी, जबकि छह सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे स्थान वाली सीटों पर उसकी मुख्य लड़ाई भाजपा से हुई थी। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में सपा के सात विधायक जीते थे। इस बार सपा ने गठबंधन के तहत 10-12 सीटें मांगी थीं। इस मुद्दे पर सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस के एमपी के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला के बीच कई राउंड की बातचीत हुई।

### डीआरआई ने जब्त किया 19 करोड़ रुपये का सोना, बांग्लादेश से हो रही थी तस्करी

**नई दिल्लीएजेंसी।** डीआरआई (डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस) ने वाराणसी, नागपुर और मुंबई से कुल 19 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। डीआरआई द्वारा जब्त कुल सोना करीब 31.7 किलो है और इसकी कीमत करीब 19 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी बांग्लादेश से भारत में सोना लाकर इसे मुंबई, नागपुर और वाराणसी जैसे शहरों में भेज रहे थे। इससे पहले डीआरआई ने तमिलनाडु में तीन अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर 15 करोड़ रुपये कीमत का करीब 25 किलो सोना जब्त किया है। यह सोना श्रीलंका से तस्करी कर भारत लाया गया था। डीआरआई ने आरोपियों के पास से 56 लाख नकद भी बरामद किए हैं। डीआरआई ने छह लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### तिरुवन्नामलाई में कार और लॉरी की भीषण टक्कर में सात की मौत, पुलिस ने जांच शुरू की

**तिरुवन्नामलाईएजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले से एक दुखद घटना सामने आ रही है। यहां के चेंगम में एक कार और लॉरी की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई। चेंगम पुलिस का कहना है कि हादसा रविवार सुबह हुआ। मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है। जांच के बाद ही हादसा होने की सही वजह सामने आ पाएगी।

### छत्रपति संभाजी नगर में टेंपो और ट्रक में भिड़त, 12 लोगों की मौत; पीएम ने किया मुआवजे का एलान

**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में रविवार तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। यहां के छत्रपति संभाजीनगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार मिनी बस एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत, जबकि 23 अन्य घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि निजी बस में करीब 35 यात्री सवार थे। यह सभी लोग बुलढाणा जिले में सैलानी बाबा दरगाह के दर्शन करके नासिक लौट रहे थे। हादसे की जानकारी मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। साथ ही, पीएम ने पीड़ितों के परिवार के लिए मुआवजे का एलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायल व्यक्तियों को रुपये दिए जाएंगे। 50 हजार रुपये देने का एलान किया है। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना रविवार आधी रात के बाद एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में हुई, जो जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी और राज्य की राजधानी मुंबई से 350 किमी दूर स्थित है। बताया जा रहा है कि बस चालक ने अचानक से नियंत्रण खो दिया, जिससे जंबारगांव टोल प्लाजा के पास बस खड़े कंटेनर ट्रक टक्करा गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। वैजापुर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि मिनी बस ओवरलोड थी। इसकी क्षमता 17 लोगों को ले जाने की थी, लेकिन इसमें लगभग 35 यात्री यात्रा कर रहे थे।

# बीआरएस ने जारी किया पार्टी का घोषणा पत्र, सीएम केसीआर बोले- किसी के बहकावे में ना आएं

**हैदराबादएजेंसी।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर ने हैदराबाद में पार्टी के घोषणा पत्र का एलान किया। इस दौरान सीएम ने पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने बार-बार कहा है कि कुछ को छोड़कर अन्य सभी मौजूदा विधायकों को जीत मिलेगी। जिन्हें टिकट नहीं मिला है, उन्हें समझाने की कोशिश की है कि विधायकी का टिकट ही अंतिम नहीं है भविष्य में भी कई मौके आएंगे।

**जनता से किए 99 प्रतिशत वादे पूरे किए:** केसीआर ने कहा कि कई योजनाएं हमारे पिछले घोषणा पत्र में नहीं थी फिर भी उन्हें लागू किया गया जैसे तेलंगाना अन्नपूर्णा योजना, कल्याण लक्ष्मी योजना और रायतु भीमा योजना। हमने राज्य की जनता से किए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया है। इस

घोषणा पत्र में आसरा योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद 2 हजार से बढ़ाकर तीन हजार कर दी गई है। अगले पांच सालों में इस योजना के तहत हर साल पांच सौ रुपये बढ़ाकर इसे पांच हजार किया जाएगा।

**उम्मीदवारों को भड़कना नहीं चाहिए:** के चंद्रशेखर ने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसी घटनाएं हुई हैं, जहां हमने उम्मीदवार बदला है। वहीं अधिकतर सीटों पर सब कुछ आराम से बिना किसी लड़ाई के तय हुआ है। उम्मीदवारों को शांति बनाए रखनी चाहिए और किसी के बहकावे में आकर भड़कना नहीं चाहिए। उम्मीदवारों को लोगों के साथ बैठकर शांति से बात करने और उनकी समस्याओं को दूर करने की जरूरत है। बीते चुनाव में भी मैंने दो उम्मीदवारों को खुद में थोड़ा बदलाव लाने और लोगों से बात करने की सलाह दी थी लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी और दोनों चुनाव हार गए।

**सस्ती राजनीति के चक्कर में बड़े मौके ना गंवाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक लोकतंत्र में रहते हैं और हमें सभी लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए। मैंने देखा है कि कई लोगों ने सस्ती राजनीति के चक्कर में बड़े मौके गंवा दिए। इसलिए हम सभी को सही ढंग से व्यवहार करना चाहिए और आराम से बोलना चाहिए और अच्छी तरह से काम करना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और पार्टी उम्मीदवारों को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

विधानसभा चुनाव के दौरान केसीआर धुंआधार चुनाव प्रचार करेंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान सीएम केसीआर कुल 41 चुनावी रैलियां करेंगे। सीएम चंद्रशेखर गजवेल और कामारेड्डी सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों सीटों पर नौ नवंबर को नामांकन कर सकते हैं।

## पूर्व पार्षद के फ्लैट से मिले 42 करोड़ रुपये, 23 डिब्बों में किया गया था पैक; आईटी की रेड में खुलासा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आयकर विभाग यानी आईटी को 13 अक्टूबर को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। आईटी अधिकारियों ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक पूर्व पार्षद के आवास पर छापेमारी की और 42 करोड़ रुपये की राशि बरामद की। ये रुपये 23 डिब्बों में छिपाकर रखे गए थे।

आईटी अधिकारियों ने बताया कि 42 करोड़ रुपये की राशि को डिब्बों में पैक किया गया था। इसके बाद इसे पूर्व पार्षद के स्वामित्व वाले एक फ्लैट के बिस्तर के नीचे छुपाया गया था। बता दें, आयकर विभाग की टीम ने पूर्व पार्षद से जुड़े पांच स्थानों पर छापेमारी की। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जिस फ्लैट में नकदी छिपाई गई थी, वह पूर्व पार्षद के रिश्तेदार के पास है। बरामद राशि 500 रुपये मूल्यवर्ग की थी । संदेह जताया जा रहा है कि जब्त की नकदी का इस्तेमाल तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में किया जाना था।

जनता दल सेक्युलर के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को संदेह था कि नकदी से भरे कार्टन को तेलंगाना ले जाया जा रहा था। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि आईटी का छापा राजनीति से प्रेरित है। ऐसे छापे न केवल कर्नाटक, बल्कि अन्य राज्यों में भी मारे जा रहे हैं।

एएनआई ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि इससे पहले आईटी ने उपकरण उपलब्ध कराने के संबंध में तमिलनाडु बिजली बोर्ड के ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की थी। आईटी ने चेन्नई में लगभग 10 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड पर मारा गया छापा भी शामिल है।

## 'गाजा में 10 लाख लोग हुए बेघर', ओवैसी ने इस्राइल पर लगाया अत्याचार करने का आरोप

**हैदराबाद एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को अब हफ्तेभर से ज्यादा का समय हो चुका है। इस बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस्राइल पर गाजा के गरीब लोगों को बेघर करने का आरोप लगाया।

ओवैसी ने कहा कि 21 लाख आबादी वाले गाजा में 10 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। इस्राइल चाहता है कि बचे लोगों को भी बेघर कर दिया जाए। पूरी दुनिया खामोश है। दुनिया में सन्नाटा है। अरे जिसने मारा उन्हें देखो। गाजा के बेचारे लोगों ने क्या किया था। उन्हें क्यों मारा जा रहा है।

उन्होंने मीडिया पर एकतरफा रिपोर्टिंग करने का भी आरोप लगाया। कहा कि मीडिया एकतरफा दिखा रही है कि हमला किया है। ओवैसी ने कहा, '70 साल से इस्राइल कब्जाकर्ता रहा है। यह सब किसी को नहीं दिखता।' उन्होंने पूछा कि इस्राइल का अत्याचार आपको नहीं दिखता क्या? बता दें, हमास के आतंकी हमले में जहां अब तक इस्राइल के 1300 से ज्यादा की मौत हो चुकी है, वहीं इसके पलटवार में गाजा पट्टी पर 2000 के करीब लोग मारे गए हैं। इन हालात के बीच कई देशों ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए हैं। भारत के साथ-साथ ब्रिटेन और कुछ और पश्चिमी देशों ने विमानों के जरिए अपने लोगों को निकाला है।

## दिल्ली के रावण वाले बाबा, जिन्हें लोग मानते थे भगवान राम; तितारपुर के कलाकार की दिलचस्प कहानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में नवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं। नवरात्रि के शुरू होने में एक दिन बचा है। ऐसे में टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन और तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के बीच नजफगढ़ रोड का हिस्सा हाथ से बने रावण के पुतलों से अटा पड़ा है। रावण के पुतले बनाने की इस कला से तितारपुर के लोगों का परिचय प्रसिद्ध रावण वाले बाबा ने कराया था जिनकी 1998 में मृत्यु हो गई।

दिवंगत कलाकार को याद करते हुए उनके एक प्रशिक्षु पवन कुमार ने कहा, बाबा हमारे राम थे। उन्होंने हमें बांस की छड़ी से रावण बनाने की तकनीक सिखाई और हम उन्हें भगवान की तरह मानते थे। पवन ने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तितारपुर का छोटा सा इलाका बाबा के मार्गदर्शन में रावण बनाने वाले कलाकारों के एक संपन्न केंद्र में बदल गया है। बाबा के जमाने से पुतला कला बहुत आगे बढ़ चुकी है। अब

कलाकार पुतला बनाने में उपयोग के लिए उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से हरा बांस लाते हैं। साथ ही उस पर लपेटने के लिए जापानी पेपर बैग से वाटरप्रूफ कागज का उपयोग करते हैं। एक दूसरे पुतला निर्माता, शुभम सिंह ने बताया, लोग अलग-अलग मांगों के साथ आते हैं, कुछ घूमने वाला रावण चाहते हैं, कुछ सबसे ऊंचा चाहते हैं। अब तक हमने सबसे ऊंचा 70 फुट का रावण बनाया है। इसे पिछले साल बनाया था। रावण के निर्यातक के तौर पर पहचाने जाने वाले शुभम सिंह ने तीन महीने में नवरात्रि के लिये 50 रावण बनाए हैं। उन्होंने कहा, लोग पारंपरिक कला को सीखने के उद्देश्य से भी रावण बनाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। इसीलिए वे सामान्य से कम दरों पर पारिश्रमिक मिलने पर भी तैयार हो जाते हैं। पुतला बनाने वाले 15 साल के हुसैन ने कहा कि पुतला बनाना उसका अंशकालीन काम है, मुख्य रूप से वह अपने पिता की साइकिल रिपेयर की दुकान में काम करता है। हुसैन ने बताया, मैं अभी 20 फुट का रावण तैयार कर रहा हूं । मैंने अपने पिता की साइकिल मरम्मत की दुकान पर भी काम किया है। मैंने यह कला पिछले साल सीखी, जब मैंने अपने भाई बहनों के साथ मिल कर दस फुट के पुतले का निर्माण किया था। हालांकि, यह बिक्री के लिए नहीं, हमारे लिये था। भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रमिक रावण के पुतले बनाने की तीन महीने की अवधि के दौरान नजफगढ़ रोड क्षेत्र में डेरा डालते हैं। बाकी सभी चीजों की तरह, पुतले का कारोबार भी कोविड महामारी से प्रभावित हुआ और कई पुतले बिना बिके रह गए।

## गाजा शहर पर नए हमले की तैयारी, वॉर जोन में नेतन्याहू; सेना से बोले- अगले स्टेज के लिए तैयार रहें

**गाजा , एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी के बाहर इजरायली पैदल सैनिकों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पीएम नेतन्याहू ने सैनिको को आगे की कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिए कहा। नेतन्याहू के ऑफिस ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें नेतन्याहू सैनिकों को यह करते हुए नजर आ रहे हैं कि अगला चरण आ रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि पैदल सैनिक नेतन्याहू के जवाब में सिर हिलाते हुए दिखाई दे रही हैं।

वहीं इजरायली सेना बहुत जल्द गाजा शहर पर हमला करने जा रही है। इजरायल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। शनिवार रात राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एक संबोधन में रियर एडमिरल डैनियल हागारी ने निवासियों से दक्षिणी गाजा पट्टी

इलाके में जाने के लिए एक नई अपील जारी की।

इजरायल की सेना ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में हवाई, जमीनी और नौसैनिक बलों को शामिल करते हुए नए हमले की तैयारी कर ली है। सेना ने शनिवार रात अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि वह व्यापक स्तर पर हमला करने की तैयारी कर रही है। इजरायल ने सीमा पार से हुए हमास के हमले के जवाब में संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा की लगभग आधी आबादी को अपने घर खाली करने का आदेश दिया है। हालांकि, इजरायल ने यह नहीं बताया है कि हमला कब शुरू होगा। इजरायल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा, हम जल्द ही गाजा शहर पर व्यापक हमला करने जा रहे हैं। उन्होंने हमास पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। हमास आतंकवादी समूह द्वारा सात अक्टूबर को किए गए घातक सीमा पार हमले के बाद से इजरायल गाजा पर हमला कर रहा है। हमास के हमले में 1,300 से अधिक इजरायली मारे गए थे।

## हमास लीडर सिनवार का खात्मा इजरायल का मेन टारगेट, सीक्रेट मिशन में जुटे 10 हजार सैनिक

**तेहरान , एजेंसी।** हमास के साथ चल रही खूनी जंग में इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि वे जमीन, हवा और समुद्र के जरिए गाजा पर हमले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इजरायली सेना गाजा पट्टी पर जमकर कहर बरपा रही है। हमास का आरोप है कि इजरायली सेना आम लोगों पर भी जुल्म कर रही है। हालांकि इजरायल ने साफ कहा है कि उसका निशाना हमास आतंकी हैं न कि आम नागरिक। इजरायली सेना गाजा पट्टी पर कब्जा करने के लिए लगातार आगे बढ़ रही है। सेना ने गाजा सीमा पर बड़ी संख्या में अपने लोगों को इकट्ठा कर लिया है और अंतिम आदेश का इंतजार कर रही है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उनका मकसद इस्माइल हनियेह के बाद दूसरे टॉप लीडर हमास नेता याह्या सिनवार को खत्म करना होगा। इजरायल पर रॉकेट हमले के पीछे सिनवार का ही दिमाग था।आईडीएफ के शीर्ष अधिकारी, जोनाथन कॉनरिकस ने कहा है कि सैनिक हमारे युद्ध अभियानों को तेज करने के लिए तैयार हैं। एक सैन्य बयान में यह भी कहा गया है कि उसके बलों को देश भर में तैनात किया गया है, जिससे युद्ध के अगले चरणों के लिए परिचालन तैयारी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण जमीनी अभियानों पर जोर दिया जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि इजरायल के जमीनी हमले की योजना गाजा में हमास के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को खत्म करने के लिए बनाई गई। है, जिसने एक हफ्ते पहले इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया था, जिससे क्षेत्र पूरी तरह से युद्ध में तब्दील हो गया है। इज़राइल रक्षा बलों के मुख्य प्रवक्ता डैनियल हागारी ने एनवाईटी को बताया कि सेना का लक्ष्य हमास को परास्त करना और उनके द्वारा किए गए नरसंहार के बाद उसके नेताओं का सफाया करना होगा।

## इजरायल के खिलाफ सीरिया में हथियारों का जखीरा जमा कर रहा ईरान

**यरुशलेम, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच छिड़े युद्ध में कई देश अपना फायदा तलाशने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसी बीच, इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को ईरान पर आरोप लगाया कि वह सीरिया में या उसके माध्यम से हथियार तैनात करके दूसरा युद्ध मोर्चा खोलने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि इजरायल ने दक्षिण में गाजा में जवाबी हमला शुरू कर दिया है।

इजरायल के विदेश मंत्रालय के रणनीतिक मामलों के प्रमुख जोशुआ जर्का ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही, यह भी कहा, इजरायली ऐसे विकास को रोकने के लिए दृढ़ हैं। सीरिया ने पिछले हफ्ते इजरायल पर दमिश्क और अलेप्पो हवाई अड्डों पर हमले करने का आरोप लगाया था।

**इजरायल ने अलजजीरा पर लगाए गंभीर आरोप, संचार मंत्री ने की स्थानीय ब्यूरो को बंद करने की मांग: यरुशलेम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच, इजरायल के संचार मंत्री श्लोमो करही ने रविवार को अल जज़ीरा न्यूज चैनल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे बंद करने की मांग की है। संचार मंत्री ने कहा कि वह अल जज़ीरा के स्थानीय ब्यूरो को संभावित रूप से बंद करने की मांग की और कतरी समाचार स्टेशन पर हमास समर्थक को उकसाने और गाजा से संभावित हमले के लिए इजरायली सैनिकों के चाल को उजागर करने का आरोप लगाया।

श्लोमो करही ने कहा कि अल जज़ीरा को बंद करने के प्रस्ताव की इजरायली सुरक्षा अधिकारियों ने समीक्षा की थी। अब कानूनी विशेषज्ञों द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही थी। करही ने आगे कहा कि वह इसे बाद में कैबिनेट में लाएंगे। वहीं, अल जज़ीरा और दोहा सरकार ने तत्काल कोई

टिप्पणी नहीं की। करही ने इजरायल के आर्मी रेडियो को बताया, यह एक ऐसा स्टेशन है जो उकसाने का काम करता है, यह एक ऐसा स्टेशन है जो लोगों के एकत्रित क्षेत्रों (गाजा के बाहर) में सैनिकों की हरकतों को फिल्माता है ... जो गाजा के लोगों को इज़रायल के नागरिकों के खिलाफ उकसाता है।

**युद्ध के बीच जर्मनी ने इजरायल और लेबनान के लिए जारी की यात्रा चेतावनी:** इजरायल-हमास के बीच चल रहे खूनी संघर्ष का आज 9वां दिन है। दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में अब तक करीब 3500 लोगों की मौत हो गई है। जंग के बीच कई देश अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ट्रेवल गाइडलाइंस जारी कर रहे है। इजरायल पर हमास के हमलों के बाद बढ़ते हिंसा में वृद्धि के बीच जर्मन सरकार ने रविवार (15 अक्टूबर) को अपने नागरिकों से इजरायल, फलिस्तीनी क्षेत्रों या लेबनान की यात्रा नहीं करने का आग्रह किया है। जर्मन विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 7 अक्टूबर को हमास द्वारा बड़े पैमाने पर हुए आतंकवादी हमलों से क्षेत्र में हिंसा बढ़ गई है, जिसको देखते हुए हम इन देशों और क्षेत्रों की यात्रा के खिलाफ चेतावनी देते हैं। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, आम तौर पर यात्रा चेतावनी केवल तभी जारी की जाती है जब जीवन और अंग को खतरा हो। जर्मनी ने पहले ही गाजा पट्टी और लेबनान के कुछ क्षेत्रों के लिए यात्रा चेतावनी जारी कर दी थी। क्षेत्रों को छोड़ने के इच्छुक नागरिकों के लिए पूरी कोशिश कर रहे है। रविवार को इजरायल से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए जर्मन सरकार ने वाणिज्यिक उड़ान, दो जर्मन वायु सेना के विमानों और सेना तैयार कर लिए है। बयान में कहा गया है कि लेबनान से वाणिज्यिक यात्रा अभी भी संभव है। मंत्रालय ने प्रभावित क्षेत्रों में जर्मन नागरिकों को तत्काल इलेक्ट्रॉनिक संकट सूची श्रस्थ्रस्न्नह्ष्ठ के साथ पंजीकरण कराने की सलाह दी है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129